राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

RNI.No. UPHIN/2019/79073

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करे

9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | 9511151254 | epaper.swatantraprabhat.com | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव सीतापुर, हरदोई, शाहजहाँपुर, उन्नाव, हमीरपुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, अम्बेडकरनगर,

लखनऊ, मंगलवार, 30 अप्रैल 2024

वर्ष 05, अंक 210, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

प्रयागराज, बांदा, महोबा, मिर्जापुर, भदोही, ललितपुर, झारखण्ड, दिल्ली, बिहार, उत्तराखंड आदि जनपदों में प्रसारित

सीएचसी में असुविधाओं का बोलबाला, बाहर से दवाएं लेने को मजबूर मरीज...05

इजराइल-हमास में जल्द हो सकता है सीजफायर- हमास बोला...12

# नये आपराधिक न्याय कानून पीड़ितों के हितों की रक्षा करने वाले हैं या जनविरोधी और क्रूरतम । मी लार्ड

स्वतंत्र प्रभात

**जे. पी. सिंह।**

एक और देश के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ नये आपराधिक न्याय कानून पर कहा है कि भारत के आपराधिक न्याय संबंधी कानूनी ढांचे ने नए युग में प्रवेश किया है और नए आपराधिक कानून ऐसे प्रावधान बनाते हैं जो हमारे समय के अनुरूप हैं वहीं उच्चतम न्यायालय में वरिष्ठ वकील और मानवाधिकार कानून नेटवर्क के संस्थापक डॉ. कॉलिन गोंजाल्विस के अनुसार नया आपराधिक न्याय कानून जनविरोधी ही नहीं, क्रूरतम भी है। वरिष्ठ अधिवक्ता और दिल्ली और उड़ीसा उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति डॉ. एस मुरलीधर ने कहा है कि हाल ही में लागू किए गए तीन नए आपराधिक कानूनों ने कोई नाटकीय बदलाव नहीं किया है या कानून को उपनिवेश से मुक्त नहीं किया है।

इसके अलावा मानवाधिकार कार्यकर्ताओं को आशंका है कि नए आपराधिक कानून भारत को एक पुलिस राज्य बना देंगे।देश की आपराधिक न्याय प्रणाली को पूरी तरह से बदलने के लिए नव अधिनियमित कानून - भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम - 1 जुलाई से लागू होंगे ।

भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) चंद्रचूड़ ने कहा कि नए अधिनियमित कानूनों ने आपराधिक न्याय पर भारत के कानूनी ढांचे को एक नए युग में बदल दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि पीड़ितों के हितों की रक्षा करने और अपराधों की जांच और अभियोजन को कुशलतापूर्वक चलाने के लिए बहुत जरूरी सुधार पेश किए गए हैं। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता डिजिटल युग में अपराधों से निपटने के लिए एक समग्र दृष्टिकोण शामिल करती है।

कॉलिन गोंजाल्विस के अनुसार नया आपराधिक न्याय कानून जनविरोधी ही नहीं, क्रूरतम भी है। कानून में आकस्मिक बदलावों का यह अध्याय कुछ ज्यादा ही खतरनाक है। जो बात बहुत साफ है, वह यह कि यह सब करने के पीछे सरकार की मंशा मानवाधिकार संरक्षण का ताना-बाना नष्ट करने, नागरिकों पर दमन के लिए अपनी शक्तियां अपरिमित करने की है।

केंद्र सरकार ने कुछ नया करने के नाम पर कुटिलता से तीन नए आपराधिक न्याय विधेयकों (जो अब कानून बन चुके हैं) को इस आधार पर उचित ठहराने की कोशिश की है कि मौजूदा कानून 'औपनिवेशिक' तो था ही, बदला गया कानून भारत विरोधी भी था। लेकिन पुराने कानून से तुलना करने पर पता चलता है कि नए कानून स्वतंत्रता-पूर्व ब्रिटिश कानून की तुलना में कहीं ज्यादा प्रतिगामी और कठोर हैं। भारतीय दंड संहिता, आपराधिक प्रक्रिया संहिता और 1872 के भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह ले चुके नए कानून विपक्ष के निलंबित 146 सांसदों की अनुपस्थिति में संसद द्वारा पारित करा लिए गए।

यह मान लेना कि अंग्रेजों द्वारा बनाए गए सभी कानून, खासकर आपराधिक न्यायशास्त्र के क्षेत्र में जनविरोधी और मानवाधिकार विरोधी थे, एक गलती होगी। अंग्रेजों ने आपराधिक कानून के कुछ सिद्धांत विकसित किए थे जो समय की कसौटी पर खरे उतरे और यही कारण है कि आजादी के बाद कई मौजूदा आपराधिक कानून भारतीय संसद ने भी अपनाए। वास्तव में, ब्रिटिश काल से लेकर आधुनिक भारत तक वक्त के साथ आपराधिक कानून संरक्षण में कैसी गिरावट आई है, इसका अध्ययन करने से पता चलता है कि भारत में कानून निर्माण पहले से ही बाधित आजादी को कुचलने के लिए एक ऐसे डिजाइन की ओर तेजी से उन्मुख हुआ है जो अत्यंत दमनकारी है। तीनों नए कानून इसका उदाहरण हैं।

आपराधिक कानून महज कानून के कुछ शब्द नहीं, ये इससे कहीं ज्यादा न्यायिक व्याख्या द्वारा बहुत सोच-समझ कर अपनाए गए शब्द हैं। जब कानूनों को यंत्रवत और जैसे-तैसे बदल दिया जाता है, तो न्यायशास्त्र का व्यापक सोच भी कानून के साथ लोप हो जाता है। कानून निर्माताओं द्वारा कानून बदलने का एक अनियमित निर्णय कानूनी लड़ाइयों का इतिहास ही खत्म कर देता है। आखिरकार, जैसा कि मौजूदा मामले में हुआ, कानून में आकस्मिक बदलावों का यह अध्याय कुछ ज्यादा ही खतरनाक है। यह अतीत की अच्छाइयों को नष्ट और वर्तमान को दिग्भ्रमित करता है। इस मामले में जो बात बहुत साफ है, वह यह कि यह सब करने के पीछे सरकार की मंशा देश में मानवाधिकार संरक्षण का ताना-बाना नष्ट करने, नागरिकों को नियंत्रित करने, उन पर दमन करने के लिए अपनी शक्तियां अपरिमित करने की है।

आईपीसी की धारा 124ए में उत्कीर्ण राजद्रोह कानून को ही लें जिसकी शुरुआत ही होती है 'जो कोई भी शब्दों सेज'। राजद्रोह कानून बोलने की आजादी पर कुठाराघात (दंडित) करता है। इसे असहमति, विशेषकर अहिंसक असहमति को अपराध घोषित करने के लिए बनाया गया था। ब्रिटिश शासन के तहत, राजा के खिलाफ इस्तेमाल किए गए



कड़े शब्द अपने आप में, राजद्रोह के आरोप और जेल में लंबे समय तक कैद की सजा का पात्र बनने के लिए पर्याप्त थे।नये कानून में 'राजद्रोह' शब्द के प्रयोग को हटा दिया है। इसके बाद पुरानी धारा (राज्य के खिलाफ अपराध, धारा 152) को नए आवरण में दोबारा सामने लाती है और उसकी शुरुआत को बरकरार रखती है, यानी यहां भी बात शब्दों से शुरू होती है, 'जो कोई...शब्दों सेज', यानी भले ही हिंसक कृत्य नहीं हुए हों, अकेले शब्द ही अपराध का गठन करने के लिए पर्याप्त होंगे।

अभिव्यक्ति और बोलने की आजादी संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) में दी गई एक अत्यंत शक्तिशाली सुरक्षा है। जाति-आधारित आरक्षण की आलोचना के आरोप में प्रतिबंधित फिल्म 'ओरे ओरु ग्रामाथिले' के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने 1989 में अपने फैसले (एस. रंगराजन बनाम जगजीवन राम) में कहा था कि 'प्रदर्शन और जुलूस की धमकी या हिंसा की धमकियों के कारण अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कुचला नहीं जा सकता।'यही कारण है कि नए कानूनों का सबसे कठोर हिस्सा भाषण और असहमति को दबाना है। ब्रिटिश कानून के तहत किसी आरोपी को गिरफ्तारी के बाद अधिकतम 15 दिनों तक पुलिस हिरासत में रखा जा सकता था। अब सरकार ने पुलिस हिरासत को 90 दिनों तक बढ़ाने वाला एक स्वदेशी कानून लाने का प्रस्ताव रखा है। दुनिया के किसी भी देश में इतना भयावह कानूनी प्रावधान नहीं है। यह समझते हुए कि गिरफ्तारी के तुरंत बाद की अवधि का उपयोग पुलिस द्वारा यातना देने के लिए किया गया था, सुप्रीम कोर्ट ने डीके बसु मामले (डी.के. बसु बनाम पश्चिम बंगाल राज्य, 1996) में गिरफ्तारी या हिरासत की स्थिति में पालन किए जाने वाले बुनियादी दिशा-निर्देश तय कर दिए थे। इनके अनुसार, गिरफ्तारी की स्थिति में पुलिस को गिरफ्तारी का एक ज्ञापन तैयार करना होगा जिसमें गिरफ्तारी का स्थान, तारीख और समय बताना होगा

दूसरे, गिरफ्तार व्यक्ति की हर 48 घंटे में एक सार्वजनिक अस्पताल में जांच होनी जरूरी थी और इसका एक मेडिकल रिकॉर्ड तैयार करना था। गिरफ्तारी के 24 घंटे के भीतर गिरफ्तारी का मेमो और मेडिकल रिकॉर्ड भी एफआईआर के साथ मजिस्ट्रेट को भेजने थे। कोर्ट के दिशा-निर्देशों को हर थाने के नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित किया जाना था। ये सारे दिशानिर्देश नए कानूनों में अब ढूंढे नहीं मिलेंगे। इसीलिए नए कानून यातना को बढ़ावा देने वाले कानून हैं।

जनता की शिकायतें न लेने और गंभीर अपराधों, विशेषकर ताकतवर लोगों के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज करने से इनकार करने की पुलिस की आम प्रवृत्ति को नियंत्रित करने के लिए ही, सुप्रीम कोर्ट के पांच-न्यायाधीशों की पीठ ने ललिता कुमारी मामले (ललिता कुमारी बनाम यूपी सरकार 2013) में फैसला देते हुए एफआईआर दर्ज करना अनिवार्य कर दिया।

अदालत ने एफआईआर तुरंत दर्ज करने का आदेश देते हुए पुलिस का वह बहाना खारिज कर दिया कि एफआईआर इसलिए दर्ज नहीं की गई क्योंकि वह प्रारंभिक जांच कर रही थी। नए कानून में सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले के विपरीत प्रारंभिक जांच कराने को सामान्य नियम बना दिया है।

अंततः, आतंकवाद के संबंध में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के प्रावधान को सामान्य आपराधिक कानून में बदल दिया गया है। नकल का कारण ढूंढ़ना मुश्किल नहीं है। हर तरफ से अत्यंत खतरनाक बताए जाने वाले यूएपीए में भी दो सुरक्षा उपाय थे जो जांच अधिकारी (आईओ) की शक्तियों को सीमित करते थे।

सबसे पहले, आईओ को सबूत इकट्ठा करने के बाद सरकार से मंजूरी लेनी होती थी और उसके अभाव में अभियोजन आगे नहीं बढ़ सकता था। दूसरा, एकत्र किए गए सबूतों का आकलन करने और एक रिपोर्ट बनाने के लिए अधिनियम के तहत एक स्वतंत्र विशेषज्ञ को 'सक्षम अधिकारी' के तौर पर नियुक्त किया गया था जिसे तय करना था कि क्या यह अभियोजन 'आतंकवाद' के आरोप के साथ आगे बढ़ना चाहिए या नहीं। इन दोनों सुरक्षा उपायों को पूरी तरह से लागू हुए बिना मुकदमा आगे नहीं बढ़ सकता था। ये दोनों सुरक्षा उपाय भी नए कानून में मौजूद नहीं हैं। यानी एक अत्यंत गंभीर कानून दो जरूरी सुरक्षा उपायों के बिना लागू कर दिया गया है, जो नए कानून को दोगुना सख्त बना देता है।

दूसरी और सीजेआई ने कहा, 'संसद द्वारा इन कानूनों का अधिनियमित होना एक स्पष्ट संकेत है कि भारत बदल रहा है और आगे बढ़ रहा है।मौजूदा चुनौतियों से निपटने के लिए नए कानूनी उपकरणों की जरूरत है।हमारे कानूनों का लक्ष्य पीड़ितों को आपराधिक प्रक्रिया में एजेंसी और नियंत्रण की भावना के साथ-साथ न्याय की भावना देना होना चाहिए। मुझे उम्मीद है कि नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन के साथ, हम उन खामियों और क्षेत्रों की खोज करेंगे जिन पर ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हमारे कानूनों को गवाहों की जांच में देरी, मुकदमे के समापन, जेलों में भीड़भाड़ और विचाराधीन कैदियों के मुद्दे जैसे सदियों पुराने मुद्दों को संबोधित करने की जरूरत है।सीजेआई ने राजधानी में 'प्रशासन में भारत के प्रगतिशील पथ' विषय पर एक सम्मेलन में बोलते हुए कहा, 'बीएनएसएस डिजिटल युग में अपराधों से निपटने के लिए एक समग्र दृष्टिकोण अपनाता है।यह सात साल से अधिक कारावास की सजा वाले अपराधों के लिए तलाशी और जब्ती की ऑडियो विजुअल रिकॉर्डिंग और अपराध स्थल पर एक फोरेंसिक विशेषज्ञ की उपस्थिति को निर्धारित करता है%।

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि तलाशी और जब्ती की ऑडियो-विजुअल रिकॉर्डिंग अभियोजन के साथ-साथ नागरिकों की नागरिक स्वतंत्रता की रक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण है।न्यायिक जांच तलाशी और जब्ती के दौरान प्रक्रियात्मक अनौचित्य के खिलाफ नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करेगीयह जानकर बहुत खुशी हुई कि बीएनएसएस की धारा 532 कोड के तहत सभी परीक्षणों, पूछताछ और कार्यवाही को इलेक्ट्रॉनिक रूप से संचालित करने की अनुमति देती है. यह जोड़ जितना प्रशंसनीय है। हमें कार्यवाही के डिजिटलीकरण और डिजिटल साक्ष्य बनाते समय लगातार आत्मनिरीक्षण करना चाहिए और आरोपी के साथ-साथ पीड़ित की गोपनीयता की रक्षा करनी चाहिए । डिजिटल युग में, व्यक्ति के डेटा और संवेदनशील जानकारी को अत्यधिक महत्व मिल गया है ।

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ जोर देकर कहा कि नए आपराधिक कानून ऐसे प्रावधान बनाते हैं जो हमारे समय के अनुरूप हैं ।सीजेआई ने कहा कि छोटे और कम गंभीर अपराधों के लिए सारांश सुनवाई अनिवार्य कर दी गई है. । मजिस्ट्रेट प्रणाली को भी सुव्यवस्थित किया गया है । उन्होंने आगे जोर दिया कि हमारे पुलिस बलों के बुनियादी ढांचे और क्षमता को बढ़ावा देना जरूरी है ।

आलोचकों का कहना है कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के सबसे बड़े बदलावों में से एक पुलिस हिरासत से संबंधित है जिसमें धारा 187(2) और 187(3) से यह समझ आता है कि पुलिस हिरासत 60 या 90 दिन तक बढ़ाई जा सकती है जो पहले शुरुआत के 15 दिन थी. इसके अलावा न्यायिक हिरासत के बाद पुनः पुलिस हिरासत का भी प्रावधान है जो पुलिस जांच के लिए गिरफ्तारी के 40 या 60 दिन बाद तक ली जा सकती ।.इसका जमानत पर भी प्रभाव पढ़ सकता क्योंकि पुलिस जांच के नाम पर पुनः हिरासत की मांग कर सकती है । इस संहिता में ट्रायल के वक़्त आगे की जांच का भी प्रावधान है और उस वक़्त गिरफ्तारी या हिरासत से सबंधित क्या नियम होंगे, इस बारे में कोई स्पष्टता नहीं है ।

जमानत सबंधित प्रावधानों में एक बदलाव विचारधीन कैदियों से सबंधित है, जिसमें मौजूदा नियमों के अनुसार केस के विचाराधीन रहते हुए अधिकतम सजा की आधी अवधि कैदी द्वारा जेल में रहने पर उसको जमानत दी जा सकती है; परंतु नई संहिता के लागू होने पर जिन विचारधीन कैदियों पर एक से ज्यादा केस चल रहे या एक केस में एक से ज्यादा धारा लगाई हो वो जमानत के इस प्रावधान का लाभ नहीं ले पाएंगे। गौरतलब है कि विचारधीन कैदियों में सबसे ज्यादा संख्या पिछड़े वर्गों और धार्मिक अल्पसंख्यकों की है । यह नए बदलाव साफ तौर पर हमारी न्याय व्यवस्था को पुलिस की जवाबदेही के सिद्धांत से दूर और पुलिस को ज्यादा शक्तियां देने की दिशा में है । और इन शक्तियों के गलत इस्तेमाल का इतिहास देखते हुए ये कहना गलत नहीं होगा कि अगर ये नया कानून इसी प्रकार लागू होता है तो पिछड़े वर्गों, जनजातीय समूहों और धार्मिक अल्पसंख्यक वर्गों के लोगों के खिलाफ पुलिस द्वारा इन क़ानूनों का दुरुपयोग बढ़ सकता है।

जस्टिस एस मुरलीधर ने कहा

वरिष्ठ अधिवक्ता और दिल्ली और उड़ीसा उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति डॉ. एस मुरलीधर ने रविवार को कहा कि हाल ही में लागू किए गए तीन नए आपराधिक कानूनों ने कोई नाटकीय बदलाव नहीं किया है या कानून को उपनिवेश से मुक्त नहीं किया है।

डॉ. मुरलीधर ने आपराधिक कानून संशोधन अधिनियम 1908 का हवाला देते हुए इस बात पर प्रकाश डाला कि आजादी के 76 साल बाद भी आपराधिक कानून के कुछ पहलू अपरिवर्तित हैं, जिसका उपयोग अभी भी संगठनों पर प्रतिबंध लगाने के लिए किया जाता है।

न्यायमूर्ति मुरलीधर ने कहा कि 1915 का भारत रक्षा अधिनियम स्वतंत्रता के बाद के निवारक निरोध कानूनों का आधार है। उन्होंने बताया कि कानून के भीतर जमानत प्रावधान गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए), धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) और कंपनी अधिनियम जैसे कानूनों की एक श्रृंखला में समान प्रावधानों में देखे गए दोहरे परीक्षण के अग्रदूत के रूप में कार्य करते हैं। इसके अलावा, भारत के संविधान के अनुच्छेद 22 पर, जो निवारक हिरासत की अनुमति देता है, डॉ. मुरलीधर ने कहा कि निवारक हिरासत क़ानून को आपातकालीन स्थितियों में अस्थायी उपाय माना जाता है।हालाँकि, प्रोफ़ेसर उपेन्द्र बक्सी के हवाले से उन्होंने कहा, निवारक हिरासत के माध्यम से शासन करना एक विधायी आदत बन गई है और ऐसी निवारक हिरासत में हस्तक्षेप न करना एक न्यायिक आदत बन गई है।

हालाँकि, लड़ाई जारी रहनी चाहिए, डॉ. मुरलीधर ने कहा, नए आपराधिक कानून दुर्भावनापूर्ण रूप से मुकदमा चलाने वालों के मुआवजे पर विधि आयोग की 277वीं रिपोर्ट में उल्लिखित किसी भी मुद्दे का समाधान नहीं करते हैं।उन्होंने बताया कि भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 358, जो गलत गिरफ्तारी के लिए मुआवजे के रूप में मात्र ?1,000 देती है, को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) में बरकरार रखा गया है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि धारा 211, जो झूठे मामले को फंसाने से संबंधित है, में भी बहुत कम या कोई मुआवजा नहीं दिया गया है और नए कानून में भी इसे बरकरार रखा गया है।

डॉ. मुरलीधर ने कहा,"यह मुठभेड़ों, गायब होने की बात नहीं करता, यह सामूहिक अपराधों की बात नहीं करता। यह मानवता के ख़िलाफ़ अपराध की बात नहीं करता. नए कानून उन वास्तविक मुद्दों को संबोधित नहीं करते हैं जहां हमारे देश में मानवाधिकारों का उल्लंघन खुलेआम हो रहा है। यह सिर्फ आईपीसी के बारे में नहीं है बल्कि विशेष और स्थानीय कानूनों की एक श्रृंखला के बारे में है।"

## संक्षिप्त ख़बरें

### बालू मिट्टी डालने पर भिड़े दो पक्ष, महिला समेत पांच घायल

**अलीगढ़,।** थाना अकराबाद क्षेत्र के गांव नानऊ में रविवार की शाम गली में बालू व मिट्टी डालने का विरोध करने पर दो पक्ष के लोग आमने-सामने आ गए। जिसको लेकर दोनों पक्ष के बीच गाली गलौज के साथ जमकर लाठी डंडा व ईट-पत्थरो से मारपीट हो गई। जिसमें एक महिला समेत पांच लोग घायल हो गए। मारपीट की सूचना पर पुलिस ने दोनों पक्ष के लोगों से मामले की जानकारी कर घायलों को चिकित्सीय परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा है। गांव नानऊ निवासी हरवेंद्र सिंह पुत्र रामवीर सिंह ने पुलिस को बताया है कि उनके घर के सामने बालू पडा हुआ था आरोप है कि मेरी उस बालू में पडोस की एक महिला ने गोबर डाल दिया था। जिसकी शिकायत करने पर उक्त आरोपियों ने मुझे व मेरी पत्नी ममता एवं पिता के साथ लाठी डंडों से मारपीट की है। जिससे हमारे शरीर पर काफी चोटें आई हैं। वहीं दूसरे पक्ष से रवेंद्र पाल सिंह का आरोप है कि बालू में गोबर मोहल्ले की एक अन्य महिला ने डाला था। इसी को लेकर रविवार की शाम समय करीब साढ़े चार बजे पहले पक्ष और महिला के बीच विवाद हो रहा था। जिससे हमारा कोई लेना-देना नहीं था। दूसरे पक्ष का आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर पहले पक्ष के लोगों ने हमारे साथ ईट पत्थरों से मारपीट की है। जिससे मुझे व मेरे भाई वीरेश पाल सिंह चोटें लगने से घायल हो गए हैं। घटना के बाद दोनों पक्ष के लोगों ने अपनी अपनी तहरीर थाने में दी है। जिसपर पुलिस ने सभी घायलों को उपचार व चिकित्सीय परीक्षण के लिए सीएचसी भेज दिया है।

## परिषदीय स्कूल की शिक्षिका द्वारा शिक्षण कार्य में रुचि न लेने के कारण छात्रों की संख्या में कमी




स्वतंत्र प्रभात

**कछौना, हरदोई।** सरकार के लाख प्रयास से परिषदीय स्कूलों में बुनियादी सुविधाएं होने के बावजूद शिक्षण व्यवस्था में सुधार नहीं हो रहा है। शिक्षकों का विद्यालय में नियमित रूप से उपस्थित न होना, शिक्षण कार्य में रुचि न लेना, अभिभावकों में शिक्षा के प्रति जागरूकता की कमी के चलते परिषदीय स्कूलों में आम जनमानस में विश्वास की कमी है। विकासखंड कछौना के अंतर्गत जूनियर हाई स्कूल कटियामऊ में कोई अध्यापक की तैनाती न होने के कारण बंद चल रहा है। शिक्षण व्यवस्था सुचारू रूप से चालू रखने के लिए प्राथमिक विद्यालय कुशहा की शिक्षिका को अटैचमेंट किया गया है। ग्राम प्रधान सुशीला देवी ने बताया उनके द्वारा शिक्षण कार्य में रुचि नहीं ली जाती है। वह नियमित रूप से समय से विद्यालय नहीं आती हैं, समय से विद्यालय न आना उनकी कार्यशैली में है। जिससे छात्रों की संख्या काफी कम रह गई है। एक दर्जन ही छात्र-छात्रा विद्यालय में पहुंचते हैं, कुछ देर इंतजार के बाद बच्चे वापस घर चले जाते हैं। यही स्थिति कमीवेश प्रतिदिन रहती है। ग्राम प्रधान सुशीला देवी ने सोमवार को पूरे मामले की शिकायत उच्च अधिकारियों से की, जिस पर खंड शिक्षा अधिकारी के0के0 त्रिपाठी ने विद्यालय का निरीक्षण किया। शिक्षिका नदारद थी। उन्होंने पूरे मामले की रिपोर्ट बनाकर जिला बेसिक अधिकारी को प्रेषित की, विभागीय अधिकारियों की खाऊ कमाऊ नीति के चलते शिक्षण व्यवस्था राम भरोसे से चल रही है।

## अवैध रूप से संचालित वी के एम ईंट भट्टे की बंदी का टालमटोल एक माह बाद भी जारी

स्वतंत्र प्रभात

**देवरिया।** प्रशासन के आगे उच्च न्यायालय का आदेश बेअसर हो चुका है और अवैध रूप से संचालित नगर पंचायत सीमा अंतर्गत वी के एम ईट भट्टे की बंदी का टालमटोल प्रदूषण नियंत्रण कार्यालय के आदेश के वावजूद जारी है जिससे यह लगता है कि मुख्यमंत्री की जीरो टॉलरेंस केवल कागजों में सिमट कर रह गया है। मामला है एन जी टी और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मानकों की अनदेखी करते हुए देवरिया में अवैध रूप से संचालित वी के एम ईट भट्टा उद्योग का।

क्षेत्रीय प्रदूषण कार्यालय गोरखपुर के आकड़ों की मानें तो देवरिया जनपद में स्थापित करीब 353 ईट भट्ठों की सूची में 226 ईट भट्ठा मानकों की अनदेखी कर जिला प्रशासन के सहयोग से अवैध रूप से संचालित हो रहे हैं, जबकि प्रदूषण कार्यालय ने महज 127 ईट भट्ठा उद्योग को पर्यावरण /प्रदूषण की सहमति प्रदान की है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा ईट भट्ठा संचालन हेतु जारी 2012 मापदंडों के साथ अन्य मानकों का खुला उल्लंघन किया जा रहा है।

ऐसे ही प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा ज़ारी मापदंडों को तार तार करते हुए नगर पंचायत बरियारपुर सीमा अंतर्गत वी के एम ईट उद्योग एन जी टी को खुली चुनौती देते हुए जिला प्रशासन के संरक्षण में संचालित है। अवैध रूप से संचालित इस ईट भट्ठा को बंद करने के लिए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड लखनऊ ने गत 2021 में जिला प्रशासन को बन्दी का आदेश यह कहकर जारी किया था कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा इस ईट भट्ठे को संचालित करने हेतु सहमति प्राप्त नहीं है। कुंभकर्णी निद्रा में सोए प्रदूषण




नियंत्रण कार्यालय ने मामले का पुनः संज्ञान लिया व गत तीन वर्षो से अवैध रूप से संचालित ईट भट्टे को बंद करने का निर्देश क्षेत्रिय अधिकारी प्रदूषण गोरखपुर अनिल शर्मा ने उप जिलाधिकारी सदर व थानाध्यक्ष बरियारपुर को गत 2 अप्रैल को पत्र भेजकर दिया है। जबकि एक माह बीतने के बावजूद जिला प्रशासन ने प्रदूषण कार्यालय के पत्र को दर किनार कर दिया है। पर्यावरण में जहर घोल रहे अवैध रूप से संचालित वी के एम ईट उद्योग आज भी संचालित है और जहरीला धुआं उगल रहा है। देखना है कि जिला प्रशासन के संरक्षण में संचालित वी के एम ईट उद्योग पर बन्दी का ताला लटकता है या पूर्व की तरह ही निर्बाध रूप से संचालित होता है।

## जेब कतरे और नशेड़ियों का अड्डा बना जिला अस्पताल

**अलीगढ़,।** थाना बन्ना देवी क्षेत्र में जिला मलखान सिंह अस्पताल जेब कतरे और नशेड़ियों का अड्डा बन गया है। आए दिन मरीजें और तीमारदारों के साथ आए दिन घटनाएं घटित हो रही हैं, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। जिला अस्पताल मलखान सिंह परिसर के अंदर प्रतिदिन चोरी की घटनाएं हो रही है । इस पर अभी तक कोई अंकुश नहीं लगाया गया है, जिसके चलते सोमवार की सुबह कुमारी डॉली इंटर्नशिप करती है। सोमवार की सुबह अपने पिता को लेकर जिला अस्पताल मलखान सिंह आई थी । तभी एक्सरा करने के लिए वह लाइन में लगी थी तभी एक जेब कतरे ने उसकी जेब में रखा मोबाइल पार कर दिया। वार्ड नंबर 4 बेड पर पडी महिला ने उसे देख लिया और उसे बाहर जाकर मौके पर दबोच लिया और उसके साथ जमकर मारपीट की, जहां काफी भीड़ इकट्ठी हो गई । जानकारी मिलते ही कुमारी डॉली मौके पर पहुंची महिला ने जेब कतरे से छीन मोबाइल कुमारी डॉली को दे दिया । तभी मौका पाकर जब कतरा मौके से भाग गया। जिला अस्पताल में यह घटना पहली नहीं है कहीं ना कहीं घटनाएं होती रहती हैं।

# संक्षिप्त ख़बरें

## उड़नदस्ता द्वारा जब्ती से बचने के लिए रखे समुचित दस्तावेज - डीएम

**बस्ती** ।बस्ती जिले मेंमतदाता की संतुष्टि के लिए नकदी, शराब या अन्य किसी वस्तु का वितरण रिश्वत है और यह एक दंडनीय अपराध है। निर्वाचन के दौरान नकदी, शराब या अन्य वस्तु के वितरण पर नजर रखने के लिए प्रत्येक पुलिस स्टेशन के अधीन उड़नदस्ता एवं स्थैतिक निगरानी टीम गठित की गई है। यह जानकारी जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अन्द्रा वामसी ने दी है। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपील किया है कि उड़नदस्ता द्वारा जब्ती से बचने के लिए कोई भी व्यक्ति निर्वाचन के दौरान रुपया 50000 से अधिक की नकदी ले जाने पर उस धन का स्रोत और उसके अंतिम प्रयोग को दर्शाने वाला समुचित दस्तावेज साथ रखें।

## कांग्रेस की न्याय योजना देश में आमूलचूल परिवर्तन लायेगी - कांग्रेस

### युवा व्यवसायी राजीव कसौधन सहयोगियों संग कांग्रेस के हमराह हुए

**अम्बेडकरनगर।**कांग्रेस पार्टी की न्याय योजना में युवाओं, महिलाओं, श्रमिकों और किसानों के हित की बातें निहित है उक्त बातें जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष गुलाम रसूल छोटू ने युवाओं को कांग्रेस पार्टी की सदस्यता दिलाने के दौरान कही।

उन्होंने कहा कांग्रेस की न्याय योजना देश में आमूलचूल परिवर्तन लायेगी।

युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव विशाल वर्मा, सुखीलाल वर्मा, नगर अध्यक्ष अकबरपुर राजेश प्रजापति ने कहा कांग्रेस पार्टी में सभी का हित निहित है। जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अवधेश कुमार मिश्र बब्लू ने बताया अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की न्याय यात्रा और न्याय योजना से प्रभावित होकर व्यवसायी राजीव कसौधन अपने सहयोगियों वीरेंद्र कुमार राजभर, पंकज राजभर क्षेत्र पंचायत सदस्य, संजय राजभर, संतोष राजभर प्रेम राजभर रवि राजभर के संग आज जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर कांग्रेस के हमराह हो गये।

## विसुही नदी के अस्तिव पर मंडराया खतरा

**अंबेडकरनगर।** विसुही नदी के अस्तित्व पर एक बार फिर खतरा क्षेत्रीय लेखपाल की मिली भगत से मडरा रहा है। शिकायत पर उच्च अधिकारियों को गुमराह कर गोलमोल तरीके से स्पॉट मेमो तैयार कर किया जा रहा है। संबंधित मामला भीटी तहसील क्षेत्र के नारायणपुर घाट का है जहां इसके पूर्व में भी नदी के अस्तित्व को खत्म करने के प्रयास करते हुए निर्माण कार्य किया जा रहा था पूर्व में तत्कालीन उपजिलाधिकारी के द्वारा कार्य को रुकवाया गया था लेकिन लेखपाल की मिली भगत से दोबारा काम को शुरू कर नदी के अस्तित्व को खतरे में डाला जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ नदी के अस्तित्व को बरकरार रखने के लिए हरित प्राधिकरण बोर्ड के द्वारा आदेश जारी किया गया है कि नदी के बीच से करीब डेढ़ सौ मीटर दूरी तक कोई निर्माण कार्य नहीं कर सकता भले ही उस भूमि का मालिक कोई और हो लेकिन यहां तो लेखपाल की मिली भगत के चलते नियम को ताक पर रखकर निर्माण कार्य कराया जा रहा है।

## एआरटीओ को चकमा देकर डबल डेकर बसे भर रही फर्राटे

**अबेडकरनगर।** डबल डेकर बस खुले आम जनपद अम्बेडकरनगर से होकर जाने बसें बिना रोक-टोक के फर्राटे भर रही हैं । ARTO अम्बेडकर नगर को डबल डेकर बस चकमा देकर फर्राटे भर रही। आखिर संदेह बना हुआ है कि ARTO को भला कैसे बस संचालन, मालिक चकमा देकर भाग सकते हैं ऐसा लगता है कि बस संचालन, मालिक मोटी रकम पहुंचाते हैं भला कैसे मुख्यालय से होकर जाने वाली दिल्ली तक बस को पकड़ पाने में फिसड्डे साबित हो ARTO अंबेडकर नगर इनके पास आज तक पकड़े गए वाहनों में न तो परमिट है न तो इनके पास कोई कागजात फिर भी ऋञ्जह्र साहब का संरक्षण प्राप्त है और इन वाहन मालिकों पर कोई ठोस कार्रवाई भी नहीं कर रहे। इससे यह स्पष्ट हो रहा कि बस संचालक, मालिक मोटी रकम देकर बस को दिल्ली से दौलताबाद तक दौड़ा रहे । ARTO के लिए बस संचालक खुलीं चुनौती दे रहे हैं बस संचालक, मालिक। अब देखना यह होगा कि आर. टी .ओ अम्बेडकरनगर कितना सख्त नजर आते हैं।

# लाखों की लागत से निर्मित पानी की टंकी बनी शोपीस, ग्रामीण पानी के लिए त्रस्त

● बस्ती में टैंक बनने के बाद भी ग्रामीणों की पानी की समस्या जस की तस बनी हुई है

स्वतंत्र प्रभात


पानी को तरस रहे ग्रामीण

**बस्ती।** बस्तीजनपद के नगर थाना क्षेत्र के गांव खजुरिया में तीन वर्ष पूर्व पानी की टंकी का निर्माण होने के बाद भी ग्रामीण पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं।। जल निगम द्वारा लगभग 22लाख की लागत से बनाई गई यह टंकी शोपीस बनकर रह गयी है। जिससे ग्रामीणों को जलापूर्ति नहीं हो पा रही है।

ग्रामीणों ने बताया कि हर घर जल योजना के तहत गांव में पाइपलाइन का विस्तार भी कर दिया गया है। लेकिन विडम्बना यह है कि शुद्ध पानी के लिए ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को मजबूरन दूषित जल का प्रयोग करना पड़ रहा है। विभागीय अधिकारियो की अनदेखी के चलते यह योजना गाँव में दम तोड़ती नजर आ रही है।तीन वर्ष पूर्व जल निगम के द्वारा लगभग 22लाख की लागत से बने पानी टंकी से लोगों में यह आस जगी थी कि अब शुद्ध पेयजल के लिए लोगों को भटकना नहीं पड़ेगा। पानी टंकी बने तीन वर्ष बीत गए लेकिन आज तक ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल नहीं मिल सका है। लेकिन तीन सौ घरों को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति आजतक नहीं हो सकी है। ऑपरेटर ने बताया कि पिछले सप्ताह मोटर खोलकर मरम्मत के लिए गोरखपुर भेजा गया है जो अभी तक बनकर वापस नहीं आया।अवर अभियंता उपहार गुप्ता ने बताया कि बंद पड़ी पानी की टंकी को चालू कराया गया लेकिन मोटर जल जाने से जलापूर्ति नहीं हो पा रही है। एक हफ्ते में जलापूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

# महिला पर उसके मौसेरी बहन रीता के देवर ने चाकू से हमला

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती-** बस्ती जिले में दुबौलिया थानाक्षेत्र के उभाई गांव में एक महिला पर उसके मौसेरी बहन रीता के देवर ने चाकू से हमला कर घायल कर दिया।घायल महिला उर्मिला पैंतीस वर्ष कलवारी थानाक्षेत्र के रामपुर में ब्याही है। वह अपने मयके ग्राम उभाई, थाना दुबौलिया में एक शादी में शामिल होने आई थी। रविवार को शाम को तकरीबन साढ़े चार बजे उसके मौसेरी बहन रीता का देवर श्याम निवासी ग्राम महुरैया, थाना नगर उसके पास आया और अपनी भाभी रीता को कहीं और भगा देने का आरोप लगाते हुए चाकू से हमला कर दिया। इस दौरान उर्मिला के दोनों हाथों में चाकू से गंभीर चोट आ गई। मयके वालों ने उसे सीएचसी हर्रैया भेजा जहां हालत को गंभीर देखते हुए चिकत्सक ने उसे सदर हास्पिटल बस्ती रेफर कर दिया।

मालूम हो कि रीता व उर्मिला मौसेरी बहने हैं दोनो दिल्ली में रहकर घरों में साफ-सफाई का काम करती हैं।इन दिनों शादी में शामिल होने उर्मिला दिल्ली से अपने मयके उभाई आई थी। जबकि रीता कहीं फरार बताई जाती है।इस घटना के सिलसिले में पूछे जाने पर सीओ हर्रैया अशोक कुमार मिश्र ने बताया कि घटना में प्रयुक्त बाइक व चाकू को बरामद कर लिया गया है। आरोपी के सभावित ठिकानों पर छापेमारी कर उसके गिरफ्तारी का प्रयास दुबौलिया पुलिस की ओर से जांच पड़ताल की जा रही है।

# सीआईएसएफ में तैनात जवान की हृदयगति रुकने से मौत

● राजकीय सम्मान के साथ घर पहुंचा शवजवानों ने पुष्प चक्र अर्पित कर दी सलामी- लोगों प थाना क्षेत्र के डिंगरापुर में पहुंचा शव

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** बस्ती जिले के दुबौलिया थाना क्षेत्र के डिंगरापुर गांव में सीआईएसएफ में तैनात जवान की हृदयगति रुकने से केरल में मौत हो गयी थी। तीन दिन राजकीय सम्मान के साथ घर पहुंचा शव पहुंचा तो परिजनों में हड़कम्प मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुराहाल है। डिंगरापुर गांव निवासी रविन्द्र सिंह उर्फ रब्बुल सिंह 56 केरल त्रिवेन्द्रम में एएसआई पद तैनात थे। 26अप्रैल को शाम को करीब तीन उनके पत्नी मीना सिंह के मोबाइल पर फोन आया तो बेटी शिखा सिंह ने फोन उठाया तो बताया गया रविन्द्र सिंह के सीने में दर्द होने से अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कुछ देर बाद फोन आया कि उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में सनसनी फैल गई। केरल से रविन्द्र कुमार सिंह का राजकीय सम्मान के साथ तिरंगे में लिपटा शव दोपहर में दो बजे के करीब घर पहुंचा तो परिवार का रो-रोकर बुराहाल हो गया। केरल से शव लेकर पहुंचे सब इस्पेक्टर सुमित यादव ने जवानों के साथ पुष्प चक्र अर्पित कर सलामी दी। बड़ी संख्या में लोगों ने पुष्प अर्पित कर श्रंद्धाजलि दी। जवान का अंतिम संस्कार सरयू नदी के माझा खुर्द पुलिस चौकी के पास टाण्डा घाट पर साजकीय सम्मान के साथ किया गया।

तीन बच्चों के सिर से उठाया पिता का सायाकेरल में तैनात सीआईएसएफ में तैनात जवान रविन्द्र सिंह की हृदयगति रुकने मौत हो गई। उनके मौत से तीन बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया है। तीनों बच्चे इलाहाबाद में तैयारी कर रहे थे। रविन्द्र कुमार सिंह के दो बेटी शिखा सिंह 24 वर्ष,शिवानी 23 वर्ष व एक बेटा हर्षवर्धन सिंह 20 वर्ष है। तीनों बच्चे पिता के शव से लिपट पर दहाड़े मार कर रो -रो रहे थे। पत्नी मीना सिंह भी दहाड़े मार कर रो रही थी। शव पहुंचने के सूचना मिलते ही बड़ा संख्या में लोग पहुंच गये।

**पांच भाईयों में सबसे छोटे थे रविन्द्र सिंहडिंगरापुर गांव निवासी रविन्द्र सिंह**

पांच भाइयों में सबसे छोटे थे।बड़े स्वगीय नरेन्द्र सिंह सीआईसीएफ में इस्पेक्टर पद से रिटायर होने के बाद मौत हो चुकी है। श्याम बहाहर सिंह चपरासी पद रिटायर है।राम गुलाब सिह व विजय बहादुर सिंह घर रहते है।

# राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के जागरूकता अभियान के तहत सर्रैया अतिबल सी एच सी मे बैठक

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती** । राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के जागरूकता अभियान के तहत आज ग्राम सभा सर्रैया अतिबल में सामुदायिक बैठक का आयोजन ग्रामप्रधान अवधेश सिंह के आवास पर किया गया। जिला कार्यक्रम समन्वयक अखिलेश चतुर्वेदी ने कहा कि सक्रिय टीबी का मरीज दूसरे स्वस्थ्य व्यक्तियों को भी संक्रमित कर सकता है, इसलिए सक्रिय टीबी के मरीज को अपने मुँह पर मास्क या कपडा लगाकर बात करनी चाहिए और मुँह पर हाथ रखकर खाँसना और छींकना चाहिए। अगर टीबी का जीवाणु फेफड़ों को संक्रमित करता है तो वह पल्मोनरी टीबी कहलाता है। टीबी का बैक्टीरिया 90 प्रतिशत से ज्यादा मामलों में फेंफड़ों को प्रभावित करता है। पंद्रह दिन से अधिक खांसी, सीने में दर्द, बलगम, वजन कम होना, बुखार आना और रात में पसीना आना टीबी के लक्षण है। कभी-कभी पल्मोनरी टीबी से संक्रमित लोगों की खांसी के साथ थोड़ी मात्रा में खून भी आ जाता है। आज के समय पर सामान्य टीबी का इलाज कोई चुनौती नहीं है। टीबी के रोगी को डॉक्टर के दिशा निर्देश अनुसार नियमित टीबी की दवाओं का सेवन करते रहना चाहिए। वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक राहुल श्रीवास्तव ने कहा कि निक्षय पोषण योजना के जरिए टीबी के मरीजों को इलाज पूर्ण करने तक हर महीने 500 रुपये पोषण के लिए दी जा रही है, इसके साथ ही टीबी मरीजों को पहचान करने वालों को भी 500 रुपये दिया जा रहा है।

वरिष्ठ प्रयोगशाला पर्यवेक्षक संजय पाण्डेय ने कहा कि टीबी मुक्त पंचायत अभियान के तहत आप सभी से निवेदन है कि अपने गांव में ज्यादे से ज्यादे लोगों का जांच कराएं और साथ ही साथ अगर आप सक्षम हैं तो अपने अपने क्षेत्र के मरीजों को गोद लेकर उनके मददगार बने। इस अवसर पर डॉक्टर्स फ़ॉर यू अभिषेक सिंह, रामलौट, रोहित यादव, गोविन्द, कपिल वर्मा, पिंटू सिंह, रिंकू गोश्वामी, दीपक सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## भाजपा, सपा, पीस पार्टी सहित अन्य दलों व निर्दल प्रत्याशियों ने खरीदे नामांकन पत्र

**कुल 16 नामांकन पत्रों की हुई बिक्री**

**अंबेडकरनगर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के छठे चरण के अंतर्गत 55 अम्बेडकर नगर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में आज दिनांक 29 अप्रैल को प्रातः 11 बजे से 3ः00 बजे तक जनपद अंबेडकर नगर में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी समय सारणी के अनुसार नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। 11:00 बजे से 3:00 बजे के मध्य कुल 16 नामांकन पत्र विक्रय किया गया , जिसमें भारतीय जनता पार्टी, समाजवादी पार्टी, पीस पार्टी सहित अन्य दलों व निर्दल प्रत्याशियों द्वारा कुल 16 नामांकन पत्र खरीदे गए। कोई भी इच्छुक आहार्य अभ्यर्थी नामांकन न्यायालय जिला अधिकारी जिला मजिस्ट्रेट अंबेडकर नगर पर दिनांक 6 मई 2024 तक 11:00 बजे पूर्वाहन से 3:00 बजे अपराह्न के मध्य किसी भी दिन सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर कर सकता है।

# राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के जागरूकता अभियान के तहत सर्रैया अतिबल सी एच सी मे बैठक

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती** । राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के जागरूकता अभियान के तहत आज ग्राम सभा सर्रैया अतिबल में सामुदायिक बैठक का आयोजन ग्रामप्रधान अवधेश सिंह के आवास पर किया गया।

जिला कार्यक्रम समन्वयक अखिलेश चतुर्वेदी ने कहा कि सक्रिय टीबी का मरीज दूसरे स्वस्थ्य व्यक्तियों को भी संक्रमित कर सकता है, इसलिए सक्रिय टीबी के मरीज को अपने मुँह पर मास्क या कपडा लगाकर बात करनी चाहिए और मुँह पर हाथ रखकर खाँसना और छींकना चाहिए। अगर टीबी का जीवाणु फेफड़ों को संक्रमित करता है तो वह पल्मोनरी टीबी कहलाता है। टीबी का बैक्टीरिया 90 प्रतिशत से ज्यादा मामलों में फेंफड़ों को प्रभावित करता है। पंद्रह दिन से अधिक खांसी, सीने में दर्द, बलगम, वजन कम होना, बुखार आना और रात में पसीना आना टीबी के लक्षण है। कभी-कभी पल्मोनरी टीबी से संक्रमित लोगों की खांसी के साथ थोड़ी मात्रा में खून भी आ जाता है।

आज के समय पर सामान्य टीबी का इलाज कोई चुनौती नहीं है। टीबी के रोगी को डॉक्टर के दिशा निर्देश अनुसार नियमित टीबी की दवाओं का सेवन करते रहना चाहिए। वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक राहुल श्रीवास्तव ने कहा कि निक्षय पोषण योजना के जरिए टीबी के मरीजों को इलाज पूर्ण करने तक हर महीने 500 रुपये पोषण के लिए दी जा रही है, इसके साथ ही टीबी मरीजों को पहचान करने वालों को भी 500 रुपये दिया जा रहा है। वरिष्ठ प्रयोगशाला पर्यवेक्षक संजय पाण्डेय ने कहा कि टीबी मुक्त पंचायत अभियान के तहत आप सभी से निवेदन है कि अपने गांव में ज्यादे से ज्यादे लोगों का जांच कराएं और साथ ही साथ अगर आप सक्षम हैं तो अपने अपने क्षेत्र के मरीजों को गोद लेकर उनके मददगार बने। इस अवसर पर डॉक्टर्स फ़ॉर यू अभिषेक सिंह, रामलौट, रोहित यादव, गोविन्द, कपिल वर्मा, पिंटू सिंह, रिंकू गोश्वामी, दीपक सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# सेक्स रैकेट चलाने वाली महिला की जमानत अर्जी हाईकोर्ट से खारिज

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती-** बस्ती शहर मे नाबालिक लड़कियों से देह व्यापार करवाने वाली महिला को हाईकोर्ट ने जमानत देने से इंकार करते हुए जमानत प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया, छावनी थाने की एक नाबालिक पीड़िता उम्र 15 वर्ष अपने दीदी के घर अयोध्या जाने के लिए प्राइवेट बस पर बैठी,

बस मे मौजूद ड्राईवर व उनके सहयोगी ने पानी मे कोई पाउडर मिलाकर पीड़िता को पिला दिये और पीड़िता बेहोश हो गई और फिर पीड़िता को अयोध्या न ले जाकर बस्ती पहुँचा दिये और बस्ती से दो अन्य लड़के के साथ बस्ती स्थिति महिला अभियुक्ता के घर पहुँचा दिये,

जहाँ पर महिला लगभग 4 दिन तक बेहोश रही पीड़िता को कुछ याद नही था उसके बाद पीड़िता ने देखा कि वहाँ कई लड़की व महिलाएं मौजूद है और एकदम अंधेरा है और वहाँ बाहर से पुरुष आते है और वहाँ पर मौजूद सभी लड़कियों से महिला अभियुक्ता बाहर से आये लड़कों के साथ गलत संबंध बनाने के लिए दबाव बना अंदर भेजती थी और बाद उससे पैसा लेती थी पीड़िता जब जब निकल कर भागने का प्रयास करती थी तो उसे जान से मार डालने की धमकी मिलती थी और अंदर बंद करके रखती थी और वहाँ पर मौजूद पुरुष व महिलाएं उसे बाहर नही निकलने देती थी . 24 जुलाई 2023 को सुबह करीब पांच बजे पीड़िता चुपके से बाहर निकली तो वहाँ पर मौजूद कुछ लड़किया दौड़ कर पीछे से पकड़ कर खींच कर अंदर ले जाने लगी तो पीड़िता चिल्लाई तो पड़ोस के लोग आ गए और 112 पर फोन करके पुलिस को पूरी बात बताई जिसके बाद पुलिस आकर पीड़िता को अपने साथ थाने पर ले गई और उसके घर पर सूचना दी पुलिस की सूचना पर जब घर वाले थाने पर आये तो पीड़िता पूरी बात रो रोकर अपने अभिभावक से बताई और पीड़िता के पिता ने थाने मे तहरीर दी,और महिला अभियुक्ता के साथ कुछ अज्ञात लोगो के खिलाफ एफ आई आर दर्ज कर जेल भेजा गया... !

महिला के अभियुक्ता के द्वारा जनपद न्यायालय मे जमानत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया जनपद न्यायालय ने जमानत प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया तो अभियुक्ता के जमानत के लिए हाईकोर्ट मे अर्जी लगाई गई.. !जिसकी फाइनल सुनवाई 24 अप्रैल 2024 को माननीय न्यायमूर्ति राजबीर सिंह की बेंच मे हो रही जमानत प्रार्थना पत्र का विरोध पीड़िता/वादी के विद्वान अधिवक्ता के.एल.तिवारी कर रहे थे पीड़िता के अधिवक्ता का कहना था 24 दिन तक पीड़िता जबरदस्ती बंधक बना कर पैसे के लिए देह व्यापार जैसा जघन्य अपराध कारित किया है जिससे पीड़िता व उसके परिवार वालो को शारीरिक व मानसिक क्षति हुई जिसके वजह से पीड़िता मानसिक रूप से विक्षिप्त हो गई है और पीड़िता का स्वास्थ्य अभी भी सही नही हो पाया है इसलिए अभियुक्ता जमानत की हकदार नही है... ! उभय पक्षों की बहस सुनने के बाद माननीय न्यायालय ने जमानत अर्जी खारिज कर दी... !

# शत प्रतिशत मतदान हेतु शिक्षकों ने निकाली जागरूकता बाइक रैली

स्वतंत्र प्रभात



**अम्बेडकरनगर।**लोकसभाई चुनावों में मतदान प्रतिशत बढाने औरकि मतदाताओं को मतदान का मूल्य समझाने के निमित्त आज स्थानीय गांधी स्मारक इंटर कॉलेज,राजेसुलतानपुर के प्रधानाचार्य सहित पूरे स्टाफ ने बाइक रैली निकाली।बाइक रैली में थाना राजेसुलतानपुर की पुलिस भी पूरी तन्मयता व मनोयोग से शिक्षकों के साथ साथ रही।

ज्ञातव्य है कि आलापुर विधानसभा 62 संतकबीरनगर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आती है।जहाँ आगामी 25 मई को लोकसभा चुनावों के वोट पड़ेगें।दिलचस्प बात यह है कि भीषण गर्मी व पार्टियों द्वारा घोषित प्रत्याशियों के जनसामान्य में लोकप्रसिद्ध न होने से आम मतदाताओं ने अबतक हुए चुनावों में उतनी तल्लीनता नहीं दिखाई है जितनी कि विगत लोकसभाई व विधानसभाई चुनावों में दिखी थी।लिहाजा मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु शासन प्रशासन के साथ ही साथ शिक्षकों ने भी अभियान छेड़ दिया है।जिसमें पुलिस भी बढ़चढ़कर प्रतिभाग कर रही है। आज निकाली गयी बाइक रैली के बाबत प्रधानाचार्य कप्तान ने बताया कि रैली स्थानीय थाने के दरोगा अंजनी कुमार प्रजापति व अन्य तथा कॉलेज के सभी शिक्षकों व कर्मचारियों के साथ कॉलेज गेट से प्रारंभ होकर ब्रह्मस्थान,भारती भवन पाठशाला,हनुमान गढ़ी,टीपी चौक से शहीद द्वार से गुजरती हुई राजेशहरयारपुर से होती हुई कॉलेज प्रांगण में सम्पन्न हुई।रैली का संचालन पूर्व कार्यक्रमाधिकारी राजेश मिश्रा ने किया।जिसमें सभी शिक्षक व कर्मचारी तथा हाथों में नारे लिखी तख्तियां थामे विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# बारात से लौट रहे युवको पर धारदार हथियार से वार

स्वतंत्र प्रभात




**अम्बेडकर नगर।** बारात से घर वापस लौट रहे युवकों को पुरानी रंजिश को लेकर रास्ते मे रोककर जान से मारने की नीयत से, धारदार हथियार, सरिया, लाठी डंडे से मारने पीटने लगे। घटना महरुआ थानाक्षेत्र के पतौना गांव के पास की है। सुल्तानपुर जनपद के दोस्तपुर थानाक्षेत्र के अलहदादपुर के मजरे चौबे का पूरा निवासिनी विद्यावती पत्नी स्व. रामदौर का आरोप है उसका बेटा श्रीकांत, अंकुर मिश्रा के साथ रविवार को महरुआ थानाक्षेत्र के मांशपुर में बारात गया था। रात्रि में लगभग 11 बजे बारात से घर लौटते समय पतौना गाँव के समीप पुरानी रंजिश को लेकर गाँव के अजय यादव, अनिल यादव , सुनील यादव व तीन व्यक्ति अज्ञात पहले से घात लगाए बैठे थे। उसके बेटे व अंकुर मिश्र के ऊपर जान से मारने की नीयत से धारदार हथियार, सरिया, लाठी डंडे से मारने लगे। मारपीट में उसका बेटा बेहोश हो गया और खून की उल्टी करने लगा। विपक्षीगण उसके बेटे को मरा समझ कर छोड़ कर चले गए मारपीट में उसके बेटे के सिर व शरीर में काफी चोटे आई साथ ही अंकुर मिश्रा को भी काफी चोटे आई है। पीड़िता ने यह भी बताया कि आरोपी दबंग एवं आपराधिक किस्म के व्यक्ति हैं। जान से मारने की भी धमकी दी।

## उच्च शिक्षा मंत्री का स्वाफा बांधकर एवम श्याम बाबा की फ़ोटो देकर स्वागत किया



**टूण्डला-** श्री खाटू श्याम मंदिर ट्रस्ट उसायनी फिरोजाबाद के संरक्षक भूपेंद्र शर्मा के निवास आर्किड ग्रीन पर न्यास के कोषाध्यक्ष गोपाल उपाध्याय द्वारा स्वाफा बांधकर एवम श्याम बाबा की छवि भेंट कर के उच्च शिक्षा मंत्री योगेश उपाध्याय का सम्मान किया गया । इस अवसर पर न्यास के मीडिया प्रभारी अनिमेष त्रिपाठी , सह सचिव रूपेश शर्मा , राम नरेश कटारा ,उमाशंकर मिश्रा , जिला संयोजक श्रीनिवास शर्मा , पार्षद नरेश शर्मा, अशोक गर्ग, अखिलेश शर्मा, दुष्यंत शर्मा, सौरभ लहरी, अमित उपाध्याय, राजेश शर्मा, संजीव शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त ख़बरें

### एंटी रोमियो स्क्वाड की है चप्पे-चप्पे पर नजर

**सभी थाना क्षेत्रों में घूम रही है एंटी रोमियो स्क्वाड, अनावश्यक घूमने वालों की ली जा रही है ख़बर।**



**कानपुर।** कानपुर कमिश्नरेट के समस्त थाना क्षेत्रों में एंटी रोमियो स्क्वाड घूम रही है और संदिग्ध लोगों के नाम परता मोबाइल नंबर नोट किये जा रहे हैं। कमिश्नरेट के समस्त थाना क्षेत्रों मे एण्टी रोमियो टीम द्वारा बालिकाओं/महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति व महिला सुरक्षा हेतु जारी विभिन्न हेल्प लाइन नम्बरों की जानकारी देकर जागरूक किया गया जा रहा है तथा अनावश्यक घूम रहे संदिग्ध व्यक्तियों को चैक किया जा रहा है।

महिलाओं को आपात स्थिति में वूमेंस पावर लाइन 1090 और डायल 112 की जानकारी दी जा रही है। चुनाव के मद्देनजर एंटी रोमियो स्क्वाड की गतिविधियां और तेज हो गई हैं। महिलाओं के स्कूल, कालेज, अस्पताल, बस व रेलवे स्टेशन, व घने महिलाओं संबंधित बाजार, माल आदि में विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

### बी0एल0एस0डी0 इन्टर कालेज में मेधावी छात्रों को किया गया पुरस्कृत

**विद्यालय से बदल रहा क्षेत्र का शैक्षिक स्तर- डॉ0 सुधाकर वर्मा**



**बिसवां/ सीतापुर।** तहसील क्षेत्र के बी0 एल0एस0डी0 इन्टर कालेज, मझिगवां, बन्नी - खरैला, बिसवा के यू.पी. बोर्ड के हाइस्कूल व इंटरमीडिएट के टॉपर्स छात्र-छात्राओं का सम्मान विद्यालय के प्रबन्धक डॉ सुधाकर वर्मा प्रोफेसर शिया पी0जी0 कालेज लखनऊ द्वारा किया गया। हाईस्कूल के आशुतोष कुमार ने प्रथम स्थान, राहिनी मौर्या ने द्वितीय स्थान जीनत खातून ने तृतीय स्थान तथा इण्टरमीडिएट में शैला चौधरी ने प्रथम, गुडिया ने द्वितीम तथा पारूल और रंजना ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपने जनपद का नाम रोशन किया। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों का विद्यालय की ओर से गोल्डन, कांस व सिल्वर मेडल, अंग वस्त्र, फोल्डर्स देकर पुरस्कृत किया गया तथा 75त्न के ऊपर अंक माने कले सभी बच्चों को माला पहनाकर उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर एन के के सी महाविद्यालय के निदेशक श्री सन्तोष वर्मा, चीफ प्राक्टर पुष्पेन्द्र सिंह, विद्यालय के अध्यक्षा डॉ0 विन्दा प्रसाद धुरिया व प्रधानाचार्य श्री दिवाकर वर्मा, सभी शिक्षक व क्षेत्र के संभ्रान्त व्यक्ति मौजूद रहे।

### कार से भिड़ी रोडवेज बस, पति-पत्नी समेत तीन घायल अस्पताल में भर्ती, रेफर



**लंभुआ। सुल्तानपुर** सुल्तानपुर से वाराणसी की तरफ जा रही रोडवेज बस लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के नरहरपुर के पास लखनऊ वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर कार को टक्कर मार दी। जिसमें दंपति समेत तीन लोग घायल हो गये। एंबुलेंस की मदद से घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। गंभीर रूप से घायल तीनों लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने वाराणसी रेफर कर दिया। कोतवाली शिवपुरी जनपद वाराणसी निवासी सूरज प्रताप सिंह उम्र लगभग 42 वर्ष सोमवार की सुबह वाराणसी से लखनऊ के लिए कार से निकले थे। कार में उनके साथ उनकी पत्नी श्वेता सिंह उम्र लगभग 40 वर्ष पुत्री काव्य उम्र लगभग 16 वर्ष मौजूद थे। रास्ते में नरहरपुर गांव के पास सुल्तानपुर से वाराणसी की ओर जा रही रोडवेज बस कार को टक्कर मार दी। जिससे पति पत्नी व पुत्री घायल हो गए। दुर्घटना होने के बाद आसपास के लोगों की मदद से एंबुलेंस बुलाई गई और सभी को अस्पताल भेजा गया। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें एंबुलेंस से वाराणसी रवाना कर दिया। पुलिस ने बताया कि विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### राष्ट्रीय शिशिक्षु मेला 30 अप्रैल को

**सहारनपुर।** जनपद में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में 30 अप्रैल 2024 को प्रातः 10:30 बजे से सायं 04:00 बजे तक राष्ट्रीय शिशिक्षु मेला आयोजित किया जायेगा। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य राकेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि मेले में सरकारी, अर्द्धसरकारी एवं गैरसरकारी अधिष्ठान उपस्थित होगें। 30 अप्रैल को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय शिशिक्षु मेले में प्रतिभाग करने हेतु पर अधिक से अधिक संख्या में पंजीकरण कराने के साथ ही अभ्यर्थी शैक्षिक एवं तकनीकी प्रमाण-पत्र लेकर प्रतिभाग करें।

# राजनाथ और कौशल किशोर के नामांकन में उमड़ा हुजूम

**● - विधायक, मंत्रियों और हजारों कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में हुआ नामांकन**



स्वतंत्र प्रभात

**लखनऊ।** लखनऊ के सांसद व देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व मोहनलालगंज लोकसभा क्षेत्र के सांसद व केन्द्रीय मंत्री कौशल किशोर ने सोमवार को अपना अपना नामांकन दाखिल किया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष समेत तमाम दिग्गज नेता मौजूद रहे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर सुबह भाजपा प्रदेश मुख्यालय पहुंचे जहां दोनो ही नेताओ ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया। कार्यकर्ताओं ने भी अपने इन दोनों नेताओं का पूरे जोश के साथ स्वागत किया। प्रदेश कार्यालय से विशाल जूलुस हजरतगंज परिवर्तन चौक होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचा। इस दौरान जगह जगह कार्यकर्ताओं ने राजनाथ सिंह वा कौशल किशोर का जोरदार स्वागत किया इस दौरान कौशल किशोर के साथ सरोजनीनगर विधायक डाक्टर राजेश्वर सिंह व विधायक मलिहाबाद जय देवी कौशल भी मौजूद रही। बताते चले कौशल किशोर एक जमीन से जुड़े हुए नेता हैं। कौशल किशोर ने पूरे देश में युवा पीढ़ी को नशे से बचाने के लिए नशा मुक्त अभियान कौशल का के तहत यह मुहिम पूरे देश में चलाई। कौशल किशोर पासी समाज के बड़े नेता माने जाते हैं। वही लखनऊ के सांसद व देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी राजधानी वासियों के लिए विकास में कोई कोर कसर नही छोड़ी। चाहे रिंग रोड हो या लखनऊ कानपुर एलिवेटेड रोड जैसी तमाम योजनाओं की सौगात लखनऊ वासियों को दी उन्होंने दी है। वहीं सरोजनीनगर के हरौनी में राजनाथ सिंह ने ब्रम्होस्त्र मिसाल बनाने के लिए फैक्ट्री दी। दोनो दिग्गजों के नामांकन में विधायक बख्सी तालाब योगेश शुक्ला, ब्लाक प्रमुख मोहनलालगंज ओम प्रकाश शुक्ला विन्धेश्वरी, पूर्व प्रधान पति सांसद आदर्श ग्राम बेंती गिरीश तिवारी, विमलेश तिवारी, ऋषभ बाजपेयी, दुर्गेश बाजपेयी, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य हरौनी, अतुल सिंह माखन, पारख महासंघ के अध्यक्ष विरेंद्र कुमार रावत, भाजपा नेता संजय सिंह चौहान, सेक्टर संयोजक पिपरसंड दुर्गेश सिंह सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## इस बार मतदाताओं ने भाजपा को पूरी तरह से नकार दिया है-आनंद भदौरिया

**● - पालिका स्टेडियम में अब बहुत ही जल्द डे नाइट क्रिकेट मैच भी हो सकेंगे। कानपुर व आसपास के बच्चों को होगी सुविधा।**

स्वतंत्र प्रभात

**सीतापुर** पहले और दूसरे चरण के लिए हुए मतदान में मतदाताओं ने भाजपा के उम्मीदवारों को पूरी तरह से नकार दिया है। चुनाव से पूर्व भाजपा ने अबकी बार चार सौ पार का नारा दिया था, लेकिन पहले और दूसरे चरण का चुनाव देखकर भाजपा के लोग इस नारे को भूल गए। जन सरोकारों से दूर हवा-हवाई राजनीति करने वाले भाजपाईयों को पहले हवा का रुख पता नहीं था। पहले और दूसरे चरण में जब उन्होंने जनता की भावना देखी तो उन्हें हकीकत पता लगा गया। यह बात धौरहरा लोकसभा सीट के सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया ने सोमवार को धौरहरा क्षेत्र में आयोजित चुनावी जनसभाओं को संबांधित करते हुए कही।

क्षेत्र के धौरहरा कस्बा सहित नयागांव, बोझिया उदलिशपुर, लोकई पुरवा खजुरी, रामलोक, ठकुरन पुरवा, अमेठी, पाली हरिरामपुर, करौंहा, कंधरापुर, महराजनगर आदि गांवों की जन सभाओं में उन्होंने कहा कि भाजपा ने किसानों को भरोसा दिलाया था कि उनकी आय दोगुनी होगी। लेकिन केंद्र और राज्य सरकार ने उनकी फसल का सही दाम आज तक नहीं दिलवा पाई है। खाद, बीज, बिजली, डीजल, पेट्रोल सभी कुछ महंगा हो गया है। भाजपा सरकार ने देश के बड़े उद्योगपतियों का कर्ज माफ किया। लेकिन किसान के लिए कुछ नहीं किया। सपा प्रत्याशी ने कहा कि विकसित भारत के नाम पर प्रधानों से पैसा वसूला गया। गठबंधन की सरकार आएगी तो एमएसपी कानून होने के साथ किसानों का कर्ज माफ किया जाएगा। किसान खुशहाल होगा तो भारत विकसित होगा। सपा नेता ने कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड ने बीजेपी का बैंड बजा दिया है।

जन सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक शमशेर बहादुर शेरू ने कहा कि समूचे धौरहरा क्षेत्र में जन समस्याओं का अम्बार लगा है। बेरोजगारी से युवा परेशान है। किसान सिंचाई के अभाव में मुश्किल दौर से गुजर रहा है। आजादी के 76 सालों बाद भी धौरहरा क्षेत्र को विकास की दरकार है। यहां पर जन सुविधाओं का पूरी तरह से अभाव है। उच्च शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, यातायात के समुचित साधन जैसी मूलभूत सुविधाएं इस इलाके के बाशिंदों के लिए आज भी दूर की



कौड़ी बनी हुई हैं। उन्होंने कहा कि इस बार जब केंद्र में गठबंधन की सरकार बनेगी और धौरहरा से आनंद भदौरिया सांसद बनेगें, तो धौरहरा क्षेत्र विकास के मानचित्र पर एक अलग पहचान बनाएगा। इसलिए आप सब एकजुट होकर सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया के पक्ष में एकजुट होकर मतदान कर उन्हें भारी बहुमत से विजयी बनाएं। उन्होंने कहा कि आपके अपने प्रत्याशी आनंद भदौरिया ही धौरहरा क्षेत्र का विकास करेंगे और यही आपके सच्चे हितैषी साबित होंगे। सभा को वरूण चौधरी ने भी संबोधित किया। जन सभाओं में मुन्ना यादव, कमाल अहमद, नफीस, मुकेश दीक्षित, प्रधान ठेकेदार, गुरूदेव, विकास यादव, मनीष्ज्ञ शुक्ला, पूजा मिश्रा, पहलवान सिंह, श्रवण यादव, शब्बन खां, फैजुल हसन खा आदि मौजूद रहे।

## जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, खैराबाद में मासिक समीक्षा बैठक संपन्न

स्वतंत्र प्रभात

**सीतापुर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान,खैराबाद - सीतापुर में जनपद सीतापुर को निपुण जनपद बनाने हेतु जनपद में संचालित *निपुण भारत मिशन* के अंतर्गत मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई और विभिन्न योजनाओं एवं उनकी प्रगति की समीक्षा की गई। इस बैठक में समस्त खंड शिक्षा अधिकारी, समस्त प्रवक्ता/डायट मेंटर, जिला समन्वयक प्रशिक्षण, समस्त एस0आर0जी0 एवं समस्त ए0आर0पी0 ने सक्रिय रूप से प्रतिभाग किया। उक्त बैठक के शुभारंभ अवसर पर तात्कालिक समस्याओं का समाधान किया गया। पूर्व निर्धारित एजेंडा के क्रम में उक्त मासिक समीक्षा बैठक में शासन/विभाग द्वारा संचालित योजनाओं व कार्यक्रमों के प्रगति की समीक्षा की गयी। तत्पश्चात उप शिक्षा निदेशक श्रीमती मृदुला आनंद द्वारा नवीन सत्र 2024-25 हेतु निपुण जनपद की रणनीतियों पर चर्चा जैसे नामांकन एवं शिक्षक कार्य विभाजन,स्कूल रेडीनेस कार्यक्रम,संदर्शिका आधारित शिक्षण (कक्षा1- 5),कक्षाओं में रिवीजन कार्य, सक्रिय पुस्तकालय, टी0एल0एम0 निर्माण, कक्षा कक्ष रूपांतरण आदि के साथ-साथ समय समय पर दिए गए दिशा निर्देश के अनुपालन को सुनिश्चित करते हुए जनपद सीतापुर को अग्रणी एवं निपुण जनपद बनाने हेतु महत्वपूर्ण एजेंडा बिंदुओं पर चर्चा की गई। दीक्षा ऐप, स्विफ्ट चैट ऐप को शत प्रतिशत शिक्षको द्वारा डाउनलोड कर कक्षा शिक्षण में लागू करने के निर्देश दिए गए। जनपद के विद्यालयों के लिए सुझावात्मक निपुण कार्ययोजना सत्र 2024- 25 का प्रारूप जारी किया गया। उक्त बैठक में



आत्मीय संबंध और टीम भावना के साथ कार्य करते हुए सीतापुर को निपुण जनपद बनाने के लिए प्रेरित किया गया और पूरे जोश और जज्बे के साथ जनपद सीतापुर को निपुण जनपद बनाने के लिए समस्त प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया गया। समीक्षा बैठक का सफल संचालन प्रवक्ता, शाह खालिद द्वारा किया गया।

## स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में उच्चतर रैंकिंग प्राप्त करने के लिए आयोजित की गई कार्यशाला

स्वतंत्र प्रभात

**कछौना(हरदोई)-** जिलाधिकारी के निर्देशानुसार आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में उच्चतर रैंकिंग प्राप्त करने के उद्देश्य से अधिशासी अधिकारी अमित कुमार सिंह की अध्यक्षता में समस्त सफाई कर्मचारियों, वार्ड प्रभारी, सफाई सुपरवाइजर व कार्यालय स्टाफ के साथ एक कार्यशाला का आयोजन नगर पंचायत सभागार में किया गया। कार्यशाला में अधिशासी अधिकारी द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 व विगत सर्वेक्षण 2023 के परिणाम पर तुलनात्मक चर्चा की गई और उसमें रह गयी कमियों पर विशेष ध्यानाकर्षण करते हुए सर्वेक्षण 2024 में अधिकतम अंक प्राप्त किये जाने हेतु सभी वार्डों में डोर टू डोर कूड़ा संग्रहण व्यवस्था को प्रभावी रूप से लागू किए जाने, स्रोत पर कूड़ा पृथक्करण प्रणाली लागू किये जाने, गीले कचरे से कंपोस्ट खाद व





सूखे कूड़े को एमआरएफ सेंटर पर लाकर वैज्ञानिक ढंग से निस्तारण कराये जाने हेतु कार्मिकों को निर्देशित किया गया। इस हेतु अधिशासी अधिकारी द्वारा 12 वार्डों पर 04 कार्मिकों को सफाई सुपरवाइजर के रूप में नामित करते हुए उन्हें प्रतिदिन संबंधित वार्डों में डोर टू डोर जाकर उपरोक्त के बारे में जन जागरूकता अभियान चलाए जाने के निर्देश दिए गए। स्वच्छ सारथी क्लब, स्वच्छ वातावरण वार्ड प्रोत्साहन समितियों, और स्वच्छ सर्वेक्षण ब्रांड एम्बेसडर के सहयोग से सर्वेक्षण में जन आंदोलन हेतु निर्धारित अधिकतम अंक प्राप्त किये जाने हेतु कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए गए। इसी क्रम में सर्वेक्षण 2024 में जन आंदोलन के व्यापक प्रचार प्रसार व जन जागरूकता हेतु ब्रम्ह कुमार सिंह समाजसेवी को सर्वेक्षण 2024 का ब्रांड एम्बेसडर नामित किया गया, नामित ब्रांड एम्बेसडर द्वारा सर्वेक्षण 2024 में भरपूर सहयोग का आश्वासन दिया गया।

## मतदाता जागरूकता रैली निकालकर लोगों को किया गया जागरूक

स्वतंत्र प्रभात

**सुरसा** भदैचा ग्राम पंचायत- के आदर्श कृष्ण इण्टर कालेज के बूथ संख्या-134, 135 तथा प्रा0पा0 भदैचा के बूथ संख्या-136, 137, ग्राम पंचायत सिकन्दरपुर के बूथ संख्या-98, तथा ग्राम पंचायत देवरिया के बूथ संख्या 140 का निरीक्षण किया गया तथा निरीक्षण में पाई गई कमियों को सम्बधित सचिव को 02 दिवस में दूर कराने हेतु निर्देशित किया गया, इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत-हरदोई देहात के मजरे कन्हईपुरवा, में ग्राम विकास अधिकारी शिवओम त्रिपाठी, ग्राम पंचायत-पेंग में ग्राम विकास अधिकारी ब्रम्हादीन, ग्राम पंचायत-हुसियापुर में ग्राम विकास अधिकारी प्रेमपाल अरूण, ग्राम पंचायत-म्योनी में ग्राम विकस अधिकारी आकाश त्रिपाठी, ग्राम पंचायत-कौथेलिया व शहाबुददीनपुर में ग्राम विकास अधिकारी संजय तिवारी, ग्राम



पंचायत-भदेचा व वहरैया में ग्राम विकास अधिकारी श्रीमती गरिमा कुशवाहा द्वारा ग्राम प्रधान, ग्रामवासी, शिक्षक/शिक्षिकायें, पंचायत सहायक, ग्राम रोजगार सेवक, एवं विद्यालयों के छात्र/छात्राओं के सहयोग से स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाताओ को जागरूक करने हेतु मतदाता पोस्टर, बाइक स्टीकर, पम्पलेट आदि का प्रदर्शन एवं वितरण किया गया तथा मतदाता जागरूकता रैली निकालकर उपस्थित जनसमुदाय/मतदाताओं को मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया एवं मतदान करने हेतु शपथ दिलायी गई।

## वीवीआईपी के कार्यक्रमों को लेकर पुलिस आयुक्त ने किया निरीक्षण

**● - चुनाव प्रचार में आने वाले विशिष्ट, अतिविशिष्ट के आगमन को लेकर पुलिस आयुक्त ने किया स्थलीय निरीक्षण**

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाने के लिए पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट कानपुर अखिल कुमार लगातार उन स्थानों का निरीक्षण कर रहे हैं जहां पर विभिन्न राजनैतिक दलों की रैलियां होनी हैं आज दिनांक 29 अप्रैल को लोकसभा सामान्य निर्वाचन के चतुर्थ चरण पर राजनीतिक दलों के द्वारा किए जाने वाले प्रचार प्रसार में कानपुर आगमन करने वाले अति





विशिष्ट/विशिष्ट महानुभावों के संभावित भ्रमण कार्यक्रमों तथा इन कार्यक्रमों में सम्मिलित होने वाले जनसमूहों के दृष्टिगत पुलिस आयुक्त श्री अखिल कुमार ने स्थलीय निरीक्षण किया।

पुलिस आयुक्त ने अपर पुलिस आयुक्त हरीश चन्दर, पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल आर एस गौतम, पुलिस उपायुक्त दक्षिण रवीन्द्र कुमार, पुलिस उपायुक्त यातायात आरती सिंह, अपर पुलिस उपायुक्त यातायात शिवा सिंह, सहायक पुलिस आयुक्त यातायात सृष्टि सिंह तथा सम्बन्धित क्षेत्र के सहायक पुलिस आयुक्त व थाना प्रभारियों के साथ रेलवे ग्राऊण्ड निराला नगर, सीएसए आदि का निरीक्षण किया गया, ऑपरेशन त्रिनेत्र में लगे कैमरों की क्रिया शीलता को परखा एवं सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## फजलगंज पुलिस ने गांजा का अंतरराज्यीय गैंग पकड़ा

**● - दो अभियुक्तों से 30 किलो गांजा बरामद, जलपाईगुड़ी से गांजा लाकर उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में गांजा सप्लाई करते थे अभियुक्त**

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** थाना फजलगंज की पुलिस और सर्विलांस की टीम ने एक बहुत बड़े गांजा तश्तरी के अंतरराज्यीय गैंग को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने इनके कब्जे से 30 किलो गांजा बरामद किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए डीसीपी सेंट्रल ने बताया कि मुखबिर की सूचना के आधार पर एस एच ओ' फजलगंज सुनील कुमार व सर्विलांस की टीम ने घेराबंदी करके दो अभियुक्त देवेन्द्र सिंह, चंदन सिंह जो कि कन्नौज के रहने वाले हैं। ये जलपाई गुड़ी पश्चिम बंगाल से 25 रुपये किलों के हिसाब से गांजे को खरीद कर लाते हैं। और उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में बिक्री करते हैं।

डीसीपी सेंट्रल ने बताया कि इन दोनो अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास में देवेन्द्र सिंह पर 16 अभियोग की अभी तक जानकारी हुई है। जिसमें हत्या के प्रयास अपहरण, लूट आदि के अभियोग हैं। दूसरे अभियुक्त चंदन के विषय में जानकारी की जा रही है। इनके कब्जे से 30 किलो गांजा बरामद हुआ है। और साथ ही साथ ये छोटे- छोटे खरीदने वालों को बेच



देते हैं जो कि आम जनता को बेचते हैं। इस तरह से ये दोनों अभियुक्त हैं यह एक अंतरराज्यीय गैंग है जो विभिन्न प्रदेशों से गांजा खरीद कर के बिक्री करते हैं। डीसीपी सेंट्रल ने कहा कि इस पूरी टीम ने अच्छा कार्य किया है इन्हें 25000 रुपये जे पुरुस्कृत किया जाया जायेगा। ये 12000 से लेकर 15000 रुपये प्रति किलो के हिसाब से गांजा बिक्री करते हैं।

## फ्लड लाइट्स से जगमगाएगा पालिका स्टेडियम

**● - पालिका स्टेडियम में अब बहुत ही जल्द डे नाइट क्रिकेट मैच भी हो सकेंगे। कानपुर व आसपास के बच्चों को होगी सुविधा।**

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** नगर निगम का पालिका स्टेडियम अब जल्द ही शहर की पहचान बनने की तरफ अग्रसर है। इसके निर्माण एवं जीर्णोद्धार कार्य की ड्राइंग और टेक्निकल स्पेसिफिकेशन पर रविवार को आई यूपी क्रिकेट वेटरन एसोसिएशन की टीम संतुष्ट जताई है। निरीक्षण के बाद हुई बैठक में टीम ने कहा कि पालिका स्टेडियम के विकसित होने से आसपास के जनपदों से आने वाले खिलाड़ियों को भी भरपूर फायदा मिलेगा। पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर शशीकांत खांडेकर, ने कहा कि क्रिकेट खिलाड़ियों को पालिका स्टेडियम एक अच्छे प्लेटफार्म के रूप में जल्द ही उपलब्ध होगा, जिसके निर्माण में सभी मानकों का ख्याल रखा जा रहा है। पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर राहुल सप्रू ने कहा कि पालिका स्टेडियम जो अपने आप में कभी शहर की पहचान रहा है अब उसके जीर्णोद्धार होने से खेलों को बढ़ावा मिलेगा, शहर की पहचान बढ़ेगी, स्टेट और नेशनल लेवल की प्रतियोगिता का आयोजन भी यहां सफलता और मानकों के अनुरूप हो सकेगा।

कानपुर नगर निगम ने पालिका स्टेडियम में आउटडोर खेलों के मैदान का विकास और आधुनिकीकरण करने का निर्णय लिया है। यह निर्णय पालिका स्टेडियम में इंडोर खेलों के द स्पोर्ट्स हब के रूप में सफल संचालन के बाद नगर निगम ने लिया है, जिसमें पालिका स्टेडियम के शेष हिस्से को आउटडोर खेल क्षेत्रों के रूप में विकसित करने का काम किया जा रहा है। 12 मार्च को वर्चुअली पालिका स्टेडियम के जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास किया गया था। इसके बाद 15 मार्च को महापौर ने पालिका स्टेडियम के जीर्णोद्धार कार्य का भूमिपूजन किया था। पालिका स्टेडियम को क्रिकेट और आउट



डोर गेम्स के रूप में विकसित करने के काम का निरीक्षण और अपने सुझाव देने के लिये रविवार को यूपी क्रिकेट वेटरन एसोसिएशन की टीम यहां पहुंची। टीम में यूपी क्रिकेट वेटरन एसोसिएशन के अध्यक्ष डा. आई. एम. रोहतगी, सचिव गिरीश कपूर, पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी शशिकांत खांडेकर, पूर्व क्रिकेटर राहुल सप्रू, एसोसिएशन संयुक्त सचिव आशू मेहरोत्रा, वार्ड 15 के सभासद सौरभ देव शामिल रहे। सभी ने नगर निगम के इस प्रयास और प्रस्ताव की भूरी-भूरी प्रशंसा की और बोले यह कानपुर और खिलाड़ियों को सौगात की तरह है।

## बाल विकास पुष्टाहार विभाग खुद कुपोषित, नौनिहालों, गर्भवती व धात्री महिलाओं का कैसे दूर होगा कुपोषण

स्वतंत्र प्रभात

**कछौना, हरदोई।** बाल विकास पुष्टाहार विभाग की खाऊ कमाऊ नीति के चलते इन योजनाओं का लाभ आम जनमानस को नहीं मिल पा रहा है। विकासखंड कछौना के अंतर्गत लगभग दो दर्जन केन्द्रों पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां सेवा निवृत होने के चलते बंद चल रही हैं। इस योजना का उद्देश्य नवजात शिशु, गर्भवती महिलाओं को पोषण के माध्यम से विकास में योगदान करना है, लेकिन सरकार की अनदेखी के चलते यह विभाग खुद कुपोषित है। जबकि सरकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत आंगनबाड़ी केन्द्रों को प्री-नर्सरी के रूप में विकसित करने का है। परंतु अभी तक आंगनबाड़ी केन्द्र अधिकांश किराए व जर्जर भवनों में संचालित है। इन केन्द्रों आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों व नौनिहालों के लिए मूलभूत सुविधाएं नहीं है।

कार्यकत्रियों को बैठने के लिए फर्नीचर मुहैया नहीं है। नौनिहालों के लिए मूलभूत सुविधाएं, खेल सामग्री, टीएलएम, वजन मशीन, शिक्षण सामग्री, पेयजल के लिए पानी की सुविधा, शौचालय आदि सुविधा मुहैया नहीं है। आंगनवाड़ी सहायिकाओं को अच्छा प्रशिक्षण का अभाव व बेहतर माहौल न होने के कारण यह योजना केवल कागजों पर फील गुड करा रही है। बाल विकास परियोजना अधिकारी मुख्यालय पर न रूककर प्रतिदिन लखनऊ से अपडाउन मनमाने तरीके से करती हैं। जिसके कारण क्षेत्र के दर्जनों केन्द्रों पर ताला लगा रहता है। केवल पोषाहार वितरण के दिन खुलते हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है सरकार मानव जीवन के पोषण के प्रति कितनी सजग है, अभी ताजा रिपोर्ट में नौनिहालों व गर्भवती महिलाओं के कुपोषण में इजाफा हुआ है। सरकार की प्राथमिकता में आंगनबाड़ी केन्द्रों को बेहतरीन करने की नहीं है। जिसका खामियाजा गर्भवती महिलाओं व नौनिहालों के विकास पर पड़ रहा है। गरम भोजन, हॉट कुक योजना कागजों पर चल रही है। नौनिहालों, गर्भवती व धात्री महिलाओं का पोषण सरकार की सायद प्राथमिकता नहीं है, अधिकांश केंद्र बंद रहते हैं। पूरे मामले की शिकायत क्षेत्रीय विकास जन आंदोलन के अध्यक्ष रामखेलावन कनौजिया ने शासन प्रशासन से की है।

## विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने के साथ ही सत्र 2024-25 की शैक्षिक रणनीति पर हुई विस्तृत चर्चा

स्वतंत्र प्रभात

**टड़ियावां** विकास खण्ड के ब्लॉक सभागार में खण्ड शिक्षा अधिकारी अनुज कुमार के नेतृत्व में 29 अप्रैल को विद्यालय इंचार्ज अध्यापकों की बैठक का आयोजन हुआ। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी टड़ियावां नरोत्तम कुमार, खण्ड शिक्षा अधिकारी टड़ियावां अनुज कुमार, एस. आर. जी. आशीष मिश्र व एआरपी अभिषेक मिश्र, अभय सिंह, विवेक गुप्ता, बीना वर्मा एवं रुचि शुक्ला की गरिमामयी उपस्थिति रही। खण्ड विकास अधिकारी ने सभी इंचार्ज अध्यापकों से अपने विद्यालयों में ऑपरेशन कायाकल्प के तहत कराये जा रहे कार्यों की स्थिति जानी। उन्होंने कहा कि 13 मई को लोकसभा सामान्य निर्वाचन में जिन विद्यालयों में मतदेय स्थल बना है वहां पर मूलभूत सुविधाएं शीघ्र पूर्ण करा लें। जिससे पोलिंग पार्टी को कोई भी कठिनाई का सामना न करना पड़े। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने विद्यालयों में बच्चों का अधिक से अधिक नामांकन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कंपोजिट ग्रांट के तहत उपभोग की गई धनराशि का मदवार विवरण पेण्ट कराने के लिए भी कहा। एसआरजी आशीष मिश्र ने सत्र 2024-25 के तहत राज्य स्तर से प्रेषित शैक्षिक रणनीति पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि गत सत्र में एआरपी द्वारा गोद लिए हुए जो विद्यालय निपुण नहीं बन पाए उनको शामिल करते हुए 10-10 विद्यालय सभी एआरपी को दिसम्बर 2024 तक निपुण बनाने है। इसके साथ ही खण्ड शिक्षा अधिकारी, डायट मेंटर व एसआरजी को भी एक-एक विद्यालय को दिसम्बर 2024 तक निपुण बनाना है। सभी विद्यालय के प्राधानाध्यापक को मार्च 2025 तक अपने विद्यालय को निपुण बनाना है। इसके लिए एक कार्ययोजना बनाकर





सुनियोजित तरीके से कार्य करना प्रारंभ किया जाय। एआरपी अभिषेक मिश्र ने स्कूल रेडिनेस कार्यक्रम, शिक्षक संदर्शिका के डिजिटल स्वरूप से परिचित कराया। इसके साथ ही समय-सारणी कक्षावार चस्पा कर मीना मंच की गतिविधियों को समय पर कराने के लिए भी समझाया। एआरपी विवेक गुप्ता, बीना वर्मा व रुचि शुक्ला ने भी अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की। ब्लॉक एम आई एस रोचक मिश्र ने यू-डायस सम्बन्धी जानकारी साझा की। ब्लॉक गुणवत्ता को-ऑर्डिनेटर ने सभी सूचनाओं को समय पर भरने के लिए कहा।

## आवश्यक सूचना

सेन्ट्रम हाउसिंग की ओर से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री विवेक कुमार पुत्र गया प्रसाद निवासी दनौर माल, लखनऊ उ0प्र0 जो कि भूखण्ड संख्या-10 खसरा सं0-1578, रकबा 600 वर्गफिट, स्थित ग्राम भौली, परगना महोना, तहसील बक्शी का तालाब जनपद लखनऊ को श्री लेखई पुत्र दयाल निवासी ग्राम भौली, परगना महोना, तहसील बक्शी का तालाब जनपद लखनऊ से क्रय कर रहे है। जिसकी चौहद्दी पूरब 20 फिट चौड़ा रास्ता, पश्चिम- भूखण्ड चन्द्रमौलि प्रताप सिंह, उत्तर- भूखण्ड मोहम्मद, दक्षिण- आराजी दीगर उपरोक्त भूमि को सेन्ट्रम हाउसिंग फाइनेन्स लि0 में श्री विवेक कुमार पुत्र गया प्रसाद निवासी दनौर माल, लखनऊ उ0प्र0 के द्वारा बंधक किया जा रहा है। यदि उक्त खसरे के सह खातेदार श्री बिरजू श्री हरी. श्री पुतान पुत्रगण श्री प्रभू या किसी अन्य व्यक्ति या किसी वित्तीय संस्था या सह खातेदार को उपरोक्त भूखण्ड क्रय-विक्रय या बंधक किये जाने में कोई आपत्ति हो तो इस नोटिस के प्रकाशन तिथि से 07 दिनों के भीतर आपत्ति दर्ज करने का कष्ट करें उपरोक्त समयावधि के बाद कोई भी दावा विचार योग्य नही माना जायेगा। आपत्ति हेतु सम्पर्क करे-

मोबाइल +91-9565881290
ललित मोहन जोशी एडवोकेट एमजी-87 अलीगंज, लखनऊ

## संक्षिप्त ख़बरें

### बाइक सवार युवक पर लोहे के रॉड से हमला, गंभीर



**लालगंज (रायबरेली)।** सरेनी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत भोजपुर रोड पर बाजार से सब्जी लेकर घर वापस लौट रहे एक बाइक सवार युवक पर दबंग युवकों ने लोहे की रॉड से हमला बोल दिया। जिससे उसके सिर पर गंभीर चोटें आ गई। वह खून से लथपत होकर वहीं सड़क पर गिर पड़ा। घायल के चाचा ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपितों पर कार्रवाई की गुहार लगाई है। कोरवां मजरे बिठूली गांव निवासी सुशील चंद्र अग्निहोत्री ने पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसका भतीजा छोटू रविवार की शाम को भोजपुर बाजार से सब्जी लेकर घर वापस लौट रहा था। तभी गांव के ही राजन अग्निहोत्री ने अपने साथियों के साथ मिलकर चलती बाइक पर ही उसके सिर पर लोहे की रॉड से प्रहार कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से चोटिल हो गया। राहगीरों की मदद से उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झाऊखेड़ा लाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पीड़ित पक्ष ने बताया कि आरोपित झगड़ालू किस्म का और दबंग व्यक्ति है। वह भतीजे को मारने के लिए कई दिनों से फिराक में था। साथियों के साथ मिलकर उसने योजनाबद्ध तरीके से हमला बोल दिया। पुलिस को पहले भी कई बार इसकी सूचना दी गई। लेकिन उसे पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। जांच कर मामले में कार्रवाई की जाएगी।

### रेल पहिया फैक्ट्री में भीषण आग से हड़कंप



**लालगंज (रायबरेली)।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना से सटे रेल पहिया कारखाने में सोमवार की शाम को अचानक भीषण आग लग गई। धुएं का गुबार देखकर वहां मौजूद लोग सहम गए। रेल पहिया कारखाना प्रशासन ने घटना की सूचना फायर ब्रिगेड को दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम में आग पर काबू पा लिया है। आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना के पीआरओ अनिल श्रीवास्तव ने बताया कि फैक्ट्री परिसर के पीछे निजी कंपनी फेब्रिकेशन का काम कर रही थी जिसे निकली चिंगारी से झाड़ झंकर में आग पकड़ ली। पास में पड़ा कबाड़ भी आग की चपेट में आ गया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पा लिया है।

### सहजनवां तहसीलदार प्रशासन ने बूथो का किया निरीक्षण दिया जरूरी दिशा निर्देश




**सहजनवां/गोरखपुर।** लोकसभा चुनाव के लिए आगामी एक जून को सहजनवां तहसील क्षेत्र में मतदान होना है। मतदान से पूर्व चुनाव को लेकर अधिकारी किसी भी प्रकार की कमी नहीं छोड़ना चाहते है। सबसे अधिक नजर मतदान केंद्रों पर बनाए गए बूथों पर है। बूथों पर विद्युत , पानी, बाउंड्री वाल, जंगला और रास्ता आदि की व्यवस्था की जा रही है। सोमवार को एसडीएम कुंवर सचिन सिंह के नेतृत्व मे तहसील अधिकारियों ने सहजनवां ब्लाक के दक्षिणांचल में बूथों का निरीक्षण किए। एसडीएम ने बताया कि सहजनवा ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय दुलटही का फर्श टूटा मिला और शौचालय भी खराब है। जो उपयोग के लायक नहीं है। सहजनवां ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय दुलटही में रैम्प टूटा मिला। कटसरा, चांदपार, कटसहरा, प्राणपुर, सिधौली, बैदौली आदि विद्यालयों की जांच में बूथों पर कमियां मिली हैं। पंचायत और शिक्षा विभाग के अधिकारियों को सुधार के लिए समय दिया गया है। साथ ही लेखपालों से बूथों पर व्यवस्था दुरुस्त करने के आदेश दिए गए है। निरीक्षण में तहसीलदार आरके कन्नौजिया, नायब तहसीलदार भानू प्रताप सिंह, आदि राजस्व कर्मी शामिल रहे।

# अमेठी सांसद स्मृति इरानी ने किया नामांकन

● नामांकन के पूर्व निकाले गए रोड शो में उमड़ी भीड़ देख विपक्षी दल सकते में

सांसद पति श्री जूबिन इरानी,मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव , अयोध्या के महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, प्रदेश महामंत्री एवं एमएलसी माननीय गोविंद नारायण शुक्ला सहित लाखों की संख्या में लोग हुए शामिल



स्वतंत्र प्रभात

**गौरीगंज अमेठी।** अमेठी सांसद एवं केंद्रीय मंत्री महिला एवं बाल विकास तथा अल्पसंख्यक मंत्रालय स्मृति जुबिन इरानी ने गौरीगंज कलेक्ट्रेट परिसर में दो सेटों में नामांकन पत्र दाखिल किया। सबसे पहले अमेठी सांसद जिला मुख्यालय कार्यालय पहुंची जहां पार्टी कार्यकर्ताओं ने अपनी सांसद का गर्म जोशी के साथ स्वागत किया, वैदिक मंत्रोचार तथा शंखनाद के बीच विधि विधान पूर्वक पूजन अर्चन करने के बाद लाखों समर्थकों के साथ अमेठी सांसद का काफिला जिला मुख्यालय भाजपा कार्यालय से जिला कलेक्ट्रेट गौरीगंज के लिए रवाना हुआ।इस दौरान जगह पर कस्बा वासियों द्वारा सांसद स्मृति इरानी के समर्थकों द्वारा नामांकन में शामिल लोगों के लिए जलपान की व्यवस्था कराई गई थी, डीजे के धुन पर जय श्री राम उद्घोष के साथ समर्थकों का काफिला धीरे-धीरे आगे बढ़ता रहा, भीषण गर्मी के बावजूद भी लाखों लोग अपनी संसद के साथ कलेक्ट्रेट परिसर के बाहर तक पहुंचे यह अमेठी सांसद की लोकप्रियता को दर्शाता है।

भाजपा नेताओं की माने तो रोड शो के दौरान उमड़े जनसैलाब को देखकर विरोधी दलों के हौसले पस्त हों गए हैं,वैसे भी अभी तक खबर लिखे जाने तक अमेठी में मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस अपने प्रत्याशी की घोषणा नहीं कर सकी। रोड शो के दौरान जिला मुख्यालय गौरीगंज से लेकर कलेक्ट्रेट तक तीन किलोमीटर के आसपास समर्थकों की भीड़ लगी रही पूरे कस्बे में लोग अपनी छतों से फूलों की वर्षा कर रहे थे , रोड शो और नामांकन में शामिल हुए मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अमेठी की जनता जनार्दन ने परिवारवाद को नकारकर विकास को अपनाया है, जिसका सुपरिणाम है कि आज अमेठी संपूर्ण उत्तर प्रदेश के लिए सेवा, सुशासन और तीव्रतम विकास का प्रतीक बनकर उभर रहा है। बताते चलें 2019 के चुनाव में अमेठी की जनता ने राहुल गांधी को नकार दिया और दीदी स्मृति इरानी को सांसद चुना तब से लेकर अब तक लगातार अमेठी सांसद अमेठी में बनी हुई है और अमेठी का सर्वांगीण विकास करते हुए जनता के सुख-दुख में भागीदार रहती हैं। नामांकन के दौरान मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, अयोध्या के महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, प्रदेश महामंत्री एवं एमएलसी गोविंद नारायण शुक्ला, प्रदेश मंत्री अमेठी प्रभारी शंकर गिरी, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि, राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, सलोंन विधायक अशोक कोरी, जिला अध्यक्ष राम प्रसाद मिश्रा, पूर्व जिला अध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी, जिला प्रवक्ता चंद्र मौली सिंह, जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष आशा बाजपेई, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष डॉ प्रज्ञा बाजपेई सहित लाखों समर्थक शामिल रहे।

# स्मृति इरानी के नामांकन और रोड शो को लेकर भाजपा कार्यालय पर रहा जश्न का माहौल

● मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सहित? कई राजनैतिक हस्तियां रही मौजूद



स्वतंत्र प्रभात

**गौरीगंज अमेठी।** भारतीय जनता पार्टी की कद्दावर नेता तथा देश सहित दुनिया में महिला सशक्तिकरण की प्रतीक एवं अमेठी सांसद केंद्रीय मंत्री भारत सरकार स्मृति जुबिन इरानी के अमेठी लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी के तौर पर नामांकन को लेकर पार्टी मुख्यालय कार्यालय पर सुबह से ही जश्न का माहौल रहा। जहां शंखनाद और जय श्री राम उद्घोष के साथ वैदिक मंत्रोचार के साथ सुबह से ही पूजा अर्चन शुरू थी वही मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव , उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह प्रदेश महामंत्री तथा एमएलसी गोविंद नारायण शुक्ला, श्रावस्ती के पूर्व सांसद दद्दन मिश्रा सहित कई विधायक व राजनैतिक हस्तियां मौजूद रही। कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह दिखाई दिया, भीषण गर्मी के चलते भी कार्यकर्ता टस से मस नहीं हुए अमेठी सांसद स्मृति इरानी जैसे ही जिला मुख्यालय कार्यालय गौरीगंज पर पहुंची कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ अपने सांसद का स्वागत किया। स्मृति इरानी ने कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया, इसके बाद अमेठी सांसद स्मृति इरानी का रोड शो शुरू हुआ रोड शो में दिग्गज नेताओं के साथ लाखों की संख्या में अमेठी वासी शामिल हुए। अमेठी की जनता फूलों की वर्षा कर रही थी मोदी, योगी जिंदाबाद के नारे लगा रही थी डीजे के धुन पर जय श्री राम के उद्घोष के साथ पूरा वातावरण गूंज उठा। जिला मुख्यालय गौरीगंज से लेकर नामांकन स्थल कलेक्ट्रेट परिसर तक भारी जल समूह दिखाई दे रहा था, अमेठी सांसद एवं मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव जनता का आभार व्यक्त कर रहे थे बताते चलें जहां खबर लिखे जाने तक मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस द्वारा अभी तक प्रत्याशी की घोषणा भी नहीं की गई वहीं अमेठी सांसद ने नामांकन दाखिल अपना प्रचार तेजी के साथ शुरू कर दिया है।

# वित्तीय वर्षकी समाप्ति बाद सीबीडीटी ने जारी किया राजस्व का आकड़ा

● इस वर्ष अलीगढ़ रेंज में 34721 हजार से अधिक बढ़े नए आयकर दाता

2022-23 में 262352 लाख तो 2023-24 में 2.98 लाख ने भरा टैक्स

.अलीगढ़ रेंज वन में फर्रूखाबाद, कन्नौज, मैनपुरी व अलीगढ़ जनपद हैं शामिल

स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़,।** इनकम टैक्स के राजस्व मेंहर साल इजाफा हो रहा है। पहलेकी अपेक्षा अब सर्वेव रेड की संख्या कम हो गई है, लेकिन इसके बाद भी आयकर विभाग की झोली में टैक्स बरस रहा है। इनकम टैक्स के साथ रिटर्न भरने वालों की संख्या में भी इजाफा दर्ज किया गया है। चार जिलों के 2.98 लाख करदाताओं ने बीते वित्तीय वर्ष में 483 करोड़ का आयकर भरा है।

आयकर विभाग की अलीगढ़ रेंज एक के तहत फर्रूखाबाद, मैनपुरी, कन्नौज व अलीगढ़ चार जिले आते हैं। वित्तीय वर्ष 2023-24 मे चारों जिलों के 298700 लाख करदाताओं ने 483 करोड़ का इनकम टैक्स भरा। जबकि 2022-23 के वित्तीय वर्ष की बात करें तो 262352 लाख करदाताओं ने 451 करोड़ का आयकर भरा था। बीते हुए वित्तीय वर्षमें 32 करोड़ रुपये अधिक राजस्व आयकर विभाग में करदाताओं ने जमा किया। साल 2022-23 में 19509 हजार नए करदाता बढ़े थे जबकि 2023-24 में 34721 हजार नए करदाता बढ़े। वित्तीय वर्षकी समाप्ति के बाद केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने आकड़ा जारी कर दिया है। अलीगढ़, मैनपुरी,

फर्रूखाबाद व कन्नौज के लोगों ने खूब इनकम टैक्स अदा किया है। नौकरीपेशा से लेकर उद्योगपति, कारोबारी, ठेकेदार व अन्य वर्गके लोग शामिल हैं। प्रति व्यक्ति आय, कारोबार, निवेश, खरीद सेइनकम टैक्स बढ़ रहा है। इनकम टैक्स में सब-कुछ फेसलेस हो चुका है। आयकर विभाग के 90 फीसदी से अधिक मामलों का निस्तारण फेसलेस के माध्यम से हो रहा है। आयकर विभाग से लोगों का जुड़ाव केवल ऑनलाइन है। आयकर भवन में लोग केवल पैन संबंधित मामलों को लेकर आते हैं। अधिकारी ऑनलाइन ही नोटिस देते हैं और सीए की ओर से ऑनलाइन ही जवाब दाखिल किया जाता है। लेकिन इसके बाद भी आयकर दाताओं की संख्या में हर साल इजाफा हो रहा है। साल 2023-24 में 34721 हजार

करदाता बढ़े हैं, जबकि पिछले साल संख्या 19509 हजार थी। ऑनलाइन निगरानी से लोग इनकम टैक्स के दायरे में अधिक आ रहे हैं। डिजिटल लेन देन भी आर्थिक स्रोतों की पोल खोल रहा है।

**इनका कहना है...**

सहायक आयकर आयुक्त अलीगढ़ मनोज कुमार भारती ने बताया कि चारों जिलों में पिछले साल से 32 करोड़ रुपये से अधिक का आयकर जमा हुआ है। पिछले साल 451 करोड़ का आयकर जमा हुआ था जो कि इस बार 483 करोड़ जमा हुआ है। 37 हजार से अधिक नए आयकर दाता भी बढ़े हैं।

# स्मृति इरानी के नामांकन और रोड शो में शुकुल बाजार से भाजपा नेता महेंद्र विजय सिंह एवं जिला उपाध्यक्ष की अगुवाई में शामिल हुए हजारों लोग

स्वतंत्र प्रभात



**शुकुल बाजार अमेठी।** भारतीय जनता पार्टी से लोकसभा उम्मीदवार स्मृति इरानी के नामांकन को लेकर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह दिखाई दिया, लोकसभा एवं जनपद के अंतिम छोर पर बसे शुकुल बाजार मंडल से वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला एवं हाल ही में भाजपा में शामिल हुए उद्योगपति तथा भाजपा नेता महेंद्र विजय सिंह की अगुवाई में हजारों भाजपा समर्थक एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की डबल इंजन की भाजपा सरकार द्वारा कराए जा रहे विकास की गति को निरंतर बनाए रखने हेतु आगामी 20 मई को कमल का बटन दबाकर बीजेपी के पक्ष में मतदान करें। उन्होंने कहा कि जनता सहित कार्यकर्ता में भारी उत्साह दिखाई दे रहा है, वहीं हाल ही में भाजपा में शामिल हुए नेता महेंद्र विजय सिंह ने कहा कि अब की बार 400 पर के नारे को साकार करते हुए दिल्ली में बनने वाली भाजपा सरकार में एक बार फिर अमेठी से एक कमल ऐतिहासिक विजय के साथ भेजना है, उन्होंने कहा इस बार स्मृति ईरानी की पिछली बार से कई गुना अधिक मतों से विजय होगी। उन्होंने कहा जनता का उत्साह बता रहा है कि प्रदेश में और देश में रामराज्य आ गया है बताते चलें कि लोकसभा के अंतिम छोर पर बसे शुकुल बाजार मंडल की लगभग सभी कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी रहती है। अमेठी सांसद स्मृति इरानी के नामांकन के उपलक्ष्य में हुए रोड शो में शुकुल बाजार से वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला, उद्योगपति एवं भाजपा नेता महेंद्र विजय सिंह, शिक्षक प्रशिक्षण प्रकोष्ठ संयोजक पंडित राम उंजेरे शुक्ला, युवा भाजपा नेता मानवेंद्र विजय सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष जसकरन सिंह, मंडल अध्यक्ष शंकर बक्स सिंह, मीडिया विभाग जिला सहसंयोजक सुशील कुमार मिश्रा, वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश शुक्ला, सेक्टर संयोजक अशोक शुक्ला, संजय सिंह, आदर्श इंटर कॉलेज के प्रबंधक जय सिंह चंदेल, इस्तखार अहमद, मनोज मौर्य सहित हजारों लोग शामिल हुए।

# ये चुनाव देश के विकास सनातन व धर्म अधर्म का है: बृजेश पाठक

● भाजपा प्रत्याशी के नामांकन जनसभा में बोले डिप्टी सीएम

विपक्ष पर किया तीखा प्रहार




स्वतंत्र प्रभात

**बांदा।** आगामी लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी आर0के 0 सिंह पटेल के नामांकन के अवसर एक विशाल जनसभा का आयोजन जनपद के राजकीय इंटर कालेज मैदान सिविल लाइंस बांदा में आयोजित हुआ। जनसभा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे ब्रजेश पाठक उपमुख्यमंत्री उ0प्र0 सरकार की जनसभा में आयें हजारों भाजपा कार्यकर्ताओं, नेताओं, पदाधिकारियों व भाजपा समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा कि ये चुनाव देश के विकास सनातन व धर्म अधर्म का है, जिसमें एक ओर धर्म पर आधारी भारतीय जनता पार्टी है तो दूसरी ओर सनातन के विरोधी वह अधर्मी भ्रष्टाचारी दल है जो अपने भ्रष्टाचार और बटवारे की राजनीत को बढाने के लिए चुनाव लड रहे है आपने देखा है किस तरह निर्मम तरीके से राम भक्त कारसेवकों की हत्या करवायी गई थी और अयोध्या की भूमि को रक्त रन्जित किया गया था 2014 के बाद से केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेत्रत्व में अपने सभी वादों को पूर्ण कर देश में भ्रष्टाचार मुक्त शासन की व्यवस्था दी, जिस कारण विपक्षियों को लगातार पराजय का मुख देखना पडा ये आप सभी मतदाताओं का ही बल है कि भव्य श्रीराम मन्दिर निर्माण और देश को विकास के पथ पर सरपट दौडाने में मदद मिली। मोदी के नेत्रत्व में बीते 10 सालों में देश का मान विश्व पटल में अग्रणी स्थान पर है। जैसा अभी हाल ही में रूस एवं यूक्रेन मध्य चल रहे युद्ध के दौरान वहॉ पर फसे हमारे भारतीय विद्यार्थियों सकुशल तिरंगे के साथ वतन वापसी करायी है। वही प्रदेश में यशस्वी मुख्यमंत्री योगी अदित्य नाथ के नेतृत्व में विकास की धारा निरन्तर बह रही है, जिसके अन्तर्गत सडाकें का जाल व एक्सप्रेस-वे की सौगात के साथ ही हर घर नल से जल पहुचाने का काम पूर्ण होने की स्थिति में है। इसके पूर्व बुन्देखण्ड क्षेत्र में पेयजल की समस्या से आमक्षेत्रीय जन हमेशा परेशान होते थे। सपा सरकार में पीने के पानी के लिए केन्द्र सरकार द्वारा टेञ्नो से पानी आता था। पूर्व में शिक्षा के क्षेत्र में स्कूलो का हाल बहुत बुरा था पूर्ववर्ती सरकारों में स्कूलो में तबेले खोल दिये जाते थे और आज वर्तमान में हमने कायाकल्प योजना के माध्याम से स्कूलों का नवीनी करण कराया है साथ ही वहॉ पढने वाले बच्चों को जूता-मोजा, ड्रस मध्यान भोजन और गुणवत्ता युक्त शिक्षा देने का काम कर रहे है। सांसद प्रत्याशी आर0 के0 सिंह पटेल ने कार्यकर्ताओ, पदाधिकारियों व मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि मोदी जी के हांथो को मजबूत करने के लिए हमे अथक परिश्रम कर हर बूथ पर कमल खिलाना है और स्वयं आर0 के0 पटेल बनकर अधिक से अधिक मतदान कराना है।


इस अवसर पर विधायक बांदा सदर प्रकाश द्विवेदी ने कार्याकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा 48 क्षेत्र के प्रत्येक बूथ में कमल खिलाना है और कमल को खिला कर हमे मोदी के हाथों को मजबूत करना है। महिलाओं के सम्मान में नारी शसक्ती करण के लिए बहुत सी योजनाओं का क्रियान्वन किया है। जिससे महिलाओ के सम्मान में इज्जत घर देकर उनका मान बढाया है। जलशक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व सरकारों के देश व प्रदेश में विकास कार्य भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ कर कभी भी धरतल में फलीभूत नहीं होतें थे अब योजनाएं बनती भी है और उससे आमजन को लाभ भी होता है। इसके साथ ही पूर्व में एक नारा था कि जिस गाडी में जितना बडा सपा का झण्डा उस गाडी में बैठा उतना ही बडा गुण्डा। इस जनसभा के दौरान सपा, बसपा व अन्य दलो के वरिष्ठ पदाधिकारी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने उपमुख्यमंत्री के समक्ष भाजपा की सदस्यता की जिसमें प्रमुख रूप पूर्व बसपा प्रत्याशी विधान सभा 235 धीरज सिंह राजपूत, रामपाल प्रजापति पूर्व प्रदेश सचिव सपा के साथ लगभग 150 सपा बसपा व अन्य कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ली। इसकी अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष संजय सिंह द्वारा की गई इस कार्यक्रम का कुशल संचालन जिला महामंत्री अखिलेश नाथ दीक्षित द्वारा किया गया। इस अवसर पर लवकुश चतुर्वेदी जिलाध्यक्ष चित्रकूट, रामकिशोर साहू जिला प्रभारी बांदा, अनिल यादव जिला प्रभारी चित्रकूट, ब्रजकिशोर गुप्ता लोकसभा प्रभारी, मनोज शुक्ला लोकसभा सह प्रभारी, बालमुकुंद शुक्ला लोकसभा संयोजक, शिवशंकर सिंह लोकसभा सह संयोजक, इंद्रपाल सिंह पटेल क्षेत्रीय उपाध्यक्ष कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र, पुरुषोतम पाण्डे पूर्व जिलाध्यक्ष, संतोष गुप्ता पूर्व जिलाध्यक्ष, अखलेश श्रीवास्तव पूर्व जिलाध्यक्ष, दिनेश तिवारी पूर्व जिलाध्यक्ष, रंजना उपाध्याय पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष, अशोक जाटव जिला पंचायत अध्यक्ष चित्रकूट, चंद्रिका उपाध्याय पूर्व राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार, लवलेश सिंह पूर्व जिलाध्यक्ष, अशोक त्रिपाठी पूर्व जिलाध्यक्ष, राजेश द्विवेदी पूर्व जिलाध्यक्ष, जनपद बांदा व चित्रकूट के सभी नगर पालिका अध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष, ब्लाक प्रमुख, कार्यकर्ता भाजपा पदाधिकारी सहित हजारों भाजपा समर्थक उपस्थित रहे।

# जनपद के वरिष्ठ समाजसेवी डॉ सुरेंद्र बहादुर सिंह (काकू) के आकस्मिक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर

स्वतंत्र प्रभात

**महराजगंज/रायबरेली-** जनपद के वरिष्ठ समाजसेवी डॉ सुरेंद्र बहादुर सिंह (काकू) के आकस्मिक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। 75 वर्षीय डॉ सुरेंद्र बहादुर सिंह समाजसेवा के क्षेत्र में ऐसे मुकाम पर थे, जहां बहुत से समाजसेवियों की उम्र गुजर जाने के बाद भी नहीं पहुंच पाते हैं। इस महंगाई के जमाने में जहां लोगों में पैसा कमाने की लोलुकता होती है वहीं डॉ सुरेंद्र बहादुर सिंह के द्वारा कई सामाजिक कार्यों के साथ गरीबों का निःशुल्क इलाज के द्वारा नया जीवन प्रदान किया गया। आपको बता दें कि, डॉ सुरेंद्र बहादुर सिंह अपने सामाजिक कार्यों के दम पर क्षेत्र के साथ-साथ जनपद में भी "काकू" के नाम से काफी लोकप्रिय थे। बीते शुक्रवार की शाम लगभग 5:30 बजे उनका आकस्मिक निधन हो गया। वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए। उनके मौत की खबर मिलते ही महराजगंज क्षेत्र समेत पूरे जनपद में शोक की लहर दौड़ गई। उनके मौत की खबर मिलते ही सैकड़ों लोगों ने सोशल मीडिया के माध्यम से उनके प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट करनी शुरू कर दी। इसके बाद उनके पैतृक गांव मऊ शर्की पर अंतिम दर्शनों के लिए लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा।

शनिवार को उनके शव का अंतिम संस्कार गांव स्थित उनके पैतृक बाग में कर दिया गया। जहां पर वर्तमान विधायक श्याम सुंदर भारती, पूर्व विधायक रामलाल अकेला, पूर्व विधायक राजाराम त्यागी, शिवसागर अवस्थी एडवोकेट, भाजपा नेता विद्यासागर अवस्थी एडवोकेट, ज्योति प्रकाश अवस्थी एडवोकेट, वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ माताफेर सिंह, प्रधान संघ अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह उर्फ दद्दू, प्रतिष्ठित व्यवसायी राजकुमार सिंह उर्फ मोंगा, अजीत सिंह, दीपू चौधरी प्रधान, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि प्रदीप चौधरी, दिलीप तिवारी प्रधान, डब्बू सिंह प्रधान, रणविजय सिंह प्रधान, श्रवण कुमार प्रधान, क्षेत्र पंचायत



सदस्य प्रतिनिधि ओम प्रकाश सिंह उर्फ भोलू, लवलेश कुमार पांडेय प्रधानाचार्य, हीरा सिंह प्रधान, पन्ना सिंह, राम बहादुर लोधी, श्याम भवन सिंह, दिनेश मिश्रा, संजीव कुमार अवस्थी, राजकुमार शर्मा, हरिहर सिंह, भुल्लर सिंह, सतीश सिंह, सहित हजारों की संख्या गणमान्य व्यक्ति व स्थानीय क्षेत्रों के लोगों ने पहुंचकर उनके अंतिम दर्शन किए और अपनी शोक संवेदना व्यक्त कर दिवंगत समाजसेवी के परिवार को ढांढस बधाया। मुखाग्नि उनके छोटे बेटे महेश सिंह एडवोकेट ने दी।

# लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के लिए 36-रायबरेली संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में 12 नामांकन फार्म वितरण/नामांकन का विवरण

● 29 अप्रैल 2024 को 01 प्रत्याशी द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किया गया

स्वतंत्र प्रभात

**रायबरेली,** 36-रायबरेली संसदीय निर्वाचन क्षेत्र-

1. सरदार सिद्धान्त पार्टी 01 सेट
2. मौलिक अधिकार पार्टी 02 सेट
3. राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी 01 सेट
4. निर्दलीय 02 सेट
5. निर्दलीय 01 सेट
6. निर्दलीय 01 सेट
7. निर्दलीय 01 सेट
8. निर्दलीय 01 सेट
9. निर्दलीय 01 सेट
10. निर्दलीय 01 सेट

कुल- 12 फार्म लिए गए

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 हेतु आज 36-रायबरेली संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए रोहिताश सारस्वत पुत्र नरेन्द्र सारस्वत निवासी 19/227 टाउन पुलिस चौकी के पीछे चन्द्र महल वार्ड नं0 33 करौली राजस्थान के द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किया गया।

# साईकिल से सम्पूर्ण भारत की यात्रा पर निकले हैं सुरजीत; युवाओं को जगाने का करेंगे काम

**बस्ती।** सदियों से व्यक्ति एक जगह से दूसरी जगह जाने के लिए या घूमने के लिए भ्रमण/यात्राएं करता रहा है। उसकी यह यात्रा कभी कभी आवश्यकता होती है तो कभी उसका जूनून। यही जुनून उसे किसी भी हद तक आगे बढ़ा देता है। ऐसी ही यात्रा का जुनून या शौक सुरजीत कुमार का भी है। जिन्होंने पूरे भारत वर्ष का भ्रमण कर देश की संस्कृति को करीब से जानने तथा युवाओं को जगाने का मन बनाया है। अपने इसी जुनून को पूरा करने के लिए साईकिल से सम्पूर्ण भारत की यात्रा पर निकल कर युवाओं को जगाने का काम करेंगे। उन्होंने अपनी यह साईकिल यात्रा 22 अप्रैल 2024 को उत्तर प्रदेश के महाराजगंज जनपद अन्तर्गत सोनौली के पास नेपाल बार्डर के पास शुरू की है। भारत भ्रमण की अपनी इस साईकिल यात्रा में शनिवार रात वह बस्ती जनपद पहुंचे। जहाँ अमहट स्थित शिवमंदिर के पास रात्रि विश्राम किया।

# सीएचसी में असुविधाओं का बोलबाला, बाहर से दवाएं लेने को मजबूर मरीज

स्वतंत्र प्रभात




**नवाबगंज (उन्नाव)।** कानपुर-लखनऊ राजमार्ग पर स्थिच सीएचसी नवाबगंज को यदि चिकित्सको की कमाई का अड्ड्डा कहां जाये तो गलत नही होगा। यहां आने वाले मरीजों को सरकारी सुविधा जैसी कोई व्यवस्था नही मिलती है। दवा, जांच और अल्ट्रासाउन्ड सभी बाहर के लिये लिखा जाता है। दवा लिखने के साथ आपको दुकान का नाम भी बता दिया जायेगा। यहां पर चिकित्सको ने एक-एक दुकान सेट कर रखी है कहीं भी दवा नहीं मिलेगी। इसकी शिकाएतों के बाद कोई भी कार्यवाही होने से यहां के स्टाफके हौसले बुलन्द है।

मालूम हो कि कानपुर-लखनऊ राजमार्ग पर कस्बा स्थित सीएचसी पर चिकित्सको की भारी भरकम फौज है और तीन महिला चिकित्सक है पर यहां पर कोई भी इलाज न होकर केवर प्राईवेट इलाज के साथ जांच के लिये भी बाहर जाना पड़ता है। इसकी शिकाएत हो रही है। पीड़ित मरीज रोज अपनी शिकायत कर रहे है पर सुनने वाला कोई नही है। इसके लिये जब सोमवार को एक बार फिर देखा गया तो अल्ट्रासाउन्ड कराकर आ रही सुमन पत्नी राजू निवासी रानीपुर और सुनीता पत्नी अमित निवासी चमरौली को बाहर से अल्ट्रासाउन्ड कराकर लाने की सलाह दी गयी। इसके साथ ही दवा भी मरीजों को बाहर से लानी पड़ रही है। दवा लेकर आने वाले सूरज कुमार निवासी चमरौली बताते है कि क्या करें यहां कोई भी दवा तो नहीं मिल रही है। दवा बाहर की लिखने के साथ ही चिकित्सक दवा की दुकान भी बता देते है और कहीं दवा नहीं मिलेगी। जिससे मजबूरन आपको बतायी जगह पर दवा लेने की मजबूरी होगी। दवा वही अच्छी कंपनी की नही लिखी जाती है जो सभी जगह मिल जायेगी। इसमें एक मोटा कमीशन मिलता है तो सभी की एक दुकान सेट किये हुये और वही से दवा लाने के लिये कहते है। अगर कही आप दूसरी जगह से दवा लाये तो कमियां बताकर वापस किया जाता है। क्षेत्र के लोगो ने इससे राहत दिलाये जाने की मांग की है। चिकित्साधीक्षक डॉ राजेश कुमार ने कहां वो कई बार इसकी हिदायत दे चुके है अगर कोई बाहर की दवा लिखेगा तो उसके खिलाफ विभाग को पत्र लिखा जायेगा।

## मलेरिया अधिकारी ने आशा कार्यकत्रियों को दिया प्रशिक्षण



स्वतंत्र प्रभात

**पुरवा (उन्नाव)।** जिला मलेरिया अधिकारी रमेश चंद्र यादव ने सीएचसी पहुंचकर आशाओ वर्कस का प्रशिक्षण देकर 10-10 मलेरिया किट दिये। गांवों में जाकर हाई ग्रेट बुखार के मरीजों की जांच करके पैथालाजी में जांच करने के लिए सौपे। साथ ही लैब में विभिन्न बीमारियों के पोस्टर न लगे देखकर लैब टेक्नीशियन अमरीश कुमार को नाराजगी जताई। जिला मलेरिया अधिकारी ने सीएचसी सभागार में 107 आशाओं को प्रशिक्षण देकर कहा कि गांवों में गम्भीर बुखार के रोगियों पर नजर रखे तथा मलेरिया की 10 किट दी गयी। आशा वकर्स से कहा कि गांवों में जाकर बुखार के रोगियों की मलेरियाकिट से जांच करें। लैब में पहुंच कर मलेरिया, टाइफाइड की स्लाइड के बारे में जानकारी लेने पर लैब टेक्नीशियन अमरीश कुमार ने अप्रैल में मलेरिया की 320 जांचे तथा टाइफाइड की 15 जांचे बताई। साथ ही लैब में विभिन्न बीमारियों का पोस्टर लगा न होने पर जिला मलेरिया अधिकारी ने लैब टेक्नीशियन को फटकार लगाई कि बीमारियों का पोस्टर लगाए तथा बुखार की होने वाली जांचों में लैब टेक्नीशियन लापरवाही न बरते। साथ सीएचसी में बने हाई स्ट्रोक वार्ड में व्यवस्थाएं पूर्ण पाई तथा वार्ड की स्टाप नर्स किरन ने बताया कि हाई ग्रेड बुखार के मार्च माह में 26 तथा अप्रैल माह में 34 बुखार के मरीज भर्ती हुए। निरीक्षण के दौरान सीएचसी प्रभारी डॉ दिनेश कुमार व लैब टेक्नीशियन अमरीश कुमार व स्टॉफनर्स किरन मौजूद थी।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया बाबा बुलाकी शाह का 108वां उर्स

स्वतंत्र प्रभात



**उन्नाव।** हसनगंज क्षेत्र के गाव मदनापुर में हर साल की तरह इस साल भी हिन्दू मुस्लिम एकता का प्रतीक उर्स व मेले का आयोजन किया गया। हजरत बाबा बुलाकी शाह रहमत उल्ला का उर्स बड़ी धूम धाम से मनाया गया। 25, 26 व 27 अप्रैल तीन दिन तक चला उर्स और मेला इस बार मदनापुर में आगाज हुआ। उर्स कमेटी के अध्यक्ष जनाब जलाल खान ने बताया कि बाबा कि मजार पर गुस्ल वा कुल शरीफहुआ। प्रोग्राम रात भर कौवाली का भी हुआ कौवालो ने मजार पर कलाम पेश किया। उसके बाद नगर में गागर निकली रात भर कुवाली होती रही जिसमे दूर दूर से आए हुए लोगो ने मजार पर चादर पोशी की। जिसमे जायरीन लोगो ने हिन्दू धर्म और मुस्लिम समाज के लोगो ने बाबा की मजार पर मन्नते और भाई लोगों ने मुरादे मगते है बाबा की मजार पर चादर चढ़ाते है। उर्स मेला कमेटी के सदस्य आरिफखान ने आए हुए सभी लोगों को खाना और चाय पानी सभी अच्छी तरह से तैयार व्यवस्था की। तमाम तरह के इंतजाम करते है। सभी लोगो के लिए जो लोग उर्स और मेले में आते है। उर्स में मोहान, न्योतनी, हसनगंज, आसीवन, रसूलाबाद, मियागंज, सफीपुर, बांगरमऊ, गंजमुरादाबाद, नवई झलोतर, अजगैन, मुंशीगंज, कुरसठ, नवाबगंज समेत अन्य जनपदों से जायरीन लोग बाबा के उर्स में शिरकत करते है और अपनी मुरादे मांगते हैं। मेला कमेटी के चेयरमैन जनाब तारिक खान ने सभी लोगो का स्वाभिमान बढ़ाने का प्रयास किया और सभी लोगो का शुक्रिया अदा किया जो भी लोग उर्स और मेले में आते हैं।

## एस.पी. ने नामांकन की तैयारियों का लिया जायजा

स्वतंत्र प्रभात

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने कलेक्ट्रेट सभागार में लोकसभा चुनाव 2024 की नामांकन की प्रक्रिया की तैयारियों की जायजा लिया। सोमवार को सुबह 11.00 बजे से शाम 3.00 बजे तक चुनाव आयोग की दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए पुलिस व प्रशासन की आपसी ताल-मेल से नामांकन प्रक्रिया सम्पन करायी गयी। चुनाव आचार संहिता का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में प्रशासनिक व पुलिस विभाग के अधिकारियों द्वारा सुरक्षा की पुख्ता इन्तजाम किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अधिकारी व कर्मचारीगण को चुनाव आयोग के आदेशों व निर्देशों से अवगत कराया। तैयारियों के जायजा के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक शशि शेखर सिंह, क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद ब्रजेश सिंह सहित अन्य पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।



### नामांकन के पहले दिन 16 लोगो ने लिए 42 नामांकन पत्र

**संतकबीरनगर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में 62-संत कबीर नगर संसदीय लोकसभा क्षेत्र के लिए नामांकन के प्रथम दिन 16 व्यक्तियों ने नामांकन पत्र प्राप्त किया। नामांकन के प्रथम दिन भारतीय जनता पार्टी एवं समाजवादी पार्टी सहित 16 व्यक्तियों ने कुल 42 नामांकन पत्र प्राप्त किये। नामांकन के प्रथम दिन किसी भी पार्टी अथवा व्यक्ति द्वारा नामांकन पत्र दाखिल नही किया गया। नामांकन पत्र प्राप्त किये जाने एवं नामांकन पत्रों को दाखिल/जमा किये जाने की अंतिम तिथि आगामी 6 मई 2024 सायं 03 बजे तक निर्धारित है। कलेक्ट्रेट परिसर में जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय कक्ष संख्या 03 को नामांकन कक्ष बनाया गया है।

# राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान 2024 से नवाजे गए डॉ जय प्रकाश शर्मा

**- डॉ जय प्रकाश शर्मा को बधाई देने वाला का लगा ताता**

**पूर्व में भी दर्जनों अवार्ड से सम्मानित किये जा चुके हैं डॉ जय प्रकाश शर्मा**

स्वतंत्र प्रभात

**संतकबीरनगर।** उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रख्यात समाजसेवी भारत गौरव रत्न श्री सम्मान डॉ जय प्रकाश शर्मा को दिल्ली में गोल्डन स्पैरोज संस्था की ओर से बीते 28 अप्रैल को तीन मूर्ति भवन नई दिल्ली के सभागार में मुख्य अतिथि प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेत्री,भारतीय भरतनाट्यम नृत्यांगना और फिल्में सुधा चंद्रन द्वारा राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया। समाज सेवा के क्षेत्र में किए गए कार्यों को लेकर इन्हें इस सम्मान से सम्मानित किया गया है। डॉ जय प्रकाश शर्मा को इसके पूर्व मे डॉक्टरेट की उपाधि,माइलस्टोन्स अचीवर्स अवार्डस 2023-24,भारत प्रतिष्ठा पुरस्कार 2022-23, भारत गौरव रत्न श्री सम्मान 2023-24, अंतर्राष्ट्रीय शांति राजदूत पुरस्कार 2023, नेशनल प्राईड अवार्ड 2022-23, एजुकेशन आइकन अवार्ड 2023-24,अंतर्राष्ट्रीय आइकन अवार्ड 2023-24,राष्ट्रीय उत्कृष्टता अवार्ड 2024,इंडिया ग्लोरी अवार्ड 2024,माइलस्टोन्स अचीवर्स अवॉर्डस 2022-23,उत्तर प्रदेश रेसलिंग एसोसिएशन वाइस प्रेसिडेंट हार्नी डॉक्टरेट इन सोशल वर्क 2022 समेत दर्जनों अवार्ड सहित दर्जनो सम्मान इसके पूर्व पा चुके है। बताते चले कि डॉ जय प्रकाश शर्मा समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रहरी भूमि का निभाने का काम विगत कई वर्षो से करते आ रहे है। समाज सेवा के माध्यम से कोरोना महामारी के समय गरीब असहाय लोगों को निशुल्क राशन दवा अन्य जरूरी सामग्री का वितरण किया। कोरोना कल में बाहर फंसे लोगों को घर तक पहुंचाना गरीबों का मकान बनवाने का सहयोग करना। गरीब लड़कियों की शादी करना गरीब बच्चियों की पढ़ाई में सहयोग करना ठंड के समय लोगों में कंबल वितरण करना समय तमाम अन्य जरूरतमंदों को मदद करना दिनचर्या में शामिल है। विगत वर्षो से समाज सेवा के क्षेत्र में जो कृतिमान स्थापित किया है उसकी चौतरफा चर्चा हो रही है। डॉ जय प्रकाश शर्मा से एक संक्षिप्त मुलाकात में जो बातें कहीं उससे साफजाहिर हुआ कि डा जय प्रकाश शर्मा के अंदर समाज के प्रति कुछ करने की ललक है।

डॉ जय प्रकाश शर्मा जाती,पात,उच,नीच का कोई भेदभाव नहीं करते है। उनका मानना सिर्फयह है कि समाज में जो भी लोग मौजूद है। सभी के दुख सुख में खड़ा होना ही सच्ची सेवा है। डॉ जय प्रकाश शर्मा के बारे में




लोग बताते हैं कि हर गरीब के सुख-दुख में पहुंचकर डा जय प्रकाश शर्मा विगत कई वर्षो से लगातार मदद करते आ रहे है। इस दौरान बधाई देने वालों में सांसद इंजीनियर प्रवीण निषाद विधायक धनघटा गणेश चौहान, भाजपा जिलाध्यक्ष जगदंबा लाल श्रीवास्तव,पौली ब्लाक प्रमुख संघ जिलाध्यक्ष राम मिलन यादव, हैसर अध्यक्ष प्रतिनिधि नीलमणि,भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री गणेश पाण्डेय,समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता खलीलाबाद विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी सुबोध चंद्र यादव,जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राहुल यादव बादल, समाजसेवी बलिराम शर्मा,सुरेश चंद्र शर्मा,बाबूराम शर्मा,भाजपा जिला मंत्री कपिल कनौजिया,समाजसेवी जुबेर अहमद,भाजपा नेता उमेश सिंह,पूर्व ब्लाक प्रमुख रामवृक्ष कनौजिया, तौहीद खान,पिंटू यादव,शंभू यादव, जमुना यादव,जितेंद्र यादव,रमाकांत चौधरी समेय तमाम लोगों ने बधाई दी।

## 59 की उम्र मे आज गीता को किया 28वां रक्तदान

**- सजल कुमार रेंडर के जज्बे को सलाम**

स्वतंत्र प्रभात



**बांदा।** सेवर्स आफ लाइफ संगठन के मीडिया प्रभारी सुनील सक्सेना ने अवगत कराया की आज गीता गुप्ता नाम की महिला का आपरेशन होना था, किन्तु शरीर मे खून की कमी की वजह से ऑपरेशन रुका हुआ था। ऐसे मे परिजनों द्वारा संस्था से सम्पर्क करने पर 59 वर्षीय संस्था के नियमित रक्तदाता सजल कुमार रेंडर जी ने रक्तदान करने की इच्छा व्यक्त की और तत्काल ही जिला अस्पताल पहुंचकर रक्तदान किया। यह सजल जी का 28वां रक्तदान था। इस उम्र मे भी उनका ये जज्बा एक प्रेरणास्रोत है। संस्था ने उनका आभार व्यक्त किया। रक्तदान पश्चात् मरीज के परिजनों ने भी संस्था और रक्तदाता का आभार व्यक्त किया। रक्तदान के समय सलमान खान अध्यक्ष सेवर्स आफ लाइफ, अभय सिंह सचिव सेवर्स आफ लाइफ, मीडिया प्रभारी सुनील सक्सेना सेवर्स आफ लाइफ, बांदा ब्लड बैंक के प्रमोद द्विवेदी पीआरओ, प्रमोद यादव लैब टेक्नीशियन आदि मौजूद रहे।

## हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट के छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात



**संतकबीरनगर।** सी.बी. मिश्र इण्टर कालेज पटखौली में सोमवार को हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट के टापर विद्यार्थियों को सह प्रबंधक डा. रत्नेश कुमार मिश्र द्वारा सम्मानित किया गया तथा आगामी कक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन के लिए उत्सावर्धन किया गया। हाईस्कूल में सर्वाधिक अंक प्राप्त वालो में कु. नन्दनी विश्वकर्मा, काजल गौड़, विकास गौड़, आचल, हर्षिता, राजन सिंह, अमन गौड़, पापल गौड़, रोशनी गौड़ तथा नन्दनी को सम्मानित किया गया। इसी प्रकार इण्टरमीडिएट में निशा यादव, मुस्कान शर्मा, राजेश साहनी, रजनीश प्रजापति, मंसिका मौर्य, अंकित कुमार, कु. शिखा सिंह, शिवम दूबे, अमन कुमार को सम्मानित किया गया। सहप्रबंधक डा. रत्नेश कुमार मिश्र ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि शिक्षा से बड़ा कोई धन नहीं, बच्चों को अच्छी शिक्षा दे, न इसको चोर चुरा सकता, न राजा इसे बांट सकता है, पूरी दुनिया इन किताबों में है इनका ज्ञान अर्जित करते हुए सफलता की ओर अग्रसर रहे। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही व्यक्ति को सम्पन्न बनाती है आप समय का सदुपयोग करते हुए लक्ष्य बनाकर पढ़ाई करें निश्चित रुप से एक दिन सफलता जरूर मिलेगी। इस मौके पर प्रधानाचार्य कौशल कुमार मिश्र ने कहा कि जो भी छात्र-छात्राए किन्ही कारण बस उत्कृष्ट प्रर्दशन नही कर पाए है वह अभी से ऐसा प्रयास करे जिससे आगामी परीक्षा में अच्छा अंक अर्जित कर अपने माता-पिता का नाम रोशन कर सकते है। इस अवसर पर राजेश्वर प्रसाद शुक्ल, केशरी नन्दन उपाध्याय, अनुराग कुमार, पंकज उपाध्याय, दीपू प्रजापति, रमेश मिश्र, श्रीमती अर्चना सिंह, श्वेता यादव, बबिता गौड़, खुशबू चौधरी, सतेन्द्र कुमार, उदय नारायण, राकेश दूबे, धर्मराज शर्मा, दीपक गौड़ उपस्थित रहे।

## हिरा इस्लामिया इण्टर कालेज के मेधावियों को डीआईओएस ने किया सम्मानित

**- प्रधानाचार्या ने प्रस्तुत की प्रगति आख्या**

**बांदा।** हिरा इस्लामिया इण्टर कालेज नरैनी रोड, बाँदा में इण्टर मीडिएट एवं हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 2024 में विद्यालय के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओ को विजयपाल सिंह जिला विद्यालय निरीक्षक बाँदा द्वारा सम्मानित किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के प्रबन्धक, प्रधानाचार्या एवं समस्त स्टाफ ने मुख्य अतिथि विजयपाल सिंह जिला विद्यालय निरीक्षक बाँदा का बड़ी ही गर्मजोशी के साथ गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती मरियम खान ने विद्यालय की प्रगति आख्या प्रस्तुत की।

अपने सम्बोधन में विजयपाल सिंह जिला विद्यालय निरीक्षक बाँदा ने छात्र-छात्राओ का मनोबल बढ़ाते हुए कहा की प्रत्येक छात्र-छात्रा को एकाग्रता, लगन और तन्मयता के साथ प्रत्येक परीक्षा मे भरपूर प्रयास करना चाहिए। इसके बाद इण्टर मीडिएट परीक्षा वर्ष 2024 में कमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त फायजा (82:), मन्तशा खान (79.8:), मो0 ओवैस खान (79.8:), एवं शिबरा सिद्दीकी (78.2:) तथा हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 2024 में कामरान राईस (90.67:), फलक खान (89.16:), शफीक अहमद (88.33:), को सम्मानित किया। उक्त कार्यक्रम मे छात्र-छात्राओ के अभिभावको ने छात्र-छात्राओ का अपने सम्बोधन द्वारा मनोबल बढ़ाया। अंत मे विद्यालय की प्रधानाचार्या मरियम खान ने जिला विद्यालय निरीक्षक बाँदा एवं आए हुऐ अभिभावको का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे समस्त शिक्षक एवं स्टाफ का भरपूर योगदान रहा।




### अवैध कच्ची देशी शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**बांदा।** थाना नरैनी पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार। अभियुक्त के कब्जे से 28 लीटर अवैध कच्ची देशी शराब महुआ, लगभग 1 कुन्तल लहन व शराब बनाने के उपकरण बरामद। रात्रि को थाना नरैनी पुलिस को रात्रि गश्त एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना नरैनी क्षेत्र के ग्राम पोंगरी से एक अभियुक्त को उसके घर से अवैध कच्ची देशी शराब महुआ की निष्कर्षण करते समय गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे अवैध देशी कच्ची शराब महुआ, भारी मात्रा में लहन व शराब बनाने के उपकरण बरामद हुए है।

# संक्षिप्त ख़बरें

### पैदल जा रहे अधेड़ को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

**बांगरमऊ (उन्नाव)।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ततियापुर निवासी ओमप्रकाश 55 वर्ष पुत्र जोद्धी सोमवार को बांगरमऊ की बाजार आया था। वह घरेलू उपयोग का सामान खरीदने के बाद पैदल बस अड्डे की तरह जा रहा था। तभी रास्ते में तिकोनिया पार्क के निकट अचानक अज्ञात वाहन ने उसके टक्कर मार दी। हादसे में ओमप्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद नागरिकों ने आनन-फानन घायल को यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने हालत नाजुक देखकर घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### शराब के पैसे न देने पर पति ने पत्नी को पीटा

**नवाबगंज (उन्नाव)।** अजगैन कोतवाली के गांव मानपुर में एक नवविवाहिता के पति को शराब के पैसे नही दिये, जिससे नाराज पति ने उसे कमरे में बंद करके उसकी जमकर पिटाई कर दी। सूचना पर पहुंचे युवती के स्वजन कोतवाली पंहुचे और प्रार्थना पत्र दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मालूम हो कि ग्राम असेहरु निवासी रामसुमेर ने कोतवाली अजगैन में प्रार्थना पत्र दिया कि उसकी बेटी लक्ष्मी की शादी 5 साल पहले मानपुर में रमेश के साथ की थी। शादी के बाद से उसकी बेटी को पति मारता-पीटता था। उसमें सास भी शामिल रहती थी। इसका कोतवाली में दो बार फैसला भी हो चुका है। रविवार की शाम को उसकी बेटी के पति ने शराब के लिये पैसे मांगे पर लड़की ने इंकार किया तो उसकी जमकर पिटाई की। उसकी सास ने उसको पीटा और कमरे में बंदकर दिया, कमरे में भी पिटाई की। इसकी सूचना गांव वालों ने लड़की के पिता को दी तो वो भागकर रात को गांव पहुंचे और 112 मिलाकर कमरे से बेटी के बाहर निकलवाया और कोतवाली पहुंचे, जहां पर प्रार्थना पत्र दिया। कोतवाली प्रभारी अवनीश कुमार ने बताया कि प्रार्थना पत्र मिला है, जांचकर कार्यवाही की जायेगी।

### डंपर से टकराई अनियंत्रित बस



**नवाबगंज (उन्नाव)।** सोहरामऊ थाना क्षेत्र के अंतर्गत भल्ला फार्म चौराहे पर बस और डंफर की टक्कर हो गई। हादसे में बस में बैठी सभी सवारियां बाल-बाल बच गई। यह बस लखनऊ से कानपुर की तरफ जा रही थी। तभी एक डंफर भल्ला फार्म से मोड़ कर कांथा की तरफ जा रहा था। अचानक बस की तेज स्पीड होने के कारण डंफर के पिछले हिस्से में जा लड़ा। बस में बैठी सभी सवारियां बाल बाल बची। अभी उन्नाव के सफीपुर रोड पर एक प्राइवेट बस दुर्घटनागत होने से उसमें बैठे न जाने कितनों की जान चली गई थी, आखिरकार यह सरकारी बस वाले क्या चाहते हैं, अधिकतर दुर्घटनाएं बड़े डंफर स्पीड तेज की वजह से न जाने कितनों के जान चली जाती है।

### सी. बी. मिश्र इंटर कॉलेज में योग प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन




**सन्तकबीरनगर।** निःशुल्क योगकेन्द्रों का सामूहिक उद्घाटन उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान, लखनऊ के द्वारा सम्माननीय निदेशक विनय श्रीवास्तव तथा जितेन्द्र कुमार (आई.ए.एस., अपर मुख्य सचिव, भाषा विभाग) के कुशल निर्देशन में सोमवार को सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में 71 निःशुल्क योगकेन्द्रों का उद्घाटन किया गया। जिन केन्द्रों में लगभग 2800 छात्र योग का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। उसी क्रम में सी. बी.मिश्र इंटर कॉलेज पटखौली केन्द्र पर कौशल कुमार मिश्र केन्द्राध्यक्ष की देखरेख में डॉ पम्मी सिंह योग प्रशिक्षिका के द्वारा योगकेन्द्र का उद्घाटन किया गया। उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान के माननीय निदेशक विनय श्रीवास्तव ने सभी प्रशिक्षकों को शुभकामनाएँ प्रदान की। संस्थान के सम्माननीय पदाधिकारी तथा इस योजना के सर्वेक्षक महेन्द्र पाठक ने इस सत्र के शुभारम्भ में सभी प्रशिक्षकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि योगविद्या हम सभी को स्वस्थ रखते हुए जीवनशैली को परिवर्तन करने की क्षमता रखती है। इन केन्द्रों का उद्देश्य शिक्षा के साथ-साथ धनोपार्जन का भी अवसर प्रदान करना है। संस्थान के प्रशिक्षण समन्वयक दिव्यरंजन ने इस कार्यक्रम में सभी को दिशा निर्देश देते हुए सकुशल कक्षाएँ चलाने के लिए निर्देश दिया एवं सभी शुभकामनाएँ प्रदान की। कार्यालयीय पत्रव्यवहार व वृत्तविषयक निर्देश शिवम गुप्ता ने दिए। इस अवसर पर संस्थान के पदाधिकारी वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी दिनेश मिश्र,डॉ रत्नेश कुमार मिश्र,राकेश मिश्र,संगीता मिश्र एवं प्रबंधक श्रीमती मीरा मिश्र सहित सभी 71 केन्द्रों के केन्द्राध्यक्ष, संचालक, प्रशिक्षक एवं शिक्षार्थी उपस्थित रहे।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से दो किशोरों की दर्दनाक मृत्यु



**कछौना हरदोई** सड़क सुरक्षा के प्रति लापरवाही जानलेवा साबित हो रही है। वाहन चालकों की लापरवाही, तेज गति, शराब के नशे के कारण सड़कों की बदहाल स्थिति के कारण आए दिन बेगुनाह लोगों की जाने जा रही है। जिसका दंश परिवार जीवन भर झेलने को मजबूर है। बीती रात कोतवाली कछौना के अंतर्गत कछौना से बेनीगंज संपर्क मार्ग से टिकारी पुलिया, पल्लेपार गडखरी से होते हुए प्रताप नगर मार्ग पर गडकरी पुलिया के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से दो किशोरों की दर्दनाक मृत्यु हो गई। यह पुलिया हादसे का बड़ा कारण है। यह मार्ग काफी जर्जर है जगह-जगह गहरे गड्ढे हैं। पुलिया बनी हुई लेकिन बारिश के कारण सड़क कटाव होने से पुलिया के पास गहरे गड्ढे होने के कारण कई बार हादसे हो चुके हैं। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली कछौना के अंतर्गत ग्राम सभा लोनहरा के ग्राम कुडरी हरपाल पुत्र कपिल उम्र 18 वर्ष अपने रिश्तेदार बुआ के लड़के प्रिंस कुमार पुत्र रामकुमार उम्र 16 वर्ष निवासी काजीपुर थाना कासिमपुर के पास साथ गडखरी ग्राम सभा आँट सांट मोटरसाइकिल से वैवाहिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने गए थे। रविवार की रात गडखरी पुलिया पर दोनों किशोर दुर्घटनाग्रस्त के शिकार हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों की सूचना पर कछौना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां पर डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया इस घटना से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है अभिभावकों की लापरवाही के कारण दोनों नाबालिक किशोर दुर्घटना के कारण काल के गाल में समा गए प्रतिदिन सड़क दुर्घटनाओं में इजाफा होने के बावजूद लोग यातायात नियमों के पालन में लापरवाही बरत रहे हैं। जिसके कारण लोग स्वयं व दूसरों की जान जोखिम में डालने का काम कर रहे हैं।

### अज्ञात बस के चपेट में आने से एक भैंस की मौत दूसरी घायल



**महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सेखुआनी चौराहे से करीब दो मीटर पूरब नौतनवां-ठूठीबारी मुख्य मार्ग पर सोमवार की भोर करीब 4 बजे अज्ञात बस की चपेट में आने से एक भैंस की मौके पर ही मौत हो गई तथा दूसरी भैंस गम्भीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के मुताबिक परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सेखुआनी टोला शंकरपुर निवासी रामादल यादव सोमवार की भोर में अपने दोनों भैंस को चराने के लिए जा रहे थे कि अचानक तेज रफ्तार में आ रही अज्ञात बस की चपेट में आकर एक भैंस की मौके पर ही मौत हो गई तथा दूसरी भैंस गम्भीर रूप से घायल हो गई। वहीं मौके के नजाकत को देखते हुए बस चालक फरार हो गया। प्रभारी थानाध्यक्ष अमित सिंह ने बताया कि मामले में तहरीर प्राप्त हुआ है तथा तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर अज्ञात बस की खोजबीन की जा रही

### गांजे के साथ युवक हुआ गिरफ्तार

**बांदा।** थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा अवैध सूखे गांजे की तस्करी करने वाले अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार । अभियुक्त के कब्जे से 5 किलोग्राम अवैध सूखा गांजा व परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद । पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अवैध मादक पदार्थो की बिक्री करने वाले अभियुक्तों पर कार्यवाही हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत देर शाम थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा गश्त एवं वाहन चेकिंग के दौरान बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस वे के नीचे गोलचक्कर के पास से अवैध सूखे गांजे की तस्करी करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के कब्जे से अवैध सूखा गांजा व अवैध सूखे गांजे के परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद किया गया।

# संक्षिप्त ख़बरें

## गोला तहसील सभागार मे बी एल ओ का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन।

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** तहसील सभागार में क्क्ह का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। तहसीलदार गोला सुखवीर सिंह द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। क्क्ह को मतदाता पर्ची वितरण, अस्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी, वेब कास्टिंग, वोटर गाइड व मतदान केंद्र पर मतदाता सहायता केंद्र स्थापित किए जाने इत्यादि विषयों पर प्रशिक्षित किया गया। सभी मतदाताओं से अपील है कि अधिक से अधिक मतदान करें। इस मौके पर नायब तहसीलदार सर्वेश यादव व नायब तहसीलदार भानु प्रताप भी उपस्थित रहें।

## ये जीन पाइप उठाऐ कोई आम इंसान नहीं बल्कि मोहम्मदी विधायक हैं

**तहसील मोहम्मदी क्षेत्र के रमपुरा गांव में आग लगने से भारी नुक्सान**



**मोहम्मदी खीरी** – तहसील मोहम्मदी के अंतर्गत आने वाले गांव रामपुर में जब कल दिन में अचानक आग लगने से वहां के निवासियों में अचानक अफरातफरी में गयी थी तभी उस वक्त मोहम्मदी के क्षेत्रीय विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह अपने पार्टी कार्यकर्ताओं व समर्थकों के साथ क्षेत्र में थे रमपुरा में आग लगने से उठा भयंकर धुआं व पहुंचे लोगों के फोन पर तुरंत विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने संज्ञान लिया और चंद मिनट में आग लगी घटना स्थल पर पहुंच गए आम लोगों की तरह मोहम्मदी विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने स्वयं आग बुझाने में आपने कार्यकर्ताओं के साथ मदद की अधिकारीयों को तुरंत फोन पर अवगत भी कराया अधिकारी गण भी तुरंत मौके पर पहुंचे लेकिन जब तक बेकाबू आग ने सब कुछ जलाकर नष्ट कर दिया था आग लगने से लोगों का भारी मात्रा में नुकसान हो गया ग्रामीणों के कई मवेशियों की जिंदा जलकर मौत हो गई सोना चांदी नगदी राशन सामग्री मोटरसाइकिल आदि सब जलकर नष्ट हो गया जिससे ग्रामीणों का भारी नुक्सान हुआ है तत्काल प्रभाव से मौके पर पहुंचे मोहम्मदी विधानसभा के लोकप्रिय विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने प्राशासनिक अधिकारियों से वार्ता कर तुरंत सहायता देने के लिए कहा व साथ ही शासन स्तर तक बात पहुंचाकर हर सम्भव मदद दिलाने का ग्रामीणों को आश्वासन दिया क्षेत्र में लगी आग को स्वयं विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह आग बुझाते नजर आये

## मेला देखने गए युवक के साथ की मारपीट, चार पर रिपोर्ट दर्ज

**बरेली/देवरनिया।** कोतवाली क्षेत्र के गुलड़िया मोहम्मद हुसैन निवासी महेंद्र पाल पुत्र देव दत्त ने बताया कि वह 25 अप्रैल की रात गांव करनपुर में मेला देखने गया था। जब वह अपनी कार से वापस आ रहा था तभी रास्ते में गांव के ही ललित कुमार पुत्र महेंद्र सिंह की दुकान के सामने एक मोटरसाइकिल बीच रोड पर खड़ी थी। मोटरसाइकिल को देखकर उसने अपनी कार रोक ली तभी गांव के ही मंगल सिंह पुत्र डालचंद, हरपाल पुत्र मुन्ना लाल, अजय पुत्र हेतराम व सुरेंद्र पुत्र टेहरी आ गए और उन्होंने उसे गंदी-गंदी गालियां देते हुए लाठी डंडों, लातों घूंसों से बुरी तरह मारा पीटा। वह वहीं पर अपनी कार छोड़कर जान बचाकर भाग आया। पीड़ित ने कोतवाली में उपयुक्त चारों के खिलाफ तहरीर दी है। इंस्पेक्टर देवेंद्र सिंह धामा ने बताया कि उक्त चारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सिद्धदोष बन्दी की मृत्यु प्रकरण में जांच अधिकारी नामित

**अलीगढ़,।** अपर जिला मजिस्ट्रेट नगर अमित कुमार भट्ट ने अवगत कराया है कि वरिष्ठ जेल अधीक्षक पत्र के क्रम में जिला मजिस्ट्रेट विशाख जी0 द्वारा सिद्धदोष बन्दी भाऊ उर्फ अतवीर पुत्र श्री केदारी यादव आयु लगभग 65 वर्ष निवासी ग्राम हरनौर थाना दादों की उपचार के दौरान मृत्यु के प्रकरण की मजिस्ट्रियल जांच के लिए अपर नगर मजिस्ट्रेट प्रथम विनीत मिश्रा को जांच अधिकारी नामित किया गया है।

उन्होंने बताया है कि विदित रहे कि सिद्धदोष बन्दी भाऊ उर्फ अतवीर रोग से लम्बे समय से ग्रसित थे एवं कारागार प्रवेश से ही कारागार चिकित्सालय एवं 06 अप्रैल से पं0 दीन दयाल उपाध्याय संयुक्त चिकित्सालय व 10 अप्रैल से जे0एन0 मेडिकल कॉलेज अलीगढ़ में भर्ती रहकर विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में उपचार प्राप्त कर रहे थे। बंदी भाऊ उर्फ अतवीर की 13 अप्रैल को प्रातः काल समय लगभग 08:10 बजे उपचार के दौरान जे0एन0 मेडिकल कॉलेज अलीगढ़ मृत्यु हो गयी है।

# इस बार मतदाताओं ने भाजपा को पूरी तरह से नकार दिया है- आनंद भदौरिया

**● धौरहरा क्षेत्र में सपा प्रत्याशी ने की चुनावी जनसभाएं**

स्वतंत्र प्रभात
नित्यानंद बाजपेई

**लखीमपुर खीरी।** पहले और दूसरे चरण के लिए हुए मतदान में मतदाताओं ने भाजपा के उम्मीदवारों को पूरी तरह से नकार दिया है। चुनाव से पूर्व भाजपा ने अबकी बार चार सौ पार का नारा दिया था, लेकिन पहले और दूसरे चरण का चुनाव देखकर भाजपा के लोग इस नारे को भूल गए। जन सरोकारों से दूर हवा-हवाई राजनीति करने वाले भाजपाईयों को पहले हवा का रुख पता नहीं था। पहले और दूसरे चरण में जब उन्होंने जनता की भावना देखी तो उन्हें हकीकत पता लगा गया। यह बात धौरहरा लोकसभा सीट के सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया ने सोमवार को धौरहरा क्षेत्र में आयोजित चुनावी जनसभाओं को संबांधित करते हुए कही।क्षेत्र के धौरहरा कस्बा सहित नयागांव, बोझिया उदलिशपुर, लोकई पुरवा खजुरी, रामलोक, ठकुरन पुरवा, अमेठी, पाली हरिरामपुर, करौंहा, कंधरापुर, महराजनगर आदि गांवों की जन सभाओं में उन्होंने कहा कि भाजपा ने किसानों को भरोसा दिलाया था कि उनकी आय दोगुनी होगी। लेकिन केंद्र और राज्य सरकार ने उनकी फसल का सही दाम आज तक नहीं दिलवा पाई है। खाद, बीज, बिजली, डीजल, पेट्रोल सभी कुछ महंगा हो गया है। भाजपा सरकार ने देश के बड़े उद्योगपतियों का कर्ज माफ किया। लेकिन किसान के लिए कुछ नहीं किया। सपा प्रत्याशी ने कहा कि विकसित भारत के नाम पर प्रधानों से पैसा वसूला गया। गठबंधन की सरकार आएगी तो एमएसपी कानून होने के साथ किसानों का कर्ज माफ किया जाएगा। किसान खुशहाल होगा तो भारत विकसित होगा। सपा नेता ने कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड ने बीजेपी का बैंड बजा दिया है।



जन सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक शमशेर बहादुर शेरू ने कहा कि समूचे धौरहरा क्षेत्र में जन समस्याओं का अम्बार लगा है। बेरोजगारी से युवा परेशान है। किसान सिंचाई के अभाव में मुश्किल दौर से गुजर रहा है। आजादी के 76 सालों बाद भी धौरहरा क्षेत्र को विकास की दरकार है। यहां पर जन सुविधाओं का पूरी तरह से अभाव है। उच्च शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, यातायात के समुचित साधन जैसी मूलभूत सुविधाएं इस इलाके के बाशिंदों के लिए आज भी दूर की कौड़ी बनी हुई हैं। उन्होंने कहा कि इस बार जब केंद्र में गठबंधन की सरकार बनेगी और धौरहरा से आनंद भदौरिया सांसद बनेगें, तो धौरहरा क्षेत्र विकास के मानचित्र पर एक अलग पहचान बनाएगा। इसलिए आप सब एकजुट होकर सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया के पक्ष में एकजुट होकर मतदान कर उन्हें भारी बहुमत से विजयी बनाएं। उन्होंने कहा कि आपके अपने प्रत्याशी आनंद भदौरिया ही धौरहरा क्षेत्र का विकास करेंगे और यही आपके सच्चे हितैषी साबित होंगे। सभा को वरूण चौधरी ने भी संबोधित किया। जन सभाओं में मुन्ना यादव, कमाल अहमद, नफीस, मुकेश दीक्षित, प्रधान ठेकेदार, गुरूदेव, विकास यादव, मनीष्ज्ञ शुक्ला, पूजा मिश्रा, पहलवान सिंह, श्रवण यादव, शब्बन खां, फैजुल हसन खा आदि मौजूद रहे।

# तेंदुआ- घर के बाहर जुटी ग्रामीणों की भीड़, पीलीभीत के इस गांव में सुबह-सुबह फैली दहशत

**● तेंदुआ- घर के बाहर जुटी ग्रामीणों की भीड़, पीलीभीत के इस गांव में सुबह-सुबह फैली दहशत**



स्वतंत्र प्रभात

**पीलीभीत** जनपद में जंगल से बाहर निकला तेंदुआ सोमवार सुबह आबादी में आ गया। वह एक ग्रामीण के घर में बनी पशुशाला में घुस गया। तेंदुए के घर में घुसने से गांव में दहशत फैल गई। सूचना पर पुलिस के साथ वन विभाग की टीम भी पहुंच गई। वन विभाग की टीम उसे पकड़ने का प्रयास कर रही है।

गांव बरी अलीगंज में सोमवार सुबह तड़के महोफ जंगल से बाहर आकर तेंदुआ प्रेम शंकर के घर के बराबर में पशुशाला घुस गया। ग्रामीण उस समय नींद से जगा ही था। उन्होंने दूर से उसे कमरे के अंदर घुसते हुए देखा तो शोर मचाना कर दिया। इस पर तमाम ग्रामीण इकट्ठा हो गए और बाहर से दरवाजे पर कुंडी लगा दी।

**मौके पर जुटे सैकड़ों लोग**

गांव में तेंदुआ होने की खबर आग की तरह फैल गई। सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण जमा हो गए। सड़क और छतों पर लोग जुट गए। ग्रामीणों ने इसकी सूचना न्यूरिया थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार बिश्नोई व महोफ रेंजर सहेन्द्र कुमार यादव को दी। सूचना पर वन विभाग व पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। उन्होंने कमरे को चारों तरफ से घेराबंदी की। सामाजिक वानिकी के डिप्टी रेंजर शेर सिंह ने बताया कि अधिकारियों को सूचना दी गई है। तेंदुए को बेहोश करके पकड़ा जाएगा। उसे पकड़ने के लिए रेस्क्यू की तैयारी की जा रही है।

# दस माह में ही धंस गई 24 लाख से बनी सड़क

स्वतंत्र प्रभात




**पीलीभीत** टनकपुर हाईवे से मेडिकल कालेज तक दस माह पहले बनाई गई सड़क धंसने लगी है। इससे राहगीरों के सामने भी खतरा पैदा हो गया है। मेडिकल कॉलेज तक जाने वाली सड़क काफी जर्जर हो गई थी। इससे मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। सड़क बनाने के लिए नगर पालिका की ओर से करीब 10 माह पहले टेंडर प्रक्रिया की गई थी। इसके बाद 24 लाख रुपये का बजट भी पास किया गया था। इस भारी भरकम बजट से सड़क का निर्माण कराया गया। निर्माण के दौरान ठेकेदार की ओर से लापरवाही एवं मानक के अनुसार काम न करने का प्रमाण सामने आने लगा। मेडिकल कॉलेज में इमरजेंसी के पास सड़क धंसने लगी है। वहां पर लंबी दरार पड़ने के कारण वाहन चालकों के सामने भी समस्या उत्पन्न हो गई है। धंसी हुई सड़क को लेकर साफ तौर पर माना जा रहा है कि सड़क का निर्माण मानक के अनुसार नहीं करवाया गया है।

**पूर्व में भी हो चुके हैं ऐसे कई मामले**

सड़क बनने के बाद उनके उखड़ने के कई मामले पहले भी हो चुके हैं। हाल ही में 9 अप्रैल को गजरौला क्षेत्र के गांव शिवनगर में बनी सड़क के उखाड़ने का मामला सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इससे पहले अमरिया क्षेत्र व अन्य कई तहसील क्षेत्र में ऐसे मामले सामने आ चुके हैं। मामला वायरल होने के बाद संबंधित विभाग के जिम्मेदारों ने ठेकेदारों से सड़क को दुरुस्त करवाया था। मामले की जानकारी नहीं है। ऐसा है तो दिखवाकर कार्रवाई की जाएगी। -एलसी भारती, ईओ नगर पालिका कमरे में बंद।

# इलाज के नाम पर ठगी का शिकार हो गई महिला,करता रहा महिला से दरिंदगी

**● संतान की चाहत में इलाज करने गई महिला से अश्लील हरकतें की और एक रात रूकने का दिया झांसा**

स्वतंत्र प्रभात

**गोला गोकर्णनाथ, खीरी।** सन्तान की चाहत में नगर की एक महिला ठगी का शिकार हो गई।कथित वैध ने महिला से अश्लील हरकतें की और एक रात रुकने का झांसा दिया।पीड़ित महिला ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। नगर के मोहल्ला तीर्थ निवासी एक महिला सन्तान सुख से वंचित है।वह हर हाल में सन्तान सुख चाह रही है।काफी प्रयास के बाद भी सफलता नहीं मिली।महिला परेशान है। महिला का कहना है कि वह 25 जनवरी को अहमदनगर के पास साई धाम मंदिर गई थी।वहां बताया गया कि ग्राम मूड़ा सरकटा निवासी नसीमुद्दीन इसका गारन्टी से इलाज करता है।वह नसीमुद्दीन से मिली।महिला का कहना है कि नसीमुद्दीन ने उसे पूरा भरोसा दिया।इस बीच तीन किस्तों में 30 हजार रुपये नसीमुद्दीन को दे दिए,पर फायदा नहीं हुआ। महिला का आरोप है कि नसीमुद्दीन उससे अश्लील हरकतें भी करता था।वह उसे दुआ करना समझती रही।जब फायदा नहीं हुआ तो रुपया वापस करने को कहा।महिला का यह भी आरोप है कि तब नसीमुद्दीन ने उससे एक रात गुजारने की शर्त रखी और कहा कि बच्चे की पूरी गारन्टी तभी होगी। महिला ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत देकरकर रिपोर्ट दर्ज किए जाने और 30 हजार रुपए वापस कराने की गुहार लगायी है। गोला पुलिस महिला को घटनास्थल हैदराबाद बात कर मामले टाल रही है जबकि महिलाओंके




लिए रिपोर्टिंगचौकी गोला में खोली गई हैजिसमें कई थानों को जोड़ा गया है लेकिन महिला चौकी महिला चौकी इंचार्ज अपूर्व शर्मा नो मामला थानाहैदराबाद बात कर मामले को टाल दिया है जिससे पीड़ितमहिला काफी परेशान होकर दर-दर भटक को मजबूर है इधर महिला चौकी इंचार्जअपूर्व शर्मा से जब बात की गई तो उन्होंने बताया कि घटनास्थल थाना हैदराबाद का है इसलिए वहीं पर अपनी रिपोर्ट दर्ज करवा ले।

# बहेड़ी तहसील में झोलाछाप डॉक्टरों की भरमार, फर्जी लैब वालों की भी आरही चांदी

स्वतंत्र प्रभात




**बरेली/बहेड़ी** क्षेत्र के कस्बों व गांवों में झोलाछाप डॉक्टरों की दुकानो में मरीजों का इलाज धड़ल्ले से किया जा रहा है। यहां बिना डिग्री धारक चिकित्सक मरीजों के जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं। कस्बे में स्थित सरकारी अस्पताल के आसपास सहित जगह-जगह बिना पंजीकरण वाले चिकित्सक क्लीनिक चला रहे हैं।

इतना ही नहीं मेडीकल के साथ ही निजी क्लिनिक संचालित किए जा रहे हैं । जो बिना पंजीयन और विशेषज्ञ डॉक्टर की कमी के चल रहे। ऐसी ही लापरवाही अक्सर लोगों के लिए महंगी साबित होती है। ऐसा ही एक मामला अभी कुछ दिनों पहले चर्चाओं का विषय रहा है । डॉक्टर उबैस गिरधरपुर जो की बी.ए.एम.एस. हैं। लेकिन अपने नाम के आगे एम.बी.बी.एस. लिखवा रखा था।

इस प्रकार के बहुत से केस सामने आते रहते हैं। हाल ही में एक और क्लिनिक सामने आया है । जिसका नाम हेल्थ केयर क्लिनिक है जिनसे पूछा गया बिना पंजीकरण के आप कैसे चला रहे है । उनका कहना है, यहाँ कोई नहीं आता और अगर आता है तो यहाँ के सारे क्लीनिक बंद कर दिए जाते है !। वहीं थोड़ा आगे चलते ही तिराहे पर तो उससे भी ज्यादा हालत खस्ता मे कई क्लिनिक मौजूद है।

जो बिना डिग्री बिना पंजीकरण के धड़ल्ले से चल रहें है । अगर ठीक तरह से जांच हो जाए तो झाजूनागर और सिंगोटिया में लगभग 10 ऐसे झोलाछाप डॉक्टर और भी मिल जाएंगे। समय-समय पर सरकार झोलाछाप डॉक्टरों के क्लीनिक पर छापा डालने की मुहिम चलाती रहती है। यह मुहिम एक तरह की नौटंकी होती है । जिससे न सरकार को कुछ हासिल होता और न ही झोलाछाप डॉक्टरों का कुछ बिगड़ता है। यह एक सरकारी रूटीन मात्र है। बैंक क्षेत्र के मुड़िया नवी बक्स, कुंडरा कोठी सहित कई देहात क्षेत्र में डॉक्टरों की भरमार है ।जहां गरीबों के साथ लूटमार की जा रही है । पर कोई अधिकारी कहीं कोई संज्ञान नहीं लेता है। जिसकी वजह से फर्जी डॉक्टर गरीबों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ तो कर ही रहे हैं । साथ ही उनकी जेबों पर भी डाका भी डाल रहे हैं ।और सरकारी स्वास्थ्य विभाग को ठेंगा दिखा रहे हैं।

**कुंडरा कोठी सहित देहात क्षेत्रों में संचालित हो रही फर्जी पैथोलॉजी लैबे**

तहसील क्षेत्र के कुंडरा कोठी, मुंडिया नबी बख्श, बकैनियां स्वाले आदि देहात क्षेत्र में दर्जनों फर्जी पैथोलॉजी लैबे संचालित हो रही है ।जो गरीबों को उल्टी सीधी जांचों के नाम पर धन लूट रही है । तथा गरीबों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। यहां पर बैठने वाले कोई भी पैथोलॉजी स्पेशलिस्ट नहीं है । नाबालिक उम्र के बच्चे सीरीज के सहारे टेस्ट के लिए खून निकालते हैं पर कोई भी अधिकारी इसका संज्ञान नहीं लेता है।

कुछ लैबों पर तो नाबालिक बच्चे ही काम करते हैं जब उनसे पूछा जाता है । कि डॉक्टर साहब कहां है । तो वह बता देते हैं कि वह बरेली में बैठते हैं । कुछ फर्जी लैबे वाले बड़ी लैबों से जांच के नाम पर बड़ी रकम बसल करते हैं पर फर्जी रिपोर्ट देकर लोगों को गुमराह करते हैं। जानकारी में आया है कि डिग्री धारक डॉक्टर इन लैबों की रिपोर्ट को फर्जी बताकर मानने से इनकार भी कर देते हैं। आपको बता दें कि क्षेत्र में बैठने वाले फर्जी डॉक्टरों की लैव वालों से सांठगांठ है । और वह पर्चा बनाकर फर्जी लैब वलों के यहां भेज देते हैं जिससे गरीबों की जेब पर अच्छा खासा ढाका पड़ता है ।और कुछ कमीशन लैब वाले फर्जी डॉक्टरों को भी भेज देते हैं जिससे दोनों का धंधा बड़े जोरों से चल रहा है।

## बसपा प्रत्याशी अंशय कालरा का लगातार जनसंपर्क जारी, जनता का मिल रहा आशीर्वाद

स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर खीरी** लोकसभा से बसपा प्रत्याशी अंशय कालरा लोकसभा के मद्देनजर लगातार जनता के बीच पहुंच रहे हैं। वे जनता से सीधा संवाद स्थापित कर रहे हैं एवं जन समस्याओं और सुझावों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। उन्होंने एक टोल फ्री नंबर भी जारी किया है जहां जनता सीधे अंशय कालरा से जुड़ सकते हैं। लोकसभा के अंतर्गत आने वाले कमलापुर और गुटैय्या बाद में जनसंपर्क करते हुए बसपा लोकसभा प्रत्याशी अंशय कालरा ने अपने जनसंपर्क की स्मृतियां साझा करते हुए कहा की खीरी लोकसभा की जनता से मिल रहे अपरिमित स्नेह और सहयोग से अभिभूत हूं। खीरी लोकसभा की जनता यह अहसास ही नहीं होने देती की हम चुनावी मैदान में उतर कर मतदान हेतु जन संपर्क कर रहे हैं। जहां जाता हूं लोकसभा क्षेत्र की जनता मुझे अपने



परिवार की तरह स्नेह प्रदान कर रही है। जगह जगह महिलाएं आरती उतार रही हैं , बुजुर्ग तिलक और पुष्प माला ले कर अपनेपन के साथ भेंट करते हैं , युवा और बच्चे मेरे साथ सेल्फी लेने उत्साह के साथ आते हैं और उन सभी का बेहतरीन प्रतिसाद भाव विभोर कर देता है।

खीरी लोकसभा की जनता का स्नेह देखकर मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि बहुजन समाज पार्टी खीरी लोकसभा से ऐतिहासिक जीत की बढ़ रही है और निश्चित ही खीरी लोकसभा से एक नया कीर्तिमान स्थापित होगा। मैं भी खीरी लोकसभा की जनता से वादा करता हूं की परिवार की तरह एक पालक की तरह लोकसभा क्षेत्र के विकास के लिए क्षेत्र वासियों की समस्या के निदान के लिए पूर्व की तरह सदैव चौबीसों घंटे उपलब्ध रहूंगा।

# लखीमपुर में मनरेगा में मौरंग घोटाला,और श्रम सामग्री अनुपात में बड़ा खेल, प्रधानों के साथ छल

स्वतंत्र प्रभात

**जनपद लखीमपुर खीरी** के विकास खण्ड लखीमपुर में मनरेगा में मौरंग घोटाला करके बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितता की जा रही है,विकासखंड लखीमपुर की ग्राम पंचायत अमानलाला,बाजपेई, बिझौली,बेहटा, घुंघची, लाहौरी नगर, पहाड़ापुर, सलेमपुर,में इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण में इंटरलॉकिंग टाइल्स के नीचे सीमेंट रोड़ा बालू डालकर, बालू के स्थान पर मौरंग का भुगतान कराया गया है।मौरंग घोटाला करके बंदर बांट किया जाता है लखीमपुर ब्लाक में जहां श्रम सामग्री का अनुपात पंचायत स्तर पर संतुलित है वहां का भुगतान रोक कर श्रम सामग्री अनुपात जिला स्तर पर होने के नियम का दुरुपयोग करके पंचायत स्तर पर श्रम सामग्री अनुपात के संतुलन को दरकिनार करके ग्राम पंचायतों में बीडीओ द्वारा अपने चहेते सतीश कटियार ठेकेदार से कार्य करा कर उसका प्राथमिकता पर भुगतान करने के लिए उसके कार्यों के एफटीओ

प्राथमिकता पर बना कर भुगतान के समय पिक एंड चूज किया गया है। लखीमपुर विकासखंड के बीडीओ ने ग्राम रोजगार सेवक सतीश कटियार को 10 ग्राम पंचायत में मनरेगा इंटरलॉकिंग सड़के बनाने का ठेका दिला दिया




ताकि एकमुश्त कमीशन मिले, श्रम सामग्री अनुपात आकलन जिला स्तर पर होने के कारण बीडीओ ब्लॉक स्तर पर मनमानी करके प्रधानों द्वारा स्वयं कराए गए कार्यों का भुगतान रोक कर सतीश ठेकेदार के कामों के भुगतान को प्राथमिकता दी गई है। 15 मार्च को विकासखंड में मनरेगा का भुगतान हुआ जिसमें सार्वाधिक भुगतान ठेकेदार सतीश की फाइलों का हुआ। बीडीओ व सतीश ठेकेदार द्वारा मिलीभगत करके इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण में 1~6~12 (सीमेंट~ बालू~ रोड़ा) सामग्री में बालू डालकर इस्टीमेट व एमबी में मौरंग का उल्लेख करके लाखो रुपयों के सरकारी धन का बंदरबांट व भ्रष्टाचार किया जा रहा है। लखीमपुर विकासखंड में 15मार्च2024 को कुल 1 करोड़ का भुगतान हुआ जिसमें सतीश ठेकेदार को प्राथमिकता देते हुए उसकी बालू के स्थान पर मौरंग की एमबी की फाइलों का भुगतान कर दिया गया है। और सतीश कटियार ठेकेदार के 2.5करोड़ के कामों/फाइलों में बालू के स्थान पर मौरंग का भुगतान करने की तैयारी है।कई प्रधानों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि श्रम सामग्री अनुपात को लेकर बहुत बड़ा खेल किया गया है सतीश ठेकेदार द्वारा उन प्रधानों के साथ भी छल किया है।बालू डालकर मौरंग का भुगतान ले लिया है। जहां इसने काम किया है। यहां तक कि सतीश ठेकेदार के खेल से अधिकारी भी उलझे हुए हैं कि सपोर्ट का नाजायज फायदा उठा कर समस्या पैदा कर रहा है। उपरोक्त प्रकरण की राज्य स्तरीय तकनीकी भ्रष्ट जांच कराई जाए ताकि मनरेगा में मनमानी पर अंकुश लग सके और सरकारी धन का बंदरबांट बंद हो।

## भारत विकास परिषद गोला शाखा का दायित्व ग्रहण एवं सम्मान समारोह संपन्न

स्वतंत्र प्रभात

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** भारत विकास परिषद गोला शाखा का दायित्व ग्रहण एवं सम्मान समारोह आज संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में नैमिष प्रांत के अध्यक्ष रमेश चंद्र वर्मा एवं कार्यक्रम अध्यक्ष नैमिष प्रांत के प्रांतीय महासचिव डॉ. प्रदीप कुमार गुप्ता रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ. द्वारिका प्रसाद रस्तोगी, नगर पालिका परिषद गोला के अध्यक्ष विजय शुक्ला ÷रिंकू÷ एवं गोला शाखा के संरक्षक डॉ. सौरभ दीक्षित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन,भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। इसके पश्चात वंदे मातरम का गायन एवं साक्षी, आख्या एवं आराध्या द्वारा सरस्वती वंदना की गई। मुख्य अतिथि,कार्यक्रम अध्यक्ष एवं विशिष्ट अतिथियों का सम्मान स्मृति चिन्ह एवं बुके देकर किया गया। समाजसेवी अशोक सक्सेना एवं गुरु हरिकिशन डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ. निर्मल सिंह को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात सत्र 2023- 24 के पदाधिकारी एवं सदस्यों का सम्मान स्मृति चिन्ह देकर किया गया। नैमिष प्रांत के प्रांतीय अध्यक्ष रमेश चंद्र वर्मा ने डॉ. आदर्श दीक्षित को अध्यक्ष एवं विकास मिश्रा को कोषाध्यक्ष के दायित्व की शपथ दिलवाई। प्रांतीय सचिव डॉ. प्रदीप कुमार गुप्ता ने गोला शाखा के सचिव के दायित्व की शपथ सुनील कुमार गुप्ता को दिलवाई। गोला शाखा के अध्यक्ष डॉ.आदर्श दीक्षित ने 2023 - 24 के सत्र के दौरान हुए कार्यों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन शाखा के पूर्व अध्यक्ष गुरुदेव शर्मा ने किया। दायित्व ग्रहण कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष रामसागर वर्मा, अनिरुद्ध गुप्ता, मनोज मिश्रा, अमित शुक्ला पिंटू,अतुल त्रिवेदी ,संजय त्रिवेदी,परविजय सिंह,रामेंद्र शुक्ला, पंकज जायसवाल, काशीराम शर्मा, राहुल शुक्ला,पीयूष पंकज बाजपेई,सौरभ गुप्ता, आदि सम्मानित जन उपस्थित रहे।

## धौरहरा के विकास के लिए आनंद भदौरिया एकमात्र विकल्प- सगीर आलम

स्वतंत्र प्रभात

**मोहम्मदी खीरी-** लोकसभा चुनाव 2024 में समाजवादी पार्टी व इंडिया गठबंधन ने तेजतर्रार युवा नेता पूर्व एमएलसी आनंद भदौरिया को धौरहरा लोकसभा से प्रत्याशी बनाया है आनंद भदौरिया के समर्थन में सपा नेता जिला सचिव सगीर आलम सिद्दीकी ने जनसंपर्क कर लोगों को सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया को समर्थन देने की अपील की सगीर आलम सिद्दीकी ने लोगों से अपील करते हुए कहा की आनंद भदौरिया एक तेज तर्रार युवा क्रांतिकारी नेता के रूप में जाने जाते हैं धौरहरा के विकास के लिए आनंद भदौरिया ही एकमात्र विकल्प है आने वाले लोकसभा चुनाव में ना कोई ग़लती करते हुए सपा प्रत्याशी को अपना समर्थन दे जिससे धौरहरा का बेहतर विकास हो सके सगीर आलम ने कहा मौजूदा वक्त में जनता महंगाई से त्राहि-त्राहि कर रहे हैं महंगाई आसमान छू रही है जनता परेशान हैं युवा नौजवान ज्यादा तर बेरोजगार घूम रहा है किसान परेशान हैं अगर इस सब से निजात पाना है तो सपा कांग्रेस इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार आनंद भदौरिया को अपना समर्थन दे जिससे क्षेत्र का बेहतर विकास हो सके केंद्र में भी परिवर्तन हो सके जिससे अगर इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो किसानों को कर्ज माफी व नौजवानों को रोजगार महिलाओं को पेंशन आदि का लाभ जनमानस को होगा इस दौरान साथ मोहम्मद साजिद जमीर अहमद मौलाना फुरकान मुजीब खां सहित कई लोग मौजूद रहे।

# संक्षिप्त ख़बरें

## नामांकन के प्रथम दिन कुल 18 फार्मो का हुआ वितरण

**राजनीतिक दलों व निर्दल प्रत्याशियों/प्रतिनिधियों द्वारा लिये गये कुल 18 नामांकन फार्म**

**भदोही 29 अप्रैल, 2024:-** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु लोकतंत्र के महापर्व में 78-भदोही संसदीय निर्वाचन क्षेत्र नामांकन हेतु आज प्रथम दिन कुल 18 प्रत्याशियों/प्रतिनिधियों द्वारा नामांकन फार्म रिटर्निंग आफिसर विशाल सिंह एवं सहायक रिटर्निंग आफिसर भानसिंह से लिया गया। फार्म वितरण के ऋम में सशक्त समाजवादी पार्टी से बैजनाथ यादव द्वारा दो सेट, बहुजन समाज पार्टी के प्रतिनिधि मो0 दानिश द्वारा तीन सेट, आल इण्डिया फॉरवर्ड ब्लाक के सुशील कुमार श्रीवास्तव द्वारा तीन सेट, सनातन संस्कृति रक्षादल से पंकज कुमार द्विवेदी द्वारा दो सेट, निर्दल विनय कुमार मिश्रा, निर्दल विकास मिश्रा, सोशित संदेश पार्टी से वीरेन्द्र कुमार चौबे द्वारा 2 सेट, निर्दल मलीक परवेज, कृष्ण बहादुर द्वारा दो सेट, निर्दल रामसिंह, प्रगतिशील मानव समाज पार्टी से प्रेमचन्द्र बिन्द द्वारा दो सेट, राष्ट्रीय समाज पक्ष से रामप्रकाश द्वारा दो सेट, निर्दल श्यामधर तिवारी द्वारा चार सेट, सच समर्थक पार्टी से जियाउल हक द्वारा दो सेट, राष्ट्रीय कॉग्रेस पार्टी शरद पवार डॉ0 अखिलेश कुमार द्विवेदी द्वारा चार सेट, निर्दल जितेन्द्र कुमार उपाध्याय दो सेट, सरदार पटेल सिद्धान्त पार्टी द्वारा दिनेश कुमार पटेल द्वारा दो सेट, इण्डिया गठबन्धन/तृणमूल कॉग्रेस पार्टी के प्रतिनिधि रतीश कुमार श्रीवास्तव द्वारा (ललितेश पति त्रिपाठी) हेतु चार सेट फार्म लिया गया। आज किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन नही किया। शान्तिपूर्ण व सुरक्षित वातावरण में नामांकन कार्य सम्पादित हुआ।

## लोकसभा सामान्य निर्वाचन हेतु व्यय प्रेक्षक शशिभूषण (कनार्टक, भारतीय राजस्व सेवा) का जनपद में हुआ आगमन

**भदोही 29 अप्रैल, 2024:-** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष, पारदर्शी, शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 78-भदोही संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के पर्यवेक्षण हेतु भेजे जाने वाले तीन मा0 प्रेक्षक-सामान्य प्रेक्षक, व्यय प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक में से मा0 व्यय प्रेक्षक शशिभूषण (कनार्टक, भारतीय राजस्व सेवा) का जनपद के राजस्व अतिथि गृह ज्ञानपुर में आगमन हो चुका है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रवास हेतु उनकों कक्ष संख्या-02 आवंटित किया गया है। जनपद का कोई भी नागरिक/प्रत्याशी/राजनीतिक दलों के पदाधिकारी, लोकसभा निर्वाचन में अवैध व्ययों/अवैध सामग्रियों के वितरण व प्रलोभन आदि से सम्बन्धित तथा आर्थिक आयामों के परिपेक्ष में व्यय प्रेक्षक के टेलीफोन नम्बर-05414-299015 या मोबाइल नम्बर-9454069882 पर सूचित कर सकता है। साथ ही राजस्व अतिथि गृह ज्ञानपुर में निर्धारित विजिटिंग आवर्स में मुलाकात कर अपनी बात रख सकते है। व्यय प्रेक्षक शशिभूषण (कनार्टक, भारतीय राजस्व सेवा) ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के नियमों व आदर्श आचार संहिता के अनुरूप जनपद भदोही में लोकसभा निर्वाचन सम्पन्न होगा।

## जिला निर्वाचन अधिकारी भदोही विशाल सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी/ स्वीप नोडल आफिसर कम मतदान प्रतिशत वाले बूथ पर भ्रमण




**जिलाधिकारी भदोही/** जिला निर्वाचन अधिकारी भदोही विशाल सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी/ स्वीप नोडल आफिसर यशवंत कुमार सिंह के कुशल मार्गदर्शन में डिस्ट्रिक्ट स्वीप आईकॉन अशोक कुमार गुप्ता एवं उर्मिला देवी द्वारा आज पूर्व माध्यमिक विद्यालय समही भटानी औराई में कम मतदान प्रतिशत वाले बूथ पर भ्रमण एवं मतदाता आग्रह कार्यक्रम के तहत गैर जनपद एवं प्रांतों में रहने वाले बच्चे लाल राय मुंबई विकास राय मुंबई लाल बिंद बडौदा गुजरात राजकुमार देवी प्रसाद मुंबई संजय कुमार प्रयागराज बृजेश राय मुंबई प्रमोद राय मुंबई अजय राय प्रयागराज बसंत लाल नैनी श्यामा देवी नैनी कलंदर मंगलौर बसंत लाल मुंबईमें रहने वाले मतदाताओं से टेलिफोनिक वार्ता कर 25 मई 2024 को लोकसभा चुनाव में अपने घर गांव आकर के अपने बूथों पर पहुंच कर मतदान के लिए आग्रह किया। इस अवसर पर मुंबई में काम करने वाले बच्चे लाल राय ने कहां कि जिस जिले का जिला अधिकारी हम लोगों के लिए इतना परिश्रम कर रहे हैं उनके लिए हम लोग वोट देने जरूर आएंगे । हम लोगों को अखबारों एवं व्हाट्सएप के द्वारा यह पता चलता रहता है कि हमारे जिला अधिकारी हम लोगों के लिए कितना प्रयास कर रहे हैं कि हर व्यक्ति अपने घर से निकलकर वोट दें।

# मतदाताओं को बूथ तक सहजता से पहुंचने की जानकारी हेतु ष्भदोही बूथ सारथीष् ऐप को आज डीएम दयावंती पुंज कॉलेज में करेंगे लॉन्च

**● - जिलाधिकारी द्वारा जंगीगंज-सीतामढ़ी मोड पर एवं कोईरौना बाजार में मतदाता सुविधा एप के बारे में डीएम मतदाताओं से करेगें चर्चा**

**स्वीप नवाचार पहलों में आज - ''भदोही बूथ सारथी'' मतदाता एप्प होगा लॉन्च**

**आज दयावंती पूंज कालेज में ''भदोही बूथ सारथी'' एप का हजारों युवाओं के साथ डीएम करेंगे शुभारम्भ**

**ई-मतदाता शपथ प्रमाण पत्र डाउनलोड कर 25 मई को वोट करने की, जायेगी प्रतिबद्धता-डीईओ**




स्वतंत्र प्रभात

**भदोही 29 अप्रैल, 2024:-** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के अन्तर्गत जनपद में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के ऋम में स्वीप के अन्तर्गत विविध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। जिला निर्वाचन अधिकारी के कुशल मार्गदर्शन व निर्देशन में स्वीप प्रभारी/मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में नवाचार पहल करते हुए आज 30 अप्रैल को जनपद स्तर पर दयावंती पूंज कालेज में 12 बजे प्रदेश में अपने तरह का विशेष ऐप मतदाताओं को बूथ तक सहजता से पहुंचने की जानकारी देने हेतु मतदाता सुविधा एप ''भदोही बूथ सारथी'' लॉन्च किया जायेगा। इसके पूर्व रास्ते में जिलाधिकारी द्वारा जंगीगंज-सीतामढ़ी मार्ग के मोड पर एवं कोईरौना बाजार में मतदाता सुविधा एप के बारे में मतदाताओं से चर्चा पर चर्चा किया जाएगा

जिला निर्वाचन अधिकारी विशाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश स्तर पर जनपद भदोही द्वारा मतदाता सुविधा एप्प-''भदोही बूथ सारथी'' एप्प बनाया गया है। मतदाताओं को बूथ तक साझाता से पहुंचने की जानकारी हेतु इस ऐप के डाउनलोड के बाद जनपद का कोई भी मतदाता एप्प में पूछे गये आब्जेक्टिव विकल्प के साथ जैसे नाम, पिता का नाम, विधानसभा का नाम, गॉव का नाम आदि के ऋम भरने के बाद आपको अपने बूथ सहित बीएलओ का नाम व मोबाइल नम्बर तक उपलब्ध करा देगा। ताकि आप सुविधा व सुगमता के साथ मतदाता सूची में अपने मतदान केन्द्र/बूथ की भौगोलिक स्थिति की भी जानकारी घर बैठे प्राप्त हो सके। इस ''भदोही बूथ सारथी'' का जनपद स्तर पर लोकापर्ण/शुभारम्भ 30 अप्रैल को दयावंती पूंज कालेज में हजारों लोगों द्वारा डाउनलोड कर इसका व्यापक शुभारम्भ किया जायेगा। इसी मौके पर डिजिटल मतदाता शपथ प्रमाण पत्र भी हजारों लोगों द्वारा डाउनलोड कर 25 मई को मतदान करने हेतु अपनी प्रतिबद्धता की जायेगी।

# मण्डलायुक्त ने जिला निर्वाचन अधिकारी व पुलिस अधीक्षक के साथ कलेक्टेऊट परिसर का भ्रमण कर नामांकन कार्यो की ली जानकारी

**● - मण्डलायुक्त, जिला निर्वाचन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक, एडीईओ, डीएफओ ने कलेक्टेऊट में वृक्षारोपण कर ग्रीन लोकसभा निर्वाचन का दिया संदेश**

**निर्वाचन प्रभारी अधिकारियों द्वारा किये गये तैयारियों का मण्डलायुक्त ने समीक्षा कर दिया आवश्यक दिशा निर्देश**

**आदर्श आचार संहिता का अक्षरसः अनुपालन सुनिश्चित हो- मण्डलायुक्त**

**मतदान प्रक्रिया में गुंडागर्दी करने वाले असामाजिक तत्वों पर तत्काल कठोर कार्यवाही करते हुए दर्ज करें एफआईआर-डॉ मुथुकुमार स्वामी बी**



स्वतंत्र प्रभात

**भदोही 29 अप्रैल, 2024:-**भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के ऋम में जनपद में 25 मई को लोकसभा सामान्य निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी, शान्तिपूर्ण सकुशल ढ़ग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत तैयारियों के ऋम में मण्डलायुक्त डॉ0 मुथुकुमार स्वामी बी ने जिला निर्वाचन अधिकारी विशाल सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ0 मीनाक्षी कात्यायन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी कुंवर वीरेन्द्र मौर्य, डीएफओ नीरज आर्य के साथ कलेक्टेऊट परिसर में हो रहे नामांकन कार्य बैरिकेटिंग आदि तैयारियों व व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए वृक्षारोपण कर ग्रीन लोकसभा निर्वाचन का संदेश दिया। तत्पश्चात् कलेक्टेऊट सभागार में निर्वाचन कार्य से जुड़े सभी प्रभारियों के साथ बैठक कर उनके द्वारा किये जा रहे कार्यो की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिया।

मण्डलायुक्त ने सभी प्रभारियों को मार्गदर्शित करते हुए निर्देशित किया कि सभी अपने निर्धारित कार्यो व दायित्वों का पूर्ण मनोयोग व जिम्मेदारी के साथ शत-प्रतिशत पूर्ण करें। किसी भी स्तर पर असुविधा या रूकावट आने पर तत्काल अवगत कराते हुए निस्तारण सुनिश्चित कराये। उन्होंने एफएसटी टीमों को गम्भीरता व सक्रियता के साथ निगरानी के साथ अवैध सामग्रियों को जब्त कर स्वस्थ निर्वाचन कराने का संदेश दिया। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारी व सेक्टर मजिस्टेऊट को निर्देशित किया कि सभी मतदान केन्द्रो पर जाकर आधारभूत सुविधाओं तक मतदाता की पहुँच को सुनिश्चित कराये। उन्होंने पुलिस बलों को निर्देशित किया कि मतदान के समय असामाजिक तत्वों/गुंडागर्दी करने वालों पर तत्काल वही सख्त कार्यवाही करते हुए एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्यवाही की जाये। भारत निर्वाचन आयोग के नियमों व आदर्श आचार संहिता के अनुरूप निर्वाचन को सम्पन्न कराया जाय। उन्होंने मतदान के समय ईवीएम, कन्ट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट, वीवीपैट, आदि के खराब हो जाने की स्थिति में क्या करना है। इसकी एक पहले से चेकलिस्ट बनाते हुए कार्यवाही को सुनिश्चित किया जाय। मतगणना करने वाले सभी अधिकारियों कार्मिकों की विधिवत टेऊनिंग को सुनिश्चित कराया जाय। पोस्टल बैलेट घोषणा में मतदाता का हस्ताक्षर अवश्य होना सुनिश्चित किया जाय, तथा प्रापर तरीके से डाक मतपत्र पर निर्धारित स्थल पर ही मुहर लगाया जाना मतदाताओं द्वारा सुनिश्चित किया जाय। एनआईसी प्रभारी को ईसीआई द्वारा जारी सभी एप्पों को क्रियात्मक प्रयोगों पर बल दिया गया। वोटर लिस्ट, वोटर गाईडलाइन, मतदाता सूचना पर्ची, आदि का समय पर वितरण कराना सुनिश्चित किया जाय।

जिला निर्वाचन अधिकारी विशाल सिंह ने पूरे जनपद में आदर्श आचार संहिता अनुपालन के साथ ही गठित टीमों के कार्यवाहियों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि एमसीसी की रिर्पोटिंग डीआईओ पोर्टल पर अपडेट की जाती है। उन्होंने मण्डलायुक्त को आश्वस्त कराया कि टीम भदोही तत्परता व लगन के साथ लोकसभा निर्वाचन में आदर्श आचार संहिता का अक्षरस अनुपालन सुनिश्चित कराया जायेगा। पुलिस अधीक्षक डॉ0 मीनाक्षी कात्यायन ने बताया कि पुलिस-प्रशासन से समन्वय व सामजस्य स्थापित कर पुलिस बल की तैनाती एवं शान्ति व्यवस्था तथा जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेटो की तैनाती व प्रशिक्षण सुनिश्चित किया गया है। बनरेबिलिटी/क्रिटिकल क्षेत्रों के निर्धारण के साथ ही सी0पी0एम0एफ0/पुलिस बल/पीएसी/सैनिक बल के ठहरने के स्थान का निर्धारण व अधिग्रहण कर लिया गया है। जनपद में उड़नदस्ता एवं स्थैतिक निगरानी टीमों का गठन एवं प्रशिक्षण की कार्यवाही पूर्ण कर ली गयी है। कम्युनिकेशन प्लान तैयार कराकर संकलित सूचना प्रेषित किया गया है।

मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी प्रेक्षक/मतदान/मतगणना कार्मिक यशवंत कुमार सिंह ने बताया कि प्रेक्षकगणों के निवास हेतु आवास की व्यवस्था के साथ ही उनके लिए टेलीफोन, फैक्स मशीन, कम्प्यूटर, आरक्षित वाहन, लाईजनिंग आफिसर, आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करा ली गयी है।

जनपद के सभी विभागों से कार्मिक की उपलब्धता के साथ ही पीठासीन व मतदान अधिकारी की फीडिंग सुनिश्चित कराते हुए द्वितीय रैण्डमाईजेशन होना प्रस्तावित है। कार्मिकों की ड्युटी/नियुक्ति आदेश का तामिला कराने की सभी की व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली गयी है। दिनांक 23, 24, 25, 26 अप्रैल को प्रशिक्षण स्थल सेण्ट थॉमस स्कूल ज्ञानपुर में पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारी प्रथम का प्रशिक्षण सकुशल सम्पन्न हो गया है। निर्वाचन कार्यो में किसी भी प्रकार की शिथिलता/अनुपस्थिति के लिए मतदान कार्मिकों के विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 134 के अन्तर्गत एफआईआर दर्ज कराते हुए कठोर दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।

जिला विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी प्रशिक्षण मतदान/मतगणना कार्मिक द्वारा बताया गया कि कार्मिकों का प्रथम प्रशिक्षण दिनांक 22 से 26 अप्रैल तक सकुशल सम्पन्न हुआ। ईवीएम हेतु मास्टर टेऊनर, सामान्य मास्टर टेऊनर, मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण माईक्रोआब्जर्वर, मतगणना कार्मिक, सेक्टर जोनल मजिस्टेऊट आदि का प्रशिक्षण पूर्ण कर आवश्यक कार्यवाही की गयी। सहायक आयुक्त खाद्यय/प्रभारी अधिकारी कन्ट्रोल रूम/शिकायत द्वारा बताया गया कि आदर्श आचार संहिता के अनुपालन हेतु उल्लघन की शिकायत एवं सी-विजिल एप्प पर प्राप्त शिकायतों पर प्रभावी कार्यवाही किया जा रहा है। एआरटीओ/प्रभारी अधिकारी यातायात द्वारा बताया गया कि ड्यूटीरत जोनल/सेक्टर मजिस्टेऊट प्रेक्षक हेतु वाहन पोलिंग पार्टियों के वाहनों को आरक्षित करते हुए ईधन आदि की सम्पूर्ण व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली गयी है।

जिला सूचना अधिकारी/सचिव मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति डॉ0 पंकज कुमार द्वारा बताया गया कि निर्वाचन से सम्बन्धित प्रकाशित समाचारों के परीक्षण के साथ ही पेड न्यूज/फेक न्यूज पर निगरानी के साथ ही राजनीतिक पार्टियों/प्रत्याशियों द्वारा प्रचार-प्रसार व विज्ञापन सामग्रियों के कंटेन्ट व विषय वस्तु की जॉच हेतु आवश्यक रजिस्टर व निर्धारित प्रारूप पर सूचनाएं नियमित प्रेषित की जा रही है। जिला कृषि अधिकारी/प्रभारी अधिकारी ईवीएम द्वारा अवगत कराया गया कि ईवीएम मशीनों की व्यवस्था एवं एफएलसी कराना, ईवीएम का आकलन, रैण्डमाईजेशन, प्रशिक्षण हेतु ईवीएम मशीनों को अलग करना, चिन्हित टेऊनिंग मशीनों को प्रभारी अधिकारी प्रशिक्षण को उपलब्ध कराना आदि कार्य सुनिश्चित कर लिए गये है।

इसी ऋम में जनपदीय अधिकारियों को सौपे गये दायित्व/प्रभारी अधिकारी-मतपत्र, लेखन सामग्री, खान-पान, सांख्यिकी आंकड़ा एवं डाटा कलेक्शन, पेयजल सफाई व्यवस्था, निर्वाचन व्यय लेखा, टेन्टेज फर्नीचर, मतदाता सूची/रूट चार्ट/कम्यूनिकेशन प्लान, टेलीफोन्स, सूचना प्रेषण,/कम्प्यूटराजेशन, चिकित्सा व्यवस्था, वेबकास्टिंग, वीडियोग्राफी, माईक्राआब्जर्वर, दिव्यांगजन, पोटल डाक मतपत्र, आदि अधिकारियों द्वारा बताया गया कि सौपें गये कार्यो व उत्तरदायित्वों को प्रभावी तरीके से क्रियान्वित करते हुए मतदान व मतगणना, तक की व्यवस्थाओं को सुचारू व कार्मिक रूप से पूर्ण कराया जा रहा है। बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिवनारायण सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 संतोष कुमार चक, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 तेजवीर सिंह, वरिष्ठ कोषाधिकारी वृजेश सिंह, समस्त उप जिलाधिकारीगण, उप कृषि निदेशक डॉ0 अश्वनी सिंह, सहित निर्वाचन कार्य हेतु बनाये गये सभी प्रभारी अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# मण्डलायुक्त ने पुलिस अधीक्षक व एडीईओ के साथ विभिन्न बूथों को किया औचक निरीक्षण

**● - कुछ बूथों में बल्ब नही, कुछ में पर्याप्त रोशनी न होने पर मण्डलायुक्त ने सभी बूथों पर पर्याप्त रोशनी लगाने का दिया निर्देश**

**मण्डलायुक्त ने विधानसभा औराई व ज्ञानपुर के तीन मतदान केन्द्रों के 12 बूथों का औचक निरीक्षण कर दिया आवश्यक दिशा निर्देश**



स्वतंत्र प्रभात

**भदोही 29 अप्रैल, 2024:-** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष, पारदर्शी, शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत मण्डलायुक्त डॉ0 मुथुकुमार स्वामी बी ने पुलिस अधीक्षक डॉ0 मीनाक्षी कात्यायन व उप जिला निर्वाचन अधिकारी कुंवर वीरेन्द्र मौर्य के साथ जनपद के तीन मतदान केन्द्रो के 12 बूथों का औचक निरीक्षण कर जानकारी प्राप्त की। विधानसभा औराई के अन्तर्गत मतदान केन्द्र पूर्व माध्यमिक विद्यालय महराजगंज के बूथ संख्या-380, 381, 382, 383, 384, विधानसभा ज्ञानपुर के अन्तर्गत मतदान केन्द्र प्राथमिक विद्यालय गोपीगंज के बूथ संख्या-383, 384 एवं गुलाबधर मिश्र इण्टर कालेज ज्ञानपुर के बूथ संख्या 378, 379, 380, 381, 382 का स्थलीय निरीक्षण करते हुए मतदेय स्थलों पर मीनिमम आधारभूत सुविधाओं-पीने का पानी, शौचालय, व्हील चेयर एवं रैम्प की व्यवस्था, लम्बी लाईन में बैठने की व्यवस्था, स्वयं सेवक, प्राथमिक चिकित्सा किट, प्रतिक्षा स्थल, का अवलोकन किया। साथ ही उन्होंने सभी बूथों पर दिव्यांगजन मतदाताओं की संख्या लेते हुए दिव्यांग मतदाताओं के लिए किये गये विशेष सुविधाओं की भी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान सभी मतदान केन्द्रो के बूथों पर पर्याप्त रोशनी न होना पाया गया। कुछ बूथ कक्षों में बल्ब नही था। कुछ बूथ कक्षों में विद्यार्थी कम रोशनी में पढ़ते पाये गये। मण्डलायुक्त ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि मतदान केन्द्र बनाये गये सभी बेसिक विद्यालयों में बल्ब, रोशनी इत्यादि की व्यवस्था को अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाय। साथ ही साथ सभी उप जिलाधिकारी एवं सेक्टर मजिस्टेऊट को निर्देशित किया कि सभी मतदान केन्द्रो का एक बार पुनः निरीक्षण कर मतदाताओं को प्राप्त होने वाली आधारभूत सुविधाओं की व्यवस्थाओं को अवश्य सुनिश्चित कर ले। इस दौरान उप जिलाधिकारी औराई आकाश कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रभात सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी औराई चमन सिंह चावड़ा, बीएलओ आदि उपस्थित रहे।

# जनपद में सभी 546 ग्राम पंचायतों में आयोजित हुआ चुनावी पाठशाला

**● - मतदाताओं को जागृत करने में सफल रहा स्वीप नवाचार पहल चुनावी पाठशाला**

**कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समस्त ग्राम पंचायतों के लिए नामित किये गये थे अधिकारीगण**



स्वतंत्र प्रभात

**भदोही 29 अप्रैल, 2024:-** लोकतंत्र के महापर्व में सभी मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित कराने के ऋम में जिला निर्वाचन अधिकारी विशाल सिंह के कुशल निर्देशन व मार्गदर्शन में स्वीप प्रभारी/मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह द्वारा मतदाता जागरूकता के विविध कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। नवाचार की उसी दिशा में आज के महत्वपूर्ण पहल जनपद के समस्त 546 ग्राम पंचायतों में एक साथ सुबह 10 बजे से चुनावी पाठशाला का सफल आयोजन हुआ।

स्वीप नवाचार जागरूकता कार्यक्रमों के अंतर्गत ''चुनावी पाठशाला'' की रूपरेखा पर व्यापक प्रकाश डालते हुए स्वीप प्रभारी ने बताया कि आज प्रातः 10 बजे से पूरे जनपद में सभी मतदान केन्द्रो पर एक साथ चुनावी पाठशाला का आयोजन किया गया। जिसमें समस्त मतदाता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पंचायत सहायक, रोजगार सहायक, सचिव, बीएलओ, लेखपाल, आगनबाड़ी कार्यकत्री, एनएएम, युवक मंगल दल, महिला समूहो के पदाधिकारी, एवं विद्यालय के अध्यापक अनिवार्य रूप से उपस्थित रहे तथा सभी मतदाताओं को कार्यक्रम स्थल तक लाने के लिए जिम्मेदार भी रहे। ग्राम पंचायतों में स्थित बूथों पर कार्यक्रम के पर्यवेक्षण हेतु सभी अधिकारियों को ग्राम पंचायत कलस्टर वार नामित किया गया था। इस पाठशाला में समस्त मतदाताओं का नाम उपस्थित लोंगों के सामने पढ़कर सुनाया गया। ऐसे मतदाता जो जनपद के बाहर है उन्हें पाठशाला से ही फोन कर 25 मई को मतदान करने हेतु आमंत्रित किया गया, तथा ऐसे लोग शादी विवाह में प्रतिभाग करने हेतु गॉव में आये हुए है उन्हें चुनाव तक रूकने हेतु अनुरोध भी किया गया। गॉव में अनुरोध भ्रमण यात्रा भी निकाली गई। कुल मिलाकर चुनावी पाठशाला का उद्देश्य अपने में सफल रहा जिसके माध्यम से मतदाताओं को 25 मई को मतदान करने हेतु जागृत किया गया।

# नारी सुरक्षा, नारी सम्मान व नारी स्वावलंबन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली दो महिला पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया

स्वतंत्र प्रभात

**दिनांक-29.04.2024** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान व नारी स्वावलंबन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली दो महिला पुलिसकर्मियों को पुलिस अधीक्षक,भदोही द्वारा प्रशस्ति पत्र व प्रशंसा चिन्ह प्रदान कर किया गया सम्मानित पूर्ण लगन व कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपने कार्यो के निर्वहन हेतु किया गया प्रोत्साहित महिला एवं बाल सुरक्षा मुख्यालय, लखनऊ से उच्चाधिकारीगण द्वारा महिला कर्मियों को सम्मानित करने हेतु किया गया है नामित

महिला हेल्प डेस्क पर महिला सम्बंधित शिकायतों की प्रभावी सुनवाई करते हुए किया गया गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पति-पत्नी के बीच हुए विवादों का आपसी सामंजस्य से निस्तारण कराकर बिछड़े दंपतियों को पुनः एक साथ रहने हेतु किया गया राजी थाना औराई अंतर्गत नाबालिग अपहता को महाराष्ट्र, मुंबई से सकुशल बरामद करने में महिला कर्मी द्वारा दिया गया महत्वपूर्ण योगदान नारी सुरक्षा, नारी सम्मान व नारी स्वावलंबन के क्षेत्र में जनपद स्तर पर



उल्लेखनीय/सराहनीय कार्य करने वाली दो महिला पुलिसकर्मियों को महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन उत्तर प्रदेश लखनऊ मुख्यालय द्वारा सम्मानित किए जाने हेतु प्रशस्ति पत्र व प्रशंसा चिन्ह प्रदान किया गया है। आज दिनांक 29.04.2024 को डॉ0 मीनाक्षी कात्यायन, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा महिला सशक्तिकरण व महिला हेल्प डेस्क के माध्यम से प्राप्त महिला सम्बंधित शिकायतों की प्रभावी सुनवाई करते हुए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने व नाबालिग अपहता को महाराष्ट्र, मुंबई से सकुशल बरामद करने में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली *महिला आरक्षी ममता चौहान-महिला थाना व महिला आरक्षी रीना सरोज-थाना औराई हेल्पडेस्क* को प्रशंसा चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। पुलिसकर्मियों को उनके उज्वल भविष्य की शुभकामना देते हुए पूर्ण लगन व मेहनत के साथ अपने कार्यो के निर्वहन हेतु प्रोत्साहित किया गया।

# लोकसभा सपा प्रत्याशी पूर्व मंत्री का आगमन पार्टी कार्यकर्ताओं ने रोड़ शो के माध्यम से जगह-जगह फूल मालाओं से किया स्वागत

स्वतंत्र प्रभात

**अंबेडकरनगर।** जिले के तहसील आलापुर क्षेत्र में संत कबीर नगर 62 लोकसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी लक्ष्मीकांत उर्फ पप्पू निषाद आलापुर विधानसभा क्षेत्र में हजारों कार्यकर्ताओं के साथ अपने लम्बे काफिले के साथ रोड शो के माध्यम से कार्यकर्ताओ से मिले और कार्यकर्ताओं ने बड़े ही उत्साह के साथ फूल मालाओं से लादकर सपा प्रत्याशी का स्वागत किया। सपा प्रत्याशी के क्षेत्र में आते ही अब तक शांत रही चुनावी सरगर्मी एकाएक बढ़ गई और सपा के साथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिला। आलापुर विधायक त्रिभुवनदत्त के साथ बिडहर घाट पुल से मॉडर मऊ बाजार, जहांगीरगंज होते हुए गिरैया बाजार मे संपर्क करते हुए जल्लापुर ग्राम सभा के प्रधान योगेंद्र यादव एवं सेक्टर अध्यक्ष अजीत यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं से लोकसभा प्रत्याशी लक्ष्मीकांत उर्फ पप्पू निषाद का स्वागत किया। इस मौके पर विधायक त्रिभुवन दत्त समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता रामवृक्ष यादव,सपा नेता सुबोध यादव जिला अध्यक्ष



जंग बहादुर यादव,जितेंद्र निषाद पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष, आलापुर विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र यादव, जिला पंचायत सदस्य अजीत यादव के साथ सपा प्रत्याशी का स्वागत सरयू नगर, कमहरिया, गढ़वल, राजेसुल्तानपुर,पदुम पुर, तेंदुआईकला में कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। देवरिया बाजार में सपा नेता बिट्टू यादव, नूरुल हसन, साधू यादव, राजन कन्नौजिया, श्याम बहादुर सिंह यदुवंशी,दीप प्रकाश मौर्य, सुरेन्द्र प्रताप यादव उर्फ चक्कू, लालमणि गोंड, अमरदीप गोंड, कैलाश वर्मा, दिनेश निषाद, धनंजय यादव गुड्डू, चंद्रेश यादव, अनिल मौर्य, राम आशीष, राजपत गौतम, अजय यादव, शमशेर गौतम, पवन यादव, फूलचंद, रामधारी, श्याम जी राव, राकेश गौतम, राम बुझारत गोंड, रामचंद्र शर्मा,मुन्नीलाल गौतम , घरभरन गौतम, अर्जुन यादव, सुरेश यादव, वाजिद अली, इंशाउल्लाह,महेंद्र यादव, राजेंद्र यादव, विनोद यादव, संदीप चौहान, ओम कृष्णा प्रजापति सहित हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने गगनभेदी नारों, ढोल नगाड़े संग सपा प्रत्याशी पूर्व मंत्री लक्ष्मीकांत उर्फ पप्पू निषाद का फूल मालाओं से स्वागत किया और समाजवादी प्रत्याशी को भारी मतों से जिताने का संकल्प लिया।

# मानव संसाधन एवं महिला विकास संस्थान और वेलस्पन फाउंडेशन फॉर हेल्थ एंड नालेज के तत्त्वाधान मीटिंग आयोजन

**भदोही 29अप्रैल 2024** को मानव संसाधन एवं महिला विकास संस्थान और वेलस्पन फाउंडेशन फॉर हेल्थ एंड नालेज के तत्त्वाधान में ग्राम पंचायत सांडा के हितधारकों के साथ मीटिंग आयोजन किया गया। इस बैठक में गांव के 10 से अधिक लोग सक्रिय रूप से शामिल रहे। बैठक को सम्बोधनकरते हुए राहुल दुबे हेडमास्टर ने कहा कि गाँव से लेकर ब्लॉक स्तर के सेवाओं के लिये लोगों की मदद करना हमारी सब की जिम्मेवारी है. जो भी स्वास्थ्य, शिक्षा और आजीविका से संबंधित सुविधाए सरकार द्वारा दी जा रही है उसे लोगों तक आसानी से पहुचे। आगनवाड़ी कार्यकत्री चांदनी मिश्र जी ने बताया बताया कि गांव को स्वच्छ और सुंदर बनाना हम सभी का सपना है. सभी लोग स्वस्थ रहे और स्वास्थ्य के मुद्दे पर सरकारी अस्पताल मे जाकर जानकारी जरूर ले. बीमार होने पर प्रशिक्षित चिकित्सक से उपचार जरूर कराए। इस अवसर पर गांव की आशा, आँगनबद्यड़ी,



अन्य सेवादाता इत्यादि ने विचार व्यक्त किए। इस कार्यक्रम का संचालन उमाशंकर तथा धन्यवाद ज्ञापन केसा देवी ने किया।

## संक्षिप्त ख़बरें

### तेज रफ्तार बाइक ई रिक्शा से टकराई, एक छात्र की मौत कई घायल



**फूलपुर।** उतरांव थाना क्षेत्र के सौरा गांव स्थित एक ढाबे पर सड़क हादसे में एक छात्र की दर्दनाक मौत हो गई। बाइक और ई रिक्शा पर बैठे कई लोग घायल हो गए । वही युवक की मौत से घर पर कोहराम मचा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सराय इनायत थाना क्षेत्र के चंदौहा निवासी रामनरेश वर्मा जो राजगिरी है। सोमवार दोपहर उसका बेटा विशाल वर्मा उम्र 20 वर्ष व महेंद्र कुमार जो बीए प्रथम वर्ष का छात्र है। जरिबंधन महाविद्यालय गोरिगों से परीक्षा देकर अपने घर के लिए जा रहा था।वह क्षेत्र के सौरा अनमोल ढाबा के पास पहुंचा ही था कि सामने से ई रिक्शा जो बिना नंबर प्लेट की थी हाईवे पर चढ़ रहा था। तेज रफ्तार बाईक जोरदार टक्कर मार दी। जिससे विशाल वर्मा उम्र 20 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। वही उसके भाई महेंद्र और कमल को भी चोटे आई। ई रिक्शा पर सवार रंजीत का पैर टूट गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक सात भाई एक बहन में पांचवें नंबर का है। मृतक विशाल की मौत से माता कलावती देवी समेत परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है।

### गोरखपुर गोंडा रेल प्रखंड पर पुलिस को अज्ञात व्यक्ति का क्षत-विक्षत शव बरामद हुआ सूचना पर पहुंची आरपीएफ व स्थानीय पलिस

**इटियाथोक,गोंडा।** थाना क्षेत्र के सिसई बहलोलपुर गांव के पास गोरखपुर-गोंडा रेल प्रखंड पर पुलिस को अज्ञात व्यक्ति का क्षत-विक्षत शव बरामद हुआ है।सूचना पर पहुंची आरपीएफ व स्थानीय पलिस ने शव को तीन दिन के लिए मोर्चरी में रखवा दिया है।पुलिस शव के शिनाख्त का प्रयास कर रही है।इटियाथोक कोतवाली के निरीक्षक अपराध रमाशंकर राय ने बताया कि सोमवार सुबह सिसई बहलोलपुर के पास रेलवे ट्रैक पर पिलर संख्या 203/12 और 203/13 के बीच एक शव पड़ा होने की सूचना मिली थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त का प्रयास किया।व्यक्ति मुस्लिम समुदाय का है और उसकी उम्र करीब 35 से 40 साल के बीच आंकी जा रही है।पोस्टमार्टम के बाद व्यक्ति की मौत के कारण उजागर होंगे।

### तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार सड़क हादसे में तीन युवक हुए घायल


**इटियाथोक,गोंडा।** थाना क्षेत्र के खरगूपुर मार्ग पर रविवार की देर रात को तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार तीन युवकों को टक्कर मारी दी।हादसे में बाइक के पीछे बैठे दो युवक मामूली रूप से चोटिल हो गए। जबकि बाइक चला रहा युवक बुरी तरह जख्मी हो गया।बताया जाता है तीनों एक ही गांवके रहने वाले हैं और एक शादी समारोह (बारात) में शामिल होने के लिए खरगूपुर जा रहे थे। ग्राम प्रधान मुन्ना लाल यादव ने बताया कि जख्मी हुए युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।जहां उसकी हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने उसे लखनऊ रेफर कर दिया है।इटियाथोक-खरगूपुर मार्ग पर रविवार की रात करीब ग्यारह बजे तेलियानी कानूनगो निवासी पूजा राम (22) पुत्र बेचन, ननकन(19) पुत्र फूलचंद व अनिल (18) पुत्र राजकुमार तीनों एक ही बाइक से किसी वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने खरगूपुर जा रहे थे।अभी वह जगदीशपुर गांव के मोड़ के पास पहुंचे ही थे कि अचानक सामने से आ रही कार ने बाइक को टक्कर मर दी। इस घटना में बाइक चला रहे पूजा राम बुरी तरह जख्मी हो गया।जबकि बाइक के पीछे बैठे ननकन व अनिल मामूली रूप से चोटिल हो गए। मामले में इटियाथोक कोतवाली के निरीक्षक अपराध रमाशंकर राय का कहना है, कि दोनों पक्षों ने थाने पर आकर सुलह समझौता कर लिया है।

### दो भाइयों को अज्ञात बाहन ने रौंदा घायल

**अलीगढ़,।** थाना लोधा क्षेत्र के गांव गोविंदपुर फागोई निवासी प्रियांशु शर्मा पुत्र विमल कांत शर्मा रोहित पुत्र कमलकांत शर्मा दोनों भाई गौमत खैर कॉलेज में बीएड कर रहे हैं । रोजाना की तरह सोमवार की अपरांत 3 बजे बाइक पर सवार होकर अपने घर आ रहे थे । जैसे ही वह थाना लौधा क्षेत्र खैर रोड करसुआ प्लांट पर पहुंचे ही थे ,कि तभी अज्ञात बाहन बाइक को टक्कर मारता हुआ मौके से भाग गया । जिसमें दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए ,घटना घटित होते ही काफी संख्या में रहांगीर एकत्रित हो गए । एंबुलेंस द्वारा दोनों भाइयों को जिला अस्पताल मलखान सिंह लाया गया घटना की जानकारी विमल कांत शर्मा ने दी है।

## बरात से अगवा कर किसान की हत्या, बालू में दफनाया शव, पट्टीदारों पर मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र प्रभात




**प्रयागराज।** बरात में गए युवक को कार से अगवा कर लिया गया। इसके बाद उसकी हत्या करके शव को यमुना के कछार में बालू के ढेर में दबा दिया गया। एक आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने शव को खोदकर निकलवाया। इस मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। थरवई के गारापुर में शादी समारोह से अगवा किसान लालमनि पटेल (32) की हत्या कर दी गई। हत्यारों ने शव लालापुर के नगरवार गांव में यमुना घाट पर बालू के नीचे दफना दिया था। वारदात में शामिल एक अभियुक्त की निशानदेही पर पुलिस ने शव बरामद कर लिया। हत्या में चार लोग शामिल थे, जिनकी तलाश में देर रात तक पुलिस दबिश देती रही। लालमनि पुत्र अमृतलाल पटेल थरवई में इस्माइलगंज टिकरी का रहने वाला था। 26 अप्रैल की रात वह गारापुर चौराहे के पास आयोजित एक शादी समारोह में गया था। इसी दौरान तीन लोग उसे गाली देते हुए कार में खींचकर अगवा कर लिया था। रातभर खोजबीन के बाद भी कुछ पता नहीं चलने पर पत्नी रेखा पटेल ने पुलिस को सूचना दी। इस पर शनिवार सुबह मुकदमा दर्ज कर तलाश में जुटी।

पत्नी ने पट्टीदार अजय व दिलीप पटेल को नामजद कराया। सूत्रों के मुताबिक, जांच पड़ताल शुरू हुई तो घटना में घूरपुर निवासी एक व्यक्ति की संलिप्तता की बात सामने आई। रविवार को पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। पूछताछ शुरू की गई तो उसने बताया कि लालमनि की हत्या कर दी गई है। बताया कि वह व उसके तीन अन्य साथी कार से अगवा कर उसे लालापुर स्थित नगरवार घाट पर ले गए। वहां सिर व चेहरा कुंचकर उसकी हत्या कर दी और फिर शव को बालू में दफनाकर भाग निकले। रविवार दोपहर पुलिस ने लालापुर पहुंचकर शव बरामद कर लिया। जमीन खोदवाकर उसका शव निकाला गया। मृतक के सिर व चेहरे पर गंभीर चोट के निशान थे।मौके से ही उसके जूते भी बरामद हुए। प्रभारी डीसीपी गंगानगर आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि घटना में नामजद दोनों आरोपियों समेत अन्य अभियुक्तों की तलाश की जा रही है। थरवई पुलिस के साथ ही एसओजी की टीमों को भी लगाया गया है, जो उनके हरसंभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। पोस्टमार्टम सोमवार को कराया जाएगा।

मृतक के परिजनों का कहना है कि घटना में नामजद आरोपी अजय व दिलीप लालमनि के रिश्ते में भाई लगते हैं। उनसे होली पर डीजे साउंड को लेकर कुछ विवाद हुआ था। इसके अलावा अन्य किसी रंजिश से उन्होंने इन्कार किया। हालांकि पुलिस सूत्रों का कहना है कि अब तक जांच पड़ताल में यह बात सामने आई है कि नामजद आरोपियों का जमीन को लेकर परिवार के ही कुछ लोगों से विवाद चल रहा था। जिसमें लालमनि उनके विपक्षियों की ओर से पैरवी करता था। इस बात को लेकर आरोपी उससे रंजिश रखते थे। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, हिरासत में लिए गए घूरपुर निवासी हत्यारोपी ने पूछताछ में पुलिस को कई बातें बताई। बताया कि उसके तीन साथी लालमनि को कार में पीटते हुए पहले घूरपुर ले आए थे। वहां उसे भी कार में बैठाया और फिर पीटते हुए ही लालापुर ले गए। वहां हत्या के बाद शव बालू में दफना दिया। खबर सुनते ही पत्नी बेहोश हुई, परिवार में कोहराम पति की हत्या की खबर सुनते ही पत्नी रेखा बेहोश हो गई। उधर परिवार में कोहराम मच गया। मृतक तीन भाई बहनों में सबसे छोटा था। परिवार में पत्नी के अलावा बेटी मोनिका (6) और बेटा हार्दिक (4) साल का है। अन्य परिजन भी बिलखते रहे। जानकारी पर बड़ी संख्या में ग्रामीण भी जुटे रहे।

## अपहरण कर हत्या करने व शव छिपाने की साज़िश में शामिल आरोपीयो को थरवई पुलिस ने किया गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात

**थरवई प्रयागराज।** थरवई पुलिस को आज एक अच्छी सफलता मिली उसने अपहरण कर हत्या की घटना करने एवं शव छिपाने की साजिश रचने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस के मुताबिक आगे की कार्यवाही अभी जारी है।प्रयागराज पुलिस आयुक्त रमित शर्मा निर्देशन में अपराध एवम अपराधियों के विरुद्ध चलाए गए अभियान के अंतर्गत पुलिस उपायुक्त गंगानगर अभिषेक भारती के निर्देश के क्रम सहायक पुलिस आयुक्त थरवई चन्द्र पाल सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद प्रयागराज में अपराध पर अंकुश लगाने तथा अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु दिए कड़े निर्देश पर थाना थरवई प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार गौतम अपने पुलिस टीम के साथ थाने में पंजीकृत अपहरण की धारा में दर्ज मुकदमे की छानबीन में गंभीरता से लगे जाँच में कुछ और ही मामला निकल के आ रहा था सबसे पहले प्रकाश में आये आरोपी अनिल पटेल पुत्र लालजी निवासी ग्राम टिकुरी एयरपोर्ट प्रयागराज व हाल पता बोगी घुरपुर को रविवार को सुजावन मंदिर से उठाया।

सघन पूछताछ में आरोपी ने मृतक लालमनी ग्राम टिकरी की हत्या की घटना को कबूल करते हुए लाश को एक थाना लालापुर क्षेत्र नगवार घाट के किनारे बालू में गाड़ छुपाए जाने की बात बताई उसने इस घटना में शामिल लालजी पुत्र स्व केदार नाथ टिकुरी एयरपोट प्रयागराज व कमलेश पटेल पुत्र हरिश्चन्द्र ग्राम शिव पुर पंडिला थरवई व विजय बहादुर पुत्र राम मूरत पटेल निवासी दयालपुर हाल पता टिकुरी थरवई प्रयागराज के नाम का खुलासा किया।जिसके बाद हरकत में आई थरवई पुलिस ने शव को उस स्थान से बरामद कर लिया और आरोपियो की तलाश में ताबड़तोड़ दबिश देना शुरू कर दिया।मामले में शामिल शेष तीन आरोपी लालजी, कमलेश तथा विजय बहादुर को आज सोमवार को करीब इग्यारह बजे मुखबीर की सटीक सूचना रेलवे अंडर पास जैतवारडीह से गिरफ्तार करने में सफल हुई।और उन्हें थाने ले आयी जहाँ दर्ज मुकदमे में धारा 302/201/120 की बढ़ोतरी कर शेष आगे की कार्यवाही में लगी हुई है।

## एक वर्ष पूर्व ट्रांसफर हो चुके अधिकारी का डिजिटल सिग्नेचर लगाकर बनाया फर्जी जन्म प्रमाण पत्र

**● - बड़ा सवाल निवर्तमान अधिकारी का कहां से मिला हस्ताक्षर**

**चार दिनों में जन्म प्रमाण पत्र नहीं हो पाता है जारी, 15 से एक माह का समय**

स्वतंत्र प्रभात

धर्मेन्द्र राघव



**अलीगढ़,।** अंधेर नगरी चौपट राजा यह कहावत आपने कई बार सुनी होगी। लेकिन नगर निगम में इन दिनों इसी कहावत की तर्ज़ पर काम हो रहा है। वाक्या नगर निगम के जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र विभाग से है। नगर निगम में लाख कोशिश के बाद भी जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र काउंटर पर फर्जीवाड़ा नहीं रुका रहा है। अब एक ताजा प्रकरण बरौला जाफराबाद का आया है। जिसमें आवेदन के चार दिन बाद जन्म प्रमाण पत्र एक साल पहले ट्रां सफर हुए अफसरों के डिडिटल सिग्नेचर से जारी हो गए हैं। नगर आयुक्त ने मामले में जांच बैठा दी है। नगर आयुक्त अमित आसेरी ने कहा कि प्रकरण में एफआईआर भी दर्ज कराई जाएगी। वार्ड 54 बरौला जाफराबाद के पार्षद संजीव कुमार सोमवार को नगर आयुक्त के समक्ष जन्म प्रमाण पत्र समय से नहीं बनने की शिकायत लेकर पहुंचे। कहा कि क्षेत्र की जनता का आवेदन के दो से तीन माह में प्रमाण पत्र नहीं मिल रहा है। लेकिन कुछ प्रमाण पत्र चार दिन में भी बन रहे हैं। नगर आयुक्त ने प्रमाण पत्र मांगा तो पार्षद ने मंजू सक्सेना के नाम का एक प्रमाण पत्र दिया जो चार दिन में जारी हो गया था। मंजू सक्सेना जन्म तिथि 1985 के नाम से पूर्व में मुख्य कर निर्धारण अधिकारी रहे विनय कुमार राय के डिजिटल हस्ताक्षर से जारी हुआ मिला। लेकिन जब नगर निगम के दस्तावेज व सिस्टम में मिलान कराया गया तो

वह नहीं मिला। पता चला कि यह जन्म प्रमाण पत्र किसी जनसुविधा केंद्र या फिर अन्य स्थान से फर्जी तरीके से जारी किया गया है। नगर आयुक्त अमित आसेरी ने तत्काल जन्म प्रमाण पत्र काउंटर का निरीक्षण किया। वहां पर बैठे बाहरी व्यक्तियों को हटाया। कुछ पार्षद भी दस्तावेज लेकर भीतर बैठे मिले। नगर आयुक्त ने कहा कि भीतर कोई नहीं आएगा। बाहर से प्रक्रिया को पूरी कराएं। नगर आयुक्त ने मामले में सहायक नगर आयुक्त वीर सिंह जांच सौंपी है। -बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है कि फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बाहर से बन गया, लेकिन निवर्तमान मुख्य कर निर्धारण अधिकारी का डिजिटल हस्ताक्षर कहां से मिला।

सीटीओ विनय कुमार राय का एक साल पहले गोरखपुर स्थानांतरण हो गया था। यह जांच का विषय है कि नगर निगम के किसी कर्मचारी की मिलीभगत से तो रैकेट नहीं चल रहा है। नगर निगम में 628 जन्म प्रमाण पत्र के आवेदन लंबित हैं। पिछले दो माह से जारी नहीं हो पाए हैं। इसका कारण प्रशासनिक मशीनरी का चुनाव में लगे होना है। एसीएम व एसडीएम के स्तर से आवेदन सत्यापित व वेरीफिकेशन के लिए जाते हैं। नगर आयुक्त ने इस बाबत डीएम को पत्र भी लिखा है।

**इनका कहना है...**

नगर आयुक्त अमित आसेरी ने कहा कि जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र काउंटर पर बाहरी का प्रवेश नहीं होगा। स्मार्ट डोर सेंसर व फेस स्कैनिंग लगेगी। केवल कर्मचारी ही भीतर जाएंगे। फर्जी जन्म प्रमाण पत्र की सात दिनों में सहायक नगर आयुक्त जांच करेंगे जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ एफआईआर होगी।

## बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं ने घर से ही किया अपने मत का प्रयोग

**● - डीएम विशाख जी0 ने खुद जलाली पहुंचकर मतदान कार्य की व्यवस्थाओं को परखते हुए मतदाताओं से शत-प्रतिशत मतदान की अपील की**

स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़,।** लोकसभा चुनाव के लिए सोमवार को दिव्यांगजनों एवं 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों को होम वोटिंग कराई गई। होम वोटिंग के जरिए मतदान करने के बाद मतदाताओं ने लोकतंत्र में अपने हिस्सेदारी करने पर खुशी जाहिर की। वहीं आमजन से भी आगामी 7 मई को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान करने की अपील की। जिला निर्वाचन अधिकारी विशाख जी0 दिव्यांगजनों एवं 85 वर्ष आयु से अधिक के बुजुर्गों को मतदान कराने जलाली पहुंचे। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने दिव्यांगजनों एवं 85 प्लस बुजुर्गों को उनकी स्वेच्छा से घर पर ही मताधिकार का प्रयोग करने की सुविधा प्रदान की है।



जलाली कस्बा निवासी शरीफ जो की जन्म से दिव्यांग हैं। घर में तीन भाई, एक बहन व माता-पिता हैं। उन्होंने निर्वाचन आयोग द्वारा दी गई सुविधा के लिए धन्यवाद किया। दिव्यांग मतदाता शरीफ ने डीएम एवं मतदान कार्मिकों का भी धन्यवाद किया कि उन्होंने घर पहुंच कर उनको मताधिकार प्रयोग करने की सुविधा प्रदान की। जलाली कस्बे की दूसरी दिव्यांग श्रीमती कमलेश गुप्ता ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि पहले हमें वोट करने के लिए कोई सहारा तलाशना पड़ता था। इस सुविधा से हम बहुत खुश हैं। आज हम अपने को गौरान्वित महसूस कर रहे हैं कि दोनों पैरों से दिव्यंगता के बावजूद भी हम अपने मताधिकार का प्रयोग कर पा रहे हैं। आपको बता दें कि द्वितीय चरण में जिले की पांच विधानसभाओं में सकुशल मतदान होने के उपरांत तीसरे चरण में हाथरस लोकसभा के लिए 7 मई को छर्रा एवं इगलास विधान सभा में मतदान होना है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दी गई व्यवस्था के अनुसार दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं को बैलेट पेपर से मतदान की सुविधा प्रदान की गई है। बीएलओ ने घर-घर से फॉर्म 12-घ प्राप्त करने के उपरांत 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं ने डाक मत पत्र से घर पर ही मताधिकार का प्रयोग किया। घर से मतदान करने का मौका प्राप्त कर दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं के चेहरे खिल उठे।

## खनन माफियाओं के होंसले बुलंद

**● - पुलिसकर्मियों पर चढाया ट्रैक्टर बाल बाल बचे**

स्वतंत्र प्रभात




**मथुरा-** नौहझील थाना क्षेत्र के एक गांव में अवैध खनन रोकने गई पुलिस पर माफिया द्वारा ट्रैक्टर-ट्रॉली चढ़ाने की कोशिश की गई जिसमें एक दरोगा सहित तीन पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गए। वहीं खनन माफिया ट्रैक्टर-ट्रॉली छोड़ मौके से भाग गया। पुलिस ने ट्रैक्टर- ट्रॉली को कब्जे में लेकर माफिया की तलाश शुरू कर दी है क्षेत्र के गांव मंडारी खादर में यमुना नदी के निकट होने के चलते यमुना नदी से रेती का खनन खनन माफियाओं द्वारा किया जाता है। इलाका पुलिस को सूचना मिली कि सुरीर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी खनन माफिया ट्रैक्टर-ट्रॉली को लेकर खनन की रेती लेने के लिए जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस अलर्ट हो गई। चौकी प्रभारी बरौठ दीपक नागर के नेतृत्व में पुलिस कर्मी ब्रजराज यादव, ललित कुमार व सतेन्द्र सिंह मंडारी खादर पहुंच गए। जहां पुलिस को देख खनन माफिया ने ट्रैक्टर-ट्रॉली उनकी ओर दौड़ा दी। खुद चलते ट्रैक्टर से कूदकर मौके से भाग खड़ा हुआ। पुलिस कर्मी ट्रैक्टर-ट्रॉली से बाल-बाल बच गए। पुलिस मौके से ट्रैक्टर- ट्रॉली को नौहझील थाना ले आई।

प्रभारी निरीक्षक शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि ट्रैक्टर- ट्रॉली को दाखिल कर चालक की तलाश की जा रही है। सूत्रों के मुताबिक नौहझील थाना क्षेत्र में यमुना नदी होने के कारण बड़े पैमाने पर यमुना की रेती व मिट्टी का खनन जारी है। खनन क्षेत्र के मंडारी, अड्डा बाघर्रा, खानपुर, रायपुर, फरीदमपुर, भैरई, फिरोजपुर सहित आदि गांवों से होता है। इतना ही नहीं नौहझील थाना की नानकपुर चौकी, यमुना पुल चौकी, बरौठ चौकी, बाजना कट चौकी, कौलाहर चौकी व मानगढी चौकी रोड़ पर ही स्थित हैं। इनके सामने से ही खनन के ट्रैक्टर ट्राली गुजरते हैं मगर इलाका पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जाती है।

## हीट वेव के प्रकोप से बचाव हेतु प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा-** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने बताया है कि मौसम विभाग की ओर से जारी की गयी एडवाइजरी के अनुसार आगामी दिनो में दैनिक तापमान में तेजी से वृद्धि (40 डिग्री से ज्यादा) होने का पूर्वानुमान व्यक्त किया गया है। हीट वेव (लू) असामान्य रूप से उच्चतम तापमान की अवधि है जब तापमान सामान्य तापमान से अधिक दर्ज किया जाता है। आगामी दिनों में जनपद में परिस्थितिया हीट वेव (लू) के अनुकूल बनी हुई है। उच्च आद्रता तथा वायुमंडलीय परिस्थितियों के कारण उच्च तापमान लोगो को प्रतिकूल रूप से प्रभावित करता है, जिसके कारण शरीर में पानी की कमी (डिहाईड्रेशन) एवं ऐंठन की शिकायत आती है और कभी-कभी इसके कारण लोगों की मौत भी हो जाती हैं। शहरी क्षेत्रों में तापमान उच्चतम हो जानें से अर्बन हीट आइलैंड की स्थिति बन जानी है। हीट वेव (लू) से वृध, बच्चे, गर्भवती महिलायें, बीमार, मजदूर, गरीब, दुर्बल एवं निराश्रित लोग अधिक प्रभावित होतें है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कार्यालय मथुरा हीट वेव/लू प्रकोप से बचाव हेतु निम्न बातों की ओर ध्यान आकर्षित कराना चाहता है।

हीट वेव/लू प्रकोप से बचाव हेतु क्या करें-

1-कडी धूप में विशेष रूप से दोपहर 12.00 बजें से 3.00 बजे के बीच बाहर जाने से बचें।

2-हल्के रंग के ढीले-ढाले और सूती कपडें पहनें।

3-धूप में निकलते समय अपना सिर ढक कर रखें, कपडे, टोपी या छाता का उपयोग करें।

4- पर्याप्त और नियमित अन्तराल पर पानी पीतें रहें। सफर मे अपनें साथ पीने का पानी हमेशा रखें।

5-खुद को हाइड्रेट रखने के लिए ओआरएस घोल, नाारियल का पानी, लस्सी, चावल का पानी, नीबू का पानी, छांछ, आम का पन्ना इत्यादि घरेलू पेय पदार्थो को इस्तेमल करें।

6-रेडियो, टीवी और समाचार पत्रो के माध्यम से स्थानीय मौसम एवं तापमान की जानकारी रखें।

7- कमजोरी, चक्कर आने या बीमार महसूस होने पर तूरन्त डॉक्टर से सम्पर्क करें।

8- अपने घर को ठंडा रखे, पर्दे, शटर आदि का इस्तेमाल करे। रात में खिडकियाँ खुली रखे।

**हीट वेव/लू प्रकोप से बचाव हेतु क्या न करें-**

1-बच्चों एवं पालतू जानवरों को बिना निगरानी के पार्क की गयी कार में अकेला न छोडें, वाहन जल्दी गर्म होकर खतरनाक तापमान पैदा कर सकते है जो बच्चों के लिये घातक हो सकती है।

2-भीषण गर्मी में दोपहर के समय अधिक श्रम वाली गतिविधियों को न करें।

3-उच्च प्रोटीन वाले भोजन से बचें और बासी भोजन न करें।

4-शराब, चाय, कॉफी और कार्बोनेटेड शीतल पेय पदार्थो का सेवन करने से बचें क्यो कि ये शरीर को निर्जलित करतें हैं।

5- दोपहर में जब दिन का तापमान अधिक हो उस दौरान खाना पकाने से बचें। रसोई घर को हवादार बनाये रखने के लिये खिडकी व दरवाजे खुली रखें।

## पीट-पीटकर हत्या करने वाले दो हत्यारे गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात



पुलिस कर्मियों के साथ दोनों अभियुक्त

**मथुरा-**वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार जनपद में गम्भीर अपराधों से सम्बन्धित अभियुक्तगण की गिरफ्तारी के अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी छाता के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कोसीकलां के कुशल नेतृत्व मे थाना कोसीकलाँ पुलिस द्वारा आज दिनांक 29 अप्रैल को ग्राम फालैन में एक व्यक्ति को पीट-पीटकर हत्या करने की घटना में शामिल दो अभियुक्तगण 1. मोनू रेसर उर्फ मुकेश पुत्र मदनमोहन निवासी नगरिया 10 विसा थाना कोसीकला मथुरा उम्र करीब 21 वर्ष 2.कपिल पुत्र गोपीचन्द निवासी नगरिया 10 विसा थाना कोसीकला मथुरा उम्र करीब 21 वर्ष को आगरा से दिल्ली हाईवे एन0एच0-19 पर लोहे के पुल के पास से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरूद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही कर जेल भेजा गया दिनांक 20 अप्रैल को ग्राम फालैन निवासी मूलचन्द अपनी नातिनी को स्कूल से लेकर आ रहे थे, तभी रास्ते में नारायन सिंह पुत्र चेतराम, नरेश पुत्र नारायन सिंह, तेज सिंह पुत्र चेतराम, राहुल पुत्र तेज सिंह, बोबी पुत्र नारायन सिंह, 02 अभियुक्ता निवासीगण फालैन थाना कोसीकलाँ मथुरा नें मूलचन्द के साथ मारपीट की। मारपीट में मूलचन्द की दोनों टाँगे घुटनों के नीचे से पूरी तरफ टूट गये थे, मजरूब को ईलाज के लिए जिला अस्पताल मथुरा में भर्ती कराया गया। जहाँ पर ईलाज के दोनों मजरूब मूलचन्द की मृत्यु हो गयी। उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में मुकदमा वादिनी की तहरीरी सूचना के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। उक्त प्रकरण में मुख्य आरोपी को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

## बेकाबू कंटेनर पुलिस चौकी में घुसा पुलिसकर्मी बाल बाल बचे

स्वतंत्र प्रभात



पुलिस चौकी में घुसा हुआ कटेनर

**मथुरा-** आगरा-मथुरा हाईवे पर आए दिन एक्सीडेंट की घटना होती रहती हैं ऐसा एक बड़ा मामला पोरी गांव के पास स्थित थाना फरह की रेपुराजाट पुलिस चौकी में कंटेनर जा घुसा। हादसे की वजह रेत लेकर आ रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली का गलत दिशा से आना और उसे बचाने के लिए कंटेनर का अनियंत्रित होना बताया जा रहा है। गनीमत रही को कोई हताहत नहीं हुआ। हालांकि चौकी के भवन में दरारें अवश्य पड़ गई और जीप क्षतिग्रस्त हो गई। एक ट्रैक्टर चंबल का बालू लेकर गलत दिशा से किसी गांव में जा रहा है। उसे बचाने की कोशिश में एक कंटेनर बेकाबू होकर हाईवे पर स्थित चौकी में जा घुसा।हादसा इतना भयानक था कंटेनर पर रखा लोहे का पार्सल बॉक्स कंटेनर से गिर गए। रोड पर रखे सीमेंट के बैरिकेडिंग को तोड़ते हुए चौकी इंचार्ज के कार्यालय से टकरा कर कंटेनरर रुक गया। हादसे के कारण चौकी के भवन में दरारें पड़ गई। हादसे में सरकारी जीप भी क्षतिग्रस्त हो गई। तेज आवाज सुनकर पुलिसकर्मी भाग खड़े हुए। थाना प्रभारी ने बताया कि ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर को गलत दिशा से हाईवे पर ला रहा था। उसको बचाने में कंटेनर बेकाबू होकर चौकी में आकर घुस गया। इस कारण सरकारी जीप भी क्षतिग्रस्त हो गई है। जिस समय हादसा हुआ उस समय चौकी के कर्मचारी दैनिक क्रिया में व्यस्त थे । कंटेनर को कब्जे में ले लिया गया है।

## एथेलेटिक्स प्रतियोगिता आरंभ पांच सौ छात्र-छात्राओं ने लिया भाग

स्वतंत्र प्रभात



**अलीगढ़,।** एएमयू एथेलेटिक्स क्लब द्वारा आयोजित 96वां अंतर हाल एवं अंतर स्कूल की दो दिवसीय एथलेटिकस प्रतियोगिता का रंगारंग उद्घाटन एएमयू एथलेटिक्स ग्राउंड पर हुआ। अलग-अलग खेल परिधान में अपने-अपने आवासीय हालों एवं स्कूलों के छात्र एवं छात्राओं ने अपने झंडे के साथ मार्च पास्ट किया। मार्च पास्ट की सलामी फिजिकल एजुकेशन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर तारिक मुर्तजा एवं सचिव यूनिवर्सिटी गेम्स कमेटी प्रोफेसर सय्यद अमजद अली रिजवी ने संयुक्त रूप से ली। मार्च पास्ट प्रतियोगिता में एमएम हाल विजेता, एसटीएस स्कूल उप-विजेता एवं तृतीय स्थान एएमयू ऐबीके स्कूल गर्ल्स रहा। एएमयू गेम्स कमेटी के एथलेटिक्स क्लब द्वारा आयोजित वार्षिक खेल प्रतियोगिताओं में युवा खिलाड़ियों का अति लोकप्रिय खेलों में एक एथलेटिक्स की प्रतियोगिता में लगभग 500 से अधिक बालक एवं बालिकाएं अलग-अलग खेल स्पर्धाओं में प्रतिभाग कर रही हैं। उद्घाटन कार्यक्रम में सबसे आकर्षण का केंद्र अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी एथलेटिक्स क्लब के पूर्व कप्तानों के मशाल रेस का रहा। उद्घाटन की जलती मशाल को एएमयू एथलेटिक्स क्लब के अध्यक्ष प्रोफेसर जमीरउल्लाह खान ने सचिव गेम्स कमेटी प्रोफेसर सय्यद अमजद अली रिजवी को सौपा। प्रोफेसर रिजवी ने 1975 के वरिष्ठ एथलेटिक्स कैप्टन अब्दुल हमीद खान को दिया। इस प्रकार एक दूसरे कप्तानों के हाथों से होती हुई मशाल, पूर्व कैप्टन एहसान, अली अब्बास, तौफीक अहमद, डॉक्टर एहसान अहमद, हामिद अली सीनियर एथलीट, हीरा सिंह द्वारा एथलेटिक्स कप्तान एवं आयोजन सचिव मोहम्मद अंसार को दी गई। कप्तान अंसार द्वारा ट्रैक पर लंबी दौड़ लगाते हुए एथलेटिकस क्लब पर स्थापित मुख्य मशाल को जलाया। मशाल जलते ही तालियों की गड़गड़ाहट के साथ हवा में गुब्बारे एवं पटाखों के बीच मुख्य अतिथि प्रोफेसर तारिक मुर्तजा ने 96वां इंटर हॉल एथलेटिक्स प्रतियोगिता के शुभारंभ की घोषणा की।

# संक्षिप्त ख़बरें

## चैनपुर मे स्वीप कार्यक्रम के तहत संत अन्ना उच्च विद्यालय के छात्राओं के द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई



**चैनपुर-** सोमवार को स्वीप कार्यक्रम के तहत संत अन्ना उच्च विद्यालय के छात्राओं के द्वारा चैनपुर मुख्यालय में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से लोगों को लोकसभा आम चुनाव में देश के संविधान के प्रति कर्तव्य वफादारी दिखाते हुए सभी मतदाताओं को 13 में को होने वाले मतदान में अपनी सकारात्मक भागीदारी निभाने के लिए जागरुक कर सब प्रतिशत मतदान करने को लेकर जागरूक किया गया। छात्राओं द्वारा निकाली गई रैली के दौरान मतदान के दिन लोगों को अपने-अपने घरों से निकलकर अपने-अपने मतदान केदो पर मतदान करने के लिए जागरूक किया गया साथ ही जरूर से जरूर मतदान करने की अपील की गई इस मतदाता जागरूकता रैली में मुख्य रूप से चैनपुर वीडियो यादव बैठा संत अन्ना उच्च विद्यालय की प्रधान अध्यापिका सहित छात्राएं उपस्थित थीं।

## आईयूएमएल लोहरदगा जिला कमिटी प्रतिनिधि मंडल मिला लोकसभा प्रत्याशी



## सुखदेव भगत से

**लोहरदगा-** इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग लोहरदगा जिला कमिटी का प्रतिनिधि मंडल जिला अध्यक्ष मुर्शीद अंसारी के नेतृत्व में लोहरदगा लोकसभा संसदीय क्षेत्र के इंडिया गठबंधन उम्मीदवार श्री सुखदेव भगत से मिला और उन्हें लोहरदगा जिला में एक माइनिंग कॉलेज की स्थापना का ज्ञापन सौंपा। मुर्शीद अंसारी ने ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि लोहरदगा जिला में अपार खनिज संपदा है जिसका लाभ देश के अन्य राज्य लगातार उठा रहे हैं,अगर इस क्षेत्र में एक माइनिंग कॉलेज का निर्माण कर दिया जाए तो यहां के युवाओं के भविष्य के लिए एक बेहतर कार्य होगा। पत्र को लेते हुए श्री सुखदेव भगत ने कहा कि अगर मेरी जीत सुनिश्चित हो जाती है तो मेरी पूरी कोशिश रहेगी की इस मांग को मैं जल्द से जल्द पूरा कर सकूं। केंद्र में अगर हमारी सरकार बन जाती है तो इस तरह के बहुत सारे कार्य होंगे जिससे युवाओं को भविष्य सुधारने का अवसर मिलेगा। प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से लोहरदगा जिला उपाध्यक्ष जीशान खान, सलमान अंसारी, सावर्त हुसैन, राजेश उरांव, गुलाम नबी, हाजी सिकंदर अंसारी आदि मौजूद रहे।

## जेबीकेएसएस समर्थित हज़ारीबाग लोकसभा प्रत्याशी संजय कुमार मेहता का नामांकन आज



**बरही/हजारीबाग-** पिछले 3 सालों से स्थानीयता और झारखंडी मुद्दों की लड़ाई लड़ रहे युवाओं ने लोकसभा चुनाव 2024 में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर दी है। झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) के आंदोलन से बनी पार्टी झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) ने हज़ारीबाग लोकसभा क्षेत्र से झारखंड की राजनीति में उभरते हुए नाम स्थानीय निवासी संजय कुमार मेहता को उम्मीदवार बनाया है। अपनी माटी के लिए समर्पित और संकल्पित संजय कुमार मेहता इस बार लोकसभा प्रत्याशी के तौर पर चुनावी मैदान में हैं। वे अपना नामांकन पर्चा आज निर्वाचन कार्यालय हज़ारीबाग में दाखिल करेंगे। संजय के नामांकन में जेबीकेएसएस के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो शामिल होंगे। साथ ही पूरे राज्य से लाखों की संख्या में झारखंडी जनमानस उपस्थित रहेंगे। नामांकन के दिन भारी संख्या में लोगों की भीड़ पहुंचे इसके लिए प्रत्याशी संजय मेहता ने हज़ारीबाग लोकसभा वासियों से अपील किया है। उन्होंने समर्थन और आशीर्वाद मांगा है। साथ ही कहा है कि हज़ारीबाग में बदलाव की गाथा लिखने की बारी आ गयी है। जनसंपर्क में लोगों का अपार समर्थन बता रहा परिवर्तन के लिए हज़ारीबाग तैयार है।

# मोटी सरकारी राशि खर्च करने के पश्चात भी आर्टिजन वेल से नहीं हो पा रही है खेतों की सिंचाई

**● पक्की नाली पूर्णतः ध्वस्त होने से आर्टिजन वेल का जल नाला में गिरने से नहीं हो रहा है जल का उपयोग**



स्वतंत्र प्रभात

**पाकुड़िया/पाकुड़/झारखण्ड-** पाकुड़िया प्रखण्ड के लागडुम पंचायत के पंचायत मुख्यालय ग्राम लागडुम के चिरुडीह में सोदा किस्कू के घर के समीप पाताल कूप निकलने से लोग काफी हर्षित हुए कि स्वच्छ पेय जल की प्राप्ति होगी और सिंचाई भी होगी। लोगों ने इसकी जानकारी पदाधिकारियों को देने के बाद स्थलीय जांच के बाद प्राक्कलन तैयार कर कार्यादेश देने के उपरांत वेल से लेकर नाला के किनारे-किनारे पक्की नाली का निर्माण कर एक बड़ा होद का भी निर्माण किया जिसमें वेल का पानी स्टोर कर पक्की नाली के माध्यम खेतों तक पहुंचाया जा सके।लेकिन निर्माण के बाद पानी स्टोर बाला हौदा एवम पक्की नाली ध्वस्त होकर बिखर जाने से लोग आर्टिजन वेल से निकल रहे जल का उपयोग तो भरपुर कर रहे हैं, परन्तु बह कर बेकार हो रहा जल का सिंचाई में उपयोग नहीं हो पाने से लोगों में गहरी नाराज़गी देखी गयी। सोमवार को पाताल कूप से जल ले रही महिलाओं से पूछने पर स्पष्ट शब्दों में कहा कि पानी यहां से पहले की तरह ही निकल रहा है और जल बहुत ही बढ़िया है। वहीं यह पूछने पर कि निकल रहा पानी खेतों में इन दिनों जा रहा है कि नहीं? तो महिलाओं ने बताया कि पक्की नाली पूरी तरह टूटने तथा पानी जमा करने वाला पक्का का हौदा में मिट्टी भर जाने से बहुत दिनों से निकल रहा वेल का जल निकट के गाडा(जोरिया)में बह कर बेकार चला जाता है। इस बावत इस गाड़ा टोला के लोगों के साथ चिरुडीह के दुसरे टोला के लोगों ने बताया कि बहुत सरकारी खर्च करके पाताल तोड़ कूप से निकल रहा जल का पीने के अलावे हम किसानों की मांग पर सिंचाई के लिए पक्की नाली तथा पानी स्टोर के लिए पक्का का हौदा का निर्माण किया गया ताकि खेतों तक पानी पहुंच सके जिससे किसान विभिन्न प्रकार की खेती विशेषकर सब्जियों की खेती कर सके और किसानों की आय बढ़े। परन्तु बहुत दिनों से पक्की नाली से होदा तक पानी की आपूर्ति नहीं होने से इस जल का सदुपयोग बिल्कुल नहीं हो पा रहा है।

उन्होंने यह भी बताया कि पक्की नाली ध्वस्त होने से वेल का पानी गाडा में बह कर बेकार चला जाता है। ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि इस दिशा में पंचायत प्रतिनिधि, जन प्रतिनिधियों तथा स्थानीय सरकारी पदाधिकारियों को उक्त स्थल की जांच कर पुनः बह कर बेकार हो रहा वेल के पानी को सिंचाई हेतु खेतों तक पहुंचाने की दिशा में ठोस पहल की जानी चाहिए ताकि प्रकृति प्रदत् जल का सदुपयोग पेय जल के साथ सिंचाई में भी की जा सके।

# इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जेपी पटेल पहुंचे बरही, कार्यकर्ताओं से किया चुनावी परिचर्चा

**● देश के लोकतंत्र को बचाना हमारी प्राथमिकता -जेपी पटेल**

**● चुनाव जेपी पटेल के साथ इंडिया गठबंधन के तमाम कार्यकर्ता लड़ रहे है- उमाशंकर अकेला**

स्वतंत्र प्रभात

**बरही-** इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल सोमवार बरही पहुंचे। इस दौरान इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जेपी भाई पटेल के साथ बरही विधायक उमाशंकर अकेला भी मौजूद थे। प्रत्याशी जेपी भाई पटेल व विधायक उमाशंकर अकेला का कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ माला पहनाकर स्वागत किया। कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के साथ चुनावी परिचर्चा करते हुए उन्होंने जीत का मूल मंत्र दिया। बैठक धनवाद रोड स्थित युवा कांग्रेस नेता अमित जायसवाल के आवास पर हुई। इस दौरान जेपी पटेल ने कांग्रेसी कार्यकर्ताओं से कहा कि आप लोगों ने मुझे बहुत बड़ी जिम्मेदारी दी है, इस जिम्मेदारी को हम सब ने मिलकर निभाना है। कहा कि आज देश के हालात बहुत खराब है, हमारे देश का लोकतंत्र बहुत खतरे में है हमसबों की जिम्मेदारी है कि लोकतन्त्र कैसे बचे। इसके अलावा जेपी पटेल ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि भाजपा द्वारा संविधान पर किये जा रहे हमलों और आरक्षण को समाप्त करने के षड्यंत्र को लोगों के सामने रखा। देश को बचाने के लिए कांग्रेस को वोट देने की अपील की। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा चार सौ पार का नारा इसलिए दे रही है ताकि संविधान को बदला जा सके। उन्होंने बताया कि भाजपा के नीति और सिद्धांतों से उनका विचार नहीं मिल रहा था, जिसके कारण वह कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए है और पार्टी के सिद्धांतों के साथ जुड़कर जनता का काम उनके द्वारा किया जा रहा है। वहीं विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि चुनाव जेपी पटेल के साथ साथ इंडिया गठबंधन के तमाम दल के कार्यकर्ता लड़ रहे है। पार्टी की जीत सुनिश्चित करने को लेकर वह हर स्तर से प्रयास कर रहे है। मौके पर कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, पदमा 20 सूत्री अध्यक्ष संजय यादव, अमित जायसवाल, राजद नेता राजेन्द्र स्वर्णकार, शशि जयसवाल, हरि गुप्ता, मो गुलजार, कार्तिक पासवान, राजू राणा समेत अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे।

# पोस्टल बैलट पेपर कोषांग की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

**साहेबगंज, झारखंड-** लोकसभा चुनाव -2024 में शत् प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए आज समाहरणालय सभागार में पोस्टल बैलेट पेपर कोषांग की बैठक अपर समाहर्ता राज महेश्वरम की अध्यक्षता में की गई।बैठक में अपर समाहर्ता राज महेश्वरम ने बताया कि जिला के ऐसे मतदाता जो निर्वाचन की तिथि 01/06/24 को अपने कार्यों का निर्वहन करते हुए आवश्यक सेवा या मतदान कार्य में प्रतिनियुक्ति है द्य उन सभी कर्मियों को क्रमशः प्रपत्र 12 ष्ठ तथा 12ष्ठ पार्ट द्यद्य( आवश्यक सेवा ) एवं प्रपत्र 12 (निर्वाचन कर्मी )भरकर पोस्टल बैलेट पेपर कोषांग में जमा कराना सुनिश्चित करें।उन्होंने शिक्षा विभाग, कल्याण विभाग, जिला अग्रिम बैंक, जिला परिवहन विभाग, , डाक विभाग , चिकित्सा विभाग, विद्युत विभाग से आए प्रतिनिधियों को निर्देश दिया कि उनके अधीनस्थ कर्मियों का जल्द से जल्द 12 डी फॉर्म जमा कराना सुनिश्चित करें।उन्होंने बताया कि जो साधारण निवासी है और 6 माह से इस जिला में निवास कर रहे हैं उनको एपिक बनाने का निर्देश दिया गया है।

मतदाता सूची मे नाम अंकित करने हेतु निकटवर्ती बूथ लेवल ऑफिसर से समन्वय कर या वोटर हेल्पलाइन की मदद से या प्रशिक्षण स्थल पर निर्वाचन कार्यालय के ऑपरेटर की सहायता से प्रपत्र 6 भर सकते हैं।ऐसे मतदान कर्मी जो वर्तमान में साहेबगंज जिला अंतर्गत कार्यरत है किन्तु उनका मतदाता सूची में झारखंड से बाहर नाम दर्ज है वे प्रपत्र 06 के साथ प्रपत्र 08भी भरना सुनिश्चित करेंगेद्यउन्होंने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करना है।मौके पर सिविल सर्जन डॉ0 अरविन्द कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी साहेबगंज अंगार नाथ स्वर्णकार, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी जयवर्धन कुमार, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी अनिल कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमार हर्ष, जिला परिवहन पदाधिकारी विष्णु देव कच्छप , श्रम अधीक्षक धीरेंद्र कुमार, नगर प्रशासक नगर परिषद साहेबगंज सोमा खण्डैत, जिला खनन पदाधिकारी कृष्ण कुमार किस्कू एवं अन्य पदाधिकारी सम्मिलित हुए।

## 30 अप्रैल से जेएससीए इंटर डिस्ट्रिक्ट विमेंस अंडर-15 टी 20 टूर्नामेंट 2023-24 का होने जा रहा है शुभारंभ

**● टूर्नामेंट में 11 जिला के खिलाड़ी होंगे शामिल, बोकारो में क्रिकेट मैच का होगा आयोजन**

स्वतंत्र प्रभात

**बरही-** जेएससीए इंटर डिस्ट्रिक्ट विमेंस अंडर-15 टी 20 टूर्नामेंट 2023-24 का शुभारंभ 30 अप्रैल से बोकारो में होने जा रहा है। जिसमे झारखंड के 11 जिले के खिलाड़ी भाग लेंगे। हजारीबाग टीम का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों में सलोनी कुमारी पिता छोटन राणा ग्राम कुंडवा बरही, बॉयज मिडिल स्कूल बरही, नयाशा गुप्ता पिता मनोज कुमार, ग्राम धनबाद रोड डीवीसी बरही, इंडियन एंथम स्कूल श्रीनगर, माही सिंह पिता मोती कुमार सिंह, ग्राम बरहीडीह, डीएवी पब्लिक स्कूल बरही, असुमिता कुमारी पिता उमेश यादव, ग्राम बुंडू, भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरही, दिव्या सिंह पिता रंजीत कुमार सिंह ग्राम बरहीडीह, यूपीजी मिडिल स्कूल बरहीडीह, आलिशा भारद्वाज पिता रंजीत कुमार, डीएवी पब्लिक स्कूल हजारीबाग, कुमारी संस्कृति सिंह पिता अनुज कुमार सिंह, माता रूबी सिंह ग्राम कटीयौन श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल देवचंदा, तानिया कुमारी पिता ध्रुवनारायण सिंह, ग्राम हजारी धमना, भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, तृप्ति गुड़िया पिता प्रकाश कुमार ग्राम रसोईया धमना, रॉयल आर्किड इंटरनेशनल स्कूल रसोईया धमना, कुमारी वर्षा रानी पिता डब्लू प्रसाद, लुंदरू स्कूल, दून सेंट्रल स्कूल हजारीबाग, आष्टिका गुप्ता पिता आशीष कुमार, ग्राम कटकमदाग, एसटी स्टीफन स्कूल शामिल है। उक्त जानकारी एचडीसीए के कार्यकारिणी सदस्य सह बीएसए संरक्षक अब्दुल मनान वारसी ने दिया। जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि खेल को ग्रुप ए जिसका वेन्यू पाकुड़ है व ग्रुप बी जिसका वेन्यू बोकारो है। हजारीबाग टीम को ग्रुप बी शामिल किया गया है, जिसका वेन्यू बोकारो है। जिसका पहला मैच 1 मई को जमशेदपुर टीम से, 2 मई को खुटी टीम से, 3 मई को लोहरदग्गा टीम से, 5 मई को गिरिडीह टीम से, 7 मई को बोकारो टीम से होगा। 9 मई को दोनो ग्रुप के शीर्ष चार टीमों के साथ सेमीफाइनल एवं 10 मई को फाइनल मैच खेला जाएगा।

# जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी ने सोमवार को जिला निर्वाचन कार्यालय पर विधानसभा वार चल रहे कमिश्निंग के कार्य का निरीक्षण किया

स्वतंत्र प्रभात



**फिरोजाबाद-** जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी रमेश रंजन ने सोमवार को जिला निर्वाचन कार्यालय पर विधानसभा वार चल रहे कमिश्निंग के कार्य का निरीक्षण किया। पांचो विधानसभाओं का अलग-अलग पंडाल बनाकर संबंधित उप जिलाधिकारी व तहसीलदार व उन की तहसील स्टाफ द्वारा ईवीएम मशीनों की एक-एक कर जांच कर बूथवार बैलट पेपर लगाकर तैयार की जा रही। इसी प्रकार से अलग तहसील क्षेत्रों के लिए निर्धारित की गई रिजर्व मशीनों को भी तैयार किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि वह इस महत्वपूर्ण कार्य को पूरी तरह अपनी स्वयं की देखरेख में आज शाम तक पूरा कराएं और कल मंगलवार को सभी प्रत्याशी व उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति निर्वाचन कार्यालय पर मॉकपोल कराया जाए जिसे सभी को अलग-अलग वोट डालकर व उनका मिलान करा कर दिखाया जाए। उन्होंने ई वी एम के इंजीनियर पंकज कुमार से वार्ता कर मशीनों की स्थिति को जाना और उन्हें निर्देश दिए की मशीनों के बैटरी से लेकर हर चीज को बारीकी से जांच कर मशीनों को तैयार करें, ताकि मतदान दिवस के दिन मशीनों में किसी प्रकार की खराबी की खबर न मिले। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी अभिषेक कुमार सिंह, डिप्टी कलेक्टर मुख्यालय गजेंद्र पाल, डिप्टी कलेक्टर व सहायक निर्वाचन अधिकारी विकल्प सहित सभी उप जिलाधिकारी व तहसीलदार आदि उपस्थित रहे।

## 2 बीघा गेंहू की फसल जलकर राख

**सहारनपुर।** बिजली के तारों से चिंगारी निकलने के कारण गेंहू की खड़ी फसल में अचानक आग लग जाने के कारण करीब दो बीघा गेंहू की फसल जलकर नष्ट हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार थाना नानौता क्षेत्रान्तर्गत ग्राम भावसी के निकट सुधीर राणा के खेतों में गेंहू की फसल खड़ी थी। खेतों के बीच से गुजर रही विद्युत लाईन की तारों से अचानक चिंगारी निकलने के कारण गेंहू की खड़ी फसल में आग गयी तब तक लोगों को पता चलता तब तक दो बीघा गेंहू की फसल जलकर राख हो गयी। ग्रामीणों ने बामुश्किल किसी तरह से बामुश्किल आग पर काबू पाया वर्ना 10 बीघा गेंहू की फसल जलकर नष्ट हो सकती थी तथा आस-पास के खेतों में खडी फसल को भी भारी नुकसान हो सकता था। इन घटनाओं के कारण देश का अन्नदाता किसान बेहद चिंतित है।

# आईसेक्ट विश्वविद्यालय में वाद-विवाद व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

**● विद्यार्थियों का समावेशी विकास, विश्वविद्यालय की प्राथमिकता में शामिल- डॉ मुनीष गोविंद**



स्वतंत्र प्रभात

**हजारीबाग-** आईसेक्ट विश्वविद्यालय के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस सभागार में सोमवार को युवा और राजनीति~ नेताओं के समर्थन और आलोचना के बीच संघर्ष पर वाद-विवाद एवं शिक्षा और समाज ~ विद्यार्थियों के अधिकारों की सुरक्षा और प्रयोजन्मूलक शिक्षा के बीच संबंध विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बता दें कि आगामी 16 मई को विश्वविद्यालय का 9वां स्थापना दिवस मनाया जाएगा, जिसके उपलक्ष्य में विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियां व खेलकूद सहित कई अन्य प्रतियोगिताएं करायी जा रही है। ?इसी के तहत सोमवार को वाद-विवाद एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। विद्यार्थियों ने वाद-विवाद प्रतियोगिता में युवाओं और राजनीति को लेकर खुलकर अपने विचार रखे। वाद-विवाद प्रतियोगिता में निर्णायक मंडली की भूमिका में डॉ रोजीकांत, डॉ पूनम चंद्रा व प्रभात किरण जबकि निबंध प्रतियोगिता में अजीत कुमार, संजय दांगी व पंकज प्रज्ञा ने निर्णायक मंडली की भूमिका निभाई। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि दरअसल वाद-विवाद, निबंध या अन्य प्रतियोगिताओं से ना केवल विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ता है बल्कि उनमें स्वस्थ प्रतिस्पर्धा भी जागृत होती है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के समावेशी विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है। यही वजह है कि पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियां व अन्य प्रतियोगिताओं के लिए विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। बताते चलें कि 30 अप्रैल को मेंहदी, चित्रकला, 01 मई को गायन, 02 मई को नृत्य, 03 मई को फैशन शो और 04 मई को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। सभी विजेता प्रतिभागियों को आगामी 16 मई के स्थापना दिवस कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जाएगा। वाद-विवाद प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों में सेक आबिद, सर्वजीत कुमार, मनीष कुमार, सार्थक कुमार, समर्थ कुमार, अनुज कुमार पाण्डेय, राज सौरभ, सुरभी नायक, श्रुति सिंह, कुंदन कुमार यादव, प्रेमचंद कुमार, राहुल कुमार यादव, हेरा फातिमा, तनिष्का कुमारी, रौशन कुमार, सूरज कुमार, अंकित कुमार सहित अन्य के नाम शामिल हैं जबकि निबंध प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों में ओम सिंह (बीबीए), तृशा कुमारी (बीए हिंदी), डॉली कुमारी (बीए भूगोल), प्रियंका कुमारी (बीए भूगोल), अंकित कुमार (एमएससी भौतिकी), सहिस्ता परवीन (बीए राजनीति विज्ञान), जेपी सिंह (सीएस एंड आईटी), अनु प्रतिभा (एमएससी, गणित), रिया कुमारी (बीए भूगोल) सहित अन्य के नाम शामिल हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक समिति प्रमुख डॉ प्रीति कुमारी, डॉ अरविंद कुमार, डॉ रोजीकांत, रितेश गुप्ता, सीमा कुमारी, सबीता कुमारी, एकता कुमारी, रविकांत कुमार, अमित कुमार सहित अन्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# चैनपुर पुलिस ने अवैध गांजा के साथ दो लोगों को किया गिरफ्तार भेजा गया जेल

स्वतंत्र प्रभात



**चैनपुर-** चैनपुर पुलिस ने दुकान की आड पर गांजे का बिजनेस कर रहे दो धंधेबाजो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार चैनपुर बस स्टैंड में एक पान गुमटी में गांजा बेच रहे दिनेश कुमार उर्फ छोटू एवं इलेक्ट्रॉनिक दुकान से गांजे का बिजनेस कर रहे अनूप साहू को पुलिस ने रविवार की रात लगभग 8~30 बजे गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। इस संबंध में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी देते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्रीमती अमिता लकड़ा ने बताया कि रविवार को 8~30 बजे गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि चैनपुर बाजार के दो दुकान दिनेश कुमार उर्फ छोटू पिता स्वर्गीय अर्जुन प्रसाद चैनपुर बस स्टैंड तथा अनूप साहू पिता गोविंद साव चैनपुर के द्वारा अवैध गांजा का बिक्री किया जा रहा है। उक्त सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चैनपुर श्रीमती अमिता लकड़ा के नेतृत्व में त्वरित कार्रवाई करते हुए अनूप साहू के इलेक्ट्रॉनिक दुकान से एक प्लास्टिक में रखा गांजा जिसका वजन करीब 170 ग्राम बरामद किया गया तथा बस स्टैंड स्थित दिनेश कुमार उर्फ छोटू के पान गुमटी से करीब 685 ग्राम गांजा जैसा पदार्थ बरामद किया गया जिसे विधिवत जप्त किया गया। दोनों अभियुक्त दिनेश कुमार उर्फ छोटू (32) एवं अनूप साहू (47) को गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायिक हिजासत में गुमला जेल भेज दिया गया। छापेमारी दल में चैनपुर थाना प्रभारी अजय यादव, पुअनि अशोक कुमार, शुरेश प्रसाद यादव, अनुपम टोप्पो एवं लैंदा मुंडा शामिल थे।

## भाजपा प्रत्याशी मनीष व पूर्व विधायक का तूफानी जनसम्पर्क अभियान, भाजपा के पक्ष में माँगा जनसमर्थन

स्वतंत्र प्रभात



**चौपारण हजारीबाग झारखंड-** लोकसभा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव के साथ दर्जनों गाँवों में जनसम्पर्क अभियान चलाकर भाजपा के पक्ष में जनसमर्थन माँगा। अभियान की शुरुवात सिंघरावां मोड़ से हुवा जहां भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश साव व स्थानिय मुखिया बिरेन्द्र रजक के अगुवाई में स्वागत किया गया। बच्छई पंचायत के मलिकाना, गोविंदपुर पंचायत के लराही, गोरखा, भटबिगहा में सैकड़ो बाइक के साथ प्रत्याशी का स्वागत किया गया। इस दौरान डेबो पंचायत के चक, नवादा, डेबो, करमा में भव्य स्वागत हुवा। बढ़ती गर्मी के बावजूद वृन्दा व रामपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनीष जायसवाल व मनोज यादव का स्वागत किया व भाजपा के पक्ष में समर्थन का भरोसा दिया। प्रत्याशी ने भगवानपुर, पोडो, इगुनिया, पडरिया, ब्रहमोरिया, सेलहारा, पाण्डेयबारा, केंदुवा में चला सघन जनसम्पर्क अभियान। वही बसरिया में रोड शो हुवा जहां सैकड़ो ग्रामीणों ने अबकी बार मोदी सरकार के नारों को समर्थन दिया। अभियान में मंडल अध्यक्ष सुरेश साव, जिला परिषद सदस्य आरती कौशल, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष रेखा देवी, मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेन्द्र रजक, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, विहिप मंत्री गुरुदेव गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष गजाधर प्रसाद, समिति सदस्य सहदेव प्रसाद यादव, अशोक यादव, भाजपा नेता रामस्वरूप पासवान, राजेन्द्र चनद्रवंशी, अर्जुन साव, महामंत्री अरविंद सिंह, अरविंद साव, बालेश्वर साव, मोहन साव, विजय यादव, नरेश पासवान, पिन्टू सोनी, मुखिया मंटू सिंह, पप्पू रजक, सन्तोष सिंह, पप्पू रजक, भाजपा नेता देवल यादव, संजय यादव, त्रिलोकी यादब, सुरेन्द्र रजक, राजू यादव, मीडिया प्रभारी मुनेश्वर गुप्ता, सुनील सिंह, शिवकुमार प्रजापति, उमेश पासवान, बिनय रजक, बासुदेव यादव सहित अन्य।

**देश सुरक्षित रहेगा तभी हम सुरक्षित है, मजबूत हाथो में है देश का कमान – मनीष जायसवाल**

जनसम्पर्क अभियान को सम्बोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने कहा मोदी की गारंटी को दोहराते हुए कहा कि देश आज सुरक्षित हाथो में है। मोदी जी के जनहित व कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा है। आज दुनिया भारत को सम्मान की नजरों से देखता है। तीसरी बार मोदी जी पीएम बनेंगे तो कई योजनाएं है जो भारत का तस्विर बदल देगा।

**आपका उत्साह व जनसमर्थन भाजपा प्रत्याशी के जीत की गारंटी है ~मनोज यादव**

पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि भाजपा उम्मीदवार के प्रति लोगों में उत्साह का माहौल है। प्रचंड गर्मी में आपका घरों से बाहर निकलना मनीष जी के जीत की गारंटी बन रहा है। एक सवाल के जवाब में श्री यादव में कहा कि देश में आरक्षण को लेकर विपक्ष भ्रम फैला रही है। मैं दावे के साथ कह सकता हूँ कि किसी में दम नही है जो आरक्षण को समाप्त कर दे।

# बीएस कॉलेज पढ़ाई कम अनियमित पैसा की लूट का बन रहा केंद्र - हरी भगत

स्वतंत्र प्रभात

**झारखंड-** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) का प्रतिनिधिमंडल बीएस कॉलेज के प्राचार्य एस.के.पी गुप्ता जी से जा मिला। छात्र संगठन एनएसयूआई के जिला महासचिव हरि भगत ने विद्यार्थियों के साथ हो रहे अन्याय के पक्ष में बात रखते कहा कि पीजी सेमेस्टर 1 के विद्यार्थियों का 25 अप्रैल से 3 मई तक परीक्षा फॉर्म भरने का नोटिस रांची विश्वविद्यालय जारी किया है। इसके बावजूद 25 तारीख बीत जाने के बाद भी बावजूद राजनीतिक शास्त्र तथा इतिहास विषय के विद्यार्थियों का मिड परीक्षा का नंबर विश्वविद्यालय को भेजा नहीं गया है। जिसके वजह से विद्यार्थीगण परीक्षा फॉर्म भरने से वंचित हो गए हैं। जबकि आधा दिन बीत चुका है इसके अनुरूप अगर विद्यार्थी तिथि से विलंब हो जाता है तो अन्यत्र रूप से विलंब शुल्क वसूली किया जाता है। इस विषय में विभाग अध्यक्ष से बात करने पर कॉलेज के प्राचार्य महोदय पर पड़ला झाड़ देते हैं वहीं प्राचार्य महोदय से बात करने पर सीधे रांची विश्वविद्यालय पर पड़ला झाड़ देते है। कुल मिलाकर कॉलेज में पढ़ाई कम विद्यार्थीयों से अन्यत्र रूप से पैसा वसूली करने का धंधा बना लिया गया है। पढ़ाई के मायने में अधिकतर विषय की क्लास ही नहीं होती है। विद्यार्थी दो से तीन विषय की क्लास करके 6 विषय की परीक्षा दे रहे हैं।

इसी महीने ग्रेजुएशन सेमेस्टर 1 का 4 अप्रैल से 12 अप्रैल तक परीक्षा फॉर्म भरने का विश्वविद्यालय नोटिस जारी करता है लेकिन कॉलेज में 6 तारीख को हिंदी, राजनीतिक शास्त्र तथा 7 तारीख को इतिहास एवं 10 तारीख को कॉमर्स की परीक्षा ली गई। जिसके कारण विलंब से मिड परीक्षा की नंबर विश्वविद्यालय को भेजा गया। फलस्वरुप अधिकतर विद्यार्थीयों से विलंब शुल्क के साथ परीक्षा फीस जबरन वसूली किया गया साथ ही साथ कॉमर्स के शत् प्रतिशत विद्यार्थीयों से विलंब शुल्क के साथ परीक्षा फॉर्म भरवारा गया। इस तरह से छात्रों के साथ हो रहे अन्याय को छात्र संगठन एनएसयूआई कभी बर्दाश्त नहीं करेगी और साथ में प्रचार महोदय को यह आगाह करते हुए छात्र प्रतिनिधि ने कहा कि इस तरह के विभागीय गड़बड़ी को त्वरित सुधार किया जाए नहीं तो छात्र संगठन एनएसयूआई समस्त विद्यार्थियों के साथ कॉलेज प्रशासन के विरोध में उतरने का काम करेगी।

# ओएनजीसी सीबीएम परिसम्पति बोकारो के सौजन्य से बोकारो जिला में मतदाता जागरूकता आधारित नुक्कड़ नाटक का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

**बोकारो-** मतदान प्रतिशत बढाने के उद्देश्य से ओएनजीसी सीबीएम परिसम्पति बोकारो के सौजन्य से बोकारो जिला के ओएनजीसी कार्यालय, गोमिया एवं चन्दनकियारी प्रखंड में मतदाता जागरूकता 25 मई, दिन शनिवार को वोट करेगा बोकारो पर आधारित नुक्कड़-नाटक का आयोजन हस्तशिल्प विकास संस्थान हजारीबाग द्वारा किया गया। नुक्कड़-नाटक के माध्यम से आम समुदाय को जाति, धर्म,भाषा, प्रलोभन में न आकर स्वत्रंता एवं निष्पक्ष मतदान करने के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। मौके पर असीम कुमार, परिसम्पत्ति प्रबंधक ने इस तरह मतदाता जागरूकता से आम नागरिक को मतदान के प्रति जागरूकता करने के लिए यह सरल तरीका है जिससे लोग बढ़-चढ़ कर मतदान करेगें ओर बोकारो का वोट प्रतिशत बढेगा। इस तरह आयोजन के लिए




हस्तशिल्प विकास संस्थान को सराहा गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में ओएनजीसीसी एसआर टीम के दयानंद कालुंडिया मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन, अमन कंडुलना सीएसआर प्रभारी, सोनाली एचआर. एवं अविगार्डलिंग दीपकराव एच आर का मुख्य रूप से इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग रहा है। इस कार्यक्रम में ओएनजीसी के सभी कर्मीगण उपस्थित हुए तथा मतदाता शपथ भी लिए साथ ही साथ ग्रामीणों ने भी मतदाता शपथ लिए। इस कार्यक्रम का संचालन नरेश ठाकुर, सचिव हस्तशिल्प विकास संस्थान हजारीबाग के देख-रेख में किया गया।

# मोबाइल की आभासी दुनिया में खोता बालमन




सोशल मीडिया पर आये दिन इस तरह की तस्वीर देखने को मिल जाएगी जिसमें ड्राइंग रुम में तो परिवार के लगभग सभी सदस्य बैठे हैं पर उनके बीच किसी तरह के संवाद की बात करना ही बेमानी होगा। सभी अपने-अपने स्थान पर अपने मोबाइल फोन में खोये मिलेंगे। खोये होने का मतलब साफ है कि कोई गेमिंग कर रहा होगा तो कोई इंस्टाग्राम, फेसबुक, वाट्सएप या इसी तरह के किसी दूसरे एप पर व्यस्त होगा। सवाल साफ है कि जो हम देखेंगे उसमें हमें पसंद भी वोही आएगा जो अधिक ग्लेमरस होगा और यही कारण है कि गेमिंग, चेटिंग या फिर रील्स बनाने देखने में बच्चों से बड़े तक व्यस्त मिलेंगे। इसके साथ ही गेमिंग जहां बच्चों बड़ों को लालच दिखाकर एक तरह से जुआरी बना रही हैं वहीं कुछ गेम तो इस कदर हानिकारक रहे हैं कि उन्हें फॉलों करते करते बच्चों को अपने जीवन से हाथ धोना पड़ा है। सोशल मीडिया, ओटीटी व गेमिंग के साथ ही गूगल बाबा सहित खोजी चैनलों, डिजिटल प्लेटफार्म खोजी सामग्री तो कोई समाचार देखते-देखते ही कितने तरह के विज्ञापन सामने आ जाते हैं उनमें कई बार तो लगभग प्रोन जैसी सामग्री होने के बावजूद मजे से परोसी जाती रहती है और उसे बेन करने या सेंसर करने का कोई सिस्टम नहीं होने से उसका दुष्प्रभाव साफ देखा जाता है। भले ही सरकार द्वारा इस तरह के चैनलों, प्लेटफार्म, एप आदि पर रोक लगाने के लाख दावें किये जाते हो पर साफतौर से इस तरह की सामग्री आम है। इसके साथ ही इन प्लेटफार्मों पर परोसी जाने वाली सामग्री बच्चों तक नहीं पहुंचे या बालमन पर को प्रदूषित नही करें, इसकी कोई व्यवस्था नहीं होती है। जब इन प्लेटफार्मों पर हिंसा, यौन सामग्री, गेमिंग, संवेदनहीनता, तनाव, आत्महत्या या बदले की भावना प्रेरित करने वाली सामग्री परोसी जाएगी तो उसका प्रभाव से नकारा नहीं जा सकता। दरअसल यह विश्वव्यापी समस्या हो गई है और इसका समाधान समय रहते नहीं खोजा गया तो इसके जो दुष्परिणाम आएंगे व आने लगे हैं वे समाज के लिए भयावह होंगे, इस खतरे को समझना होगा।

तस्वीर का एक पक्ष यह भी है कि एक दूसरे से तत्काल संवाद कायम करने का माध्यम स्मार्टफोन, सोशल मीडिया और इंटरनेट पर परोसी जाने वाली सामग्री का सर्वाधिक दुष्प्रभाव बालक मन पर पड़ रहा है। तकनीक का इस तरह का दुष्प्रभाव संभवतः इतिहास में भी पहले कभी नहीं रहा है। दरअसल आज हम हर समस्या का समाधान स्मार्टफोन और इंटरनेट को मानने लगे हैं। बच्चा रो रहा है या किसी बात के लिए जिद कर रहा है या चिड़चिड़ा हो रहा है तो माताएं या परिवार के कोई भी सदस्य बच्चें को चुप कराने या मनबहलाव और खास यह कि बच्चे को व्यस्त रखने के लिए मोबाइल संभला देते हैं। जबकि मोबाइल के दुष्प्रभाव हमारे सामने आने लगे हैं। अमेरिका में पिछले दिनों हुए एक सर्वे में सामने आया कि मोबाइल फोन, टेबलेट, वीडियो गेम या अन्य इस तरह के साधन के उपयोग से बच्चे गुस्सेल होते जा रहे हैं। बच्चों द्वारा स्कूल में गोलीबारी सहित एक दूसरे से मारामारी-हाथापाई व इस तरह की घटनाएं आम होती जा रही है। मारधाड़, हमेशा गुस्से में रहने, तनाव में रहने और जिद्दी होना आज आम होता जा रहा है।

दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में हुए एक अध्ययन में भी साफ हो गया है कि शहरी बच्चें, गेमिंग, सोशल मीडिया और ओटीटी प्लेटफार्म के आदी होते जा रहे हैं। इसका परिणाम यह होता जा रहा है कि बालक मन संवेदनहीन होता जा रहा है। हमेशा तनाव, डिप्रेशन, आक्रामकता, गुस्सेल, बदले की भावना आदि आम है। ऐसे में मनोविज्ञानियों के सामने नई चुनौती आ जाती है। यह असर कमोबेस लड़कों और लडकियों दोनों में ही समान रुप से देखा जा रहा है। यह कोई हमारे देश की समस्या हो, ऐसा भी नहीं हैं अपितु दुनिया के लगभग सभी देशों में यही हो रहा है। अमेरिका में किये गये एक अध्ययन में भी यही उभर कर आया है। कोई दो राय नहीं कि विकास समाज की आवश्यकता है। स्माटफोन व इंटरनेट की दुनिया का अपना महत्व है। पर इनके दुष्प्रभाव भी सामने आने लगे हैं। प्लेटफार्मों पर चाइल्ड लोक की बात भी की जाती है पर चाइल्ड लोक कितना कारगर है यह हम सब अच्छी तरह से जान और समझ सकते हैं। मजे की बात तो यह है कि मोबाइल फोन, टेब, कम्प्यूटर, सोशल मीडिया प्लेटफार्म आदि के फीचर्स व उपयोग का तरीका बड़ों से ज्यादा बच्चों को आता है। यहां तक कि प्ले ग्रुप के बच्चें को भी यह जानकारियां होने लगी है। ऐसे में इन पर परोसी जाने वाली सामग्री को सेंसर करने या इससे बच्चों और बालपन को दूर रखने की बात बेमानी होती जा रही है। समाज विज्ञानियों, मनोविश्लेषकों, चिकित्सकों यहां तक शिक्षाविदों के सामने यह गंभीर चिंतनीय चुनौती सामने आ रही है।

आज बच्चे के सामने दो विकल्प एक मोबाइल फोन या सोशल मीडिया पर सफरिंग और दूसरा परिवार के साथ गप्पे लड़ाना या आउटडोर गेम्स जैसा विकल्प होगा तो बच्चे की पहली पसंद मोबाइल फोन व सोशल मीडिया पर सफरिंग ही होती जा रही है। यह कोई अतिशयोक्ति नहीं है और दूसरा यह कि गरीब हो या अमीर सभी घर परिवारों के हालात लगभग यही है। दरअसल आज समय के बदलाव को इस तरह से समझा जा सकता है कि तीन से चार दशक पहले मोहल्ले में एक फोन होता था, ट्रंक काल में तो घंटों प्रतीक्षा करनी पड़ती थी वहीं फिर एसटीडी का युग आया और एसटीड़ी बूथों का अंबार लग गया उसके बाद पेजर युग को अलग कर भी दिया जाये तो मोबाइल युग ने घर-घर ही नहीं अपितु परिवार के लगभग सभी सदस्यों तक पहुंच बना ली है। ऐसे में इसके लाभ के साथ ही साइड इफेक्ट जो हमारे सामने आ रहे हैं उनका समाधान खोजना भी सबका दायित्व हो जाता है। बच्चें को चुप कराने से लेकर उसे व्यस्त रखने तक के लिए मोबाइल की घुट्टी पिलाई जाने लगी है और लोरी की जगह मोबाइल ने ले ली है तो फिर हमें बालमन पर इसके पड़ रहे दुष्प्रभाव से दो चार होने के लिए तैयार रहना होगा। देखा जाए तो पूरा सामाजिक ताना बाना ही बदल गया है। एकल परिवार, आने वाले समय में चाचा-चाची, मौसा मौसी या इसी तरह के रिश्तों की तलाश आदि सामने आने लगी है। शादी विवाह आदि पारिवारिक फंक्शन तक अब औपचारिक होते जा रहे हैं। बारात के समय पहुंचना, खाना खाना, लिफाफा थमाना तक रिश्ते सीमित हो गए हैं। ऐसे में समाज के सामने गंभीर समस्याएं आती जा रही है। ऐसे में मोबाइल या सोशल मीडिया प्लेटफार्म आने वाली पीढ़ी को कहां ले जाएंगे यह भयावह तस्वीर कल्पना में नहीं अपितु हमारे सामने आती जा रही है। समय रहते विकास और विनाश के बीच कोई रास्ता तलाशना ही होगा।

## संपादकीय

# असली मुद्दों से भटक गया विपक्ष



भारतीय जनता पार्टी हर चुनाव में विपक्ष को भटकने के लिए मजबूर कर देती है और विपक्षी दल असली मुद्दों से भटक भी जाते हैं। तमाम कार्य होने के वावजूद आज भी देश में तमाम ऐसे मुद्दे हैं जिन पर चुनाव लड़ा जा सकता है, उन मुद्दों पर चर्चा होनी भी चाहिए। लेकिन हर बार भारतीय जनता पार्टी की चाल में विपक्ष फंस जाता है और उन मुद्दों पर आ जाता है जिसमें कि जनता पड़ना नहीं चाहती। आज बात हो रही है परिवारवाद की, बात हो रही है जाति और धर्म को बांटने की, बात हो रही है भ्रष्टाचार की, बात हो रही है बाहुबली नेताओं की, लेकिन जिस पर बात होनी चाहिए उस पर नहीं हो पा रही है। देश में बेरोजगारी है लेकिन मंच से चर्चा नहीं हो रही है महंगाई है लेकिन चर्चा पीछे छूट गई है। भारतीय जनता पार्टी चाहती थी कि अखिलेश यादव और राहुल गांधी चुनाव में उतरें ताकि हम और बोलने के लिए तैयार हो सकें। राहुल गांधी और अखिलेश यादव बोल रहे हैं कि भारतीय जनता पार्टी आरक्षण को खत्म करना चाहती है। और हम सत्ता में आते ही जातिगत जनगणना कराएंगे। अमित शाह ने दो टूक जवाब दे दिया कि न तो हम आरक्षण बंद करेंगे और न ही किसी को बंद करने देंगे।

आज आरक्षण का मुद्दा इतना गंभीर नहीं है क्योंकि जब नौकरी ही नहीं हैं तो आरक्षण किस काम का। सेना में अग्निवीर मुद्दे पर बोला जा सकता है लेकिन कोई बोलने को तैयार नहीं है। भारतीय जनता पार्टी एक लाइन बोलती है और विपक्षी दल उसी लाइन का जबाब देने में लग जाते हैं। देश में हर जगह नौकरियों की रिक्तियां हैं लेकिन वहां कांटेक्ट बेस पर युवाओं को रखकर हर विभाग में काम चल रहा है। इससे फायदा यह है कि उनको कम पैसे देने पड़ रहे हैं तथा अन्य भत्ते भी बच रहे हैं। दस पंद्रह हजार में कांटेक्ट बेस पर युवा सरकारी विभागों में काम कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी ने अपने इरादे पहले ही स्पष्ट कर दिए थे कि वह चुनाव को राम मंदिर, हिंदुत्व और सनातन की तरफ रखेगी और वह उसी प्लानिंग पर कार्य कर रही है। राम मंदिर, हिंदुत्व और सनातन ऐसे मुद्दे हैं जिन पर देश की जनता पीछे नहीं हटना चाहती। विपक्ष को इसकी काट तो बिल्कुल करनी ही नहीं चाहिए। जनता चाहती है कि जिस तरह भारतीय जनता पार्टी खुलकर हिंदुत्व के मुद्दे पर आए, कम से कम विपक्ष इसका विरोध न करे। इसीलिए इस मुद्दे पर विरोध विपक्ष को भारी पड़ रहा है।

चुनाव जैसे-जैसे आगे बढ़ता जा रहा है वैसे-वैसे भारतीय जनता पार्टी मजबूत स्थिति में आती चली आ रही है क्योंकि वह जानती है कि विपक्ष की कमजोरियां कहां पर हैं और उन्हीं कमजोरियों को जब वह मंच से उठाती है तो विपक्ष उसी का जबाब देने में लग जाता है। भारतीय जनता पार्टी विपक्ष और जनता दोनों का ध्यान भटकाना जानती है। मुख्य मुद्दों पर जैसे ही विपक्ष आता है तभी भारतीय जनता पार्टी के नेता कुछ ऐसा बोल देते हैं कि फिर से विपक्ष लाइन से अलग बोलने लगता है। सही मायने में देखा जाए तो विपक्ष अपनी रणनीति पर काम ही नहीं कर पा रहा है। कांग्रेसी नेता बीच-बीच में कुछ ऐसे बयान कर देते हैं जो उसी में फंसकर रह जाते हैं। इसे कहते हैं अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारना। कांग्रेस के पास इस चुनाव में कुछ कर के दिखाना था लेकिन वह तय ही नहीं कर पाते हैं कि हम जनता की बातों को किस तरह से रखें।

विपक्ष का मुख्य काम सरकार की कमजोर कड़ियों को जनता के सामने रखने का होता है लेकिन वर्तमान राजनैतिक परिदृश्य में ऐसा नहीं हो पा रहा है। विपक्ष अपने ही सवालों के घेरे में घिरता नजर आ रहा है। कोई दल अपराजेय नहीं होता लेकिन आप ऐसा कुछ जनता को दिखाएं जिससे जनता आपके साथ आए। आज भारतीय जनता पार्टी का एक ऐसा नेता भी चुनाव जीत जाता है जिसको कोई जानता नहीं है। इसका मुख्य कारण यही है कि भारतीय जनता पार्टी नेतृत्व पर लोगों को भरोसा है। भाजपा नेतृत्व जनता की भावनाओं को अच्छी तरह से जान चुका है या यह कहिए कि वह जानता की भावनाओं को अपनी तरफ मोड़ चुका है। स्थानीय मुद्दे अब उसके लिए संकट नहीं हैं। राष्ट्रीय मुद्दों को विपक्ष ठीक तरह से उठा नहीं पा रहा है और इसी लिए भाजपा हाई कमान किसी को भी मुख्यमंत्री पद पर बैठा देता है या किसी को भी टिकट दे देता है। क्यों कि वह राष्ट्रीय स्तर पर बहुत मजबूत है।

अभी हाल ही में सम्पन्न हुए चार राज्यों के विधानसभा चुनावों में तीन में भारतीय जनता पार्टी ने जीत हासिल की थी। उस जीत के बाद मध्यप्रदेश और राजस्थान में जिस तरह से भारतीय जनता पार्टी ने मुख्यमंत्री पद का चयन किया न तो यह जनता को उम्मीद थी और न ही उन प्रत्याशियों को कि वह मुख्यमंत्री पद से नवाजे जाएंगे। वर्तमान भाजपा नेतृत्व किसी भी नेता को पार्टी के ऊपर हावी नहीं होने देता। जब कि विपक्षी दलों में पार्टी के नेता पार्टियों के ऊपर हावी हैं। मध्यप्रदेश में शिवराज सिंह चौहान जैसे नेता जो लगातार 20 वर्षों से मुख्यमंत्री रहे हैं और अगला चुनाव भी उन्हीं के नेतृत्व में लड़ा गया था। उनको भी नहीं पता था कि इतनी प्रचंड जीत के बाद वह मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री नहीं होंगे। भारतीय जनता पार्टी के पास प्लानिंग है। और वह हमेशा बी प्लानिंग भी तैयार रखती है कि यदि उनकी एक प्लानिंग फ्लाप हो जाए तो दूसरे के सहारे वह आगे बढ़ सकें। राहुल गांधी अमेठी से और अखिलेश यादव कन्नौज से चुनाव नहीं लड़ना चाहते थे लेकिन भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने ऐसी परिस्थितियां पैदा कर दीं कि इन नेताओं को आगे आना पड़ा। भारतीय जनता पार्टी बड़े ही आराम से अपनी प्लानिंग पर कामयाब हो जाती है वहीं विपक्ष अपनी प्लानिंग से भटकता हुआ नज़र आता है।

# कठिन परिस्थितियां बताकर नहीं आतीं, सजग रहे सावधान रहे।

(संकल्प तथा मनोबल से जीवन में सर्वोत्तम सफलता)

जीवन में कठिन परिस्थितियों कभी बता कर नहीं आतीं हैं, इसीलिए मनुष्य को हर कठिन तथा विषम परिस्थिति के लिए सदैव सजग तथा सावधान रहने की आवश्यकता है। खुशियां तथा अवसाद हर मनुष्य के जीवन के दो पहलू हैं अब यह आप पर निर्भर है कि आप इन परिस्थितियों को किस तरह अपने जीवन में आत्मसात कर संतुलित करते हैं। जीवन एक गणित की तरह है कभी-कभी दो और दो चार तथा कभी दो और दो पांच भी हो जाते हैं दो और दो पांच का मतलब विषम परिस्थितियों का सामना करना।वैसे भी जीवन मैं ऊंचाइयां पाने के लिए सदैव संघर्षरत रहना होता है। सिर्फ मानव प्रजाति में सोचने समझने और मुस्कुराने की शक्ति होती है। मनुष्य की सर्व चेतनाओं से परिपूर्ण होता है । पत्थरों में चेतना शून्य होती है, पेड़ पौधों में पल्लवित पुष्पित होती है,पशु पक्षियों में चलायमान होती है और मनुष्य ही एक ऐसा प्राणी है जिसमें मानव मस्तिष्क चिंतन मनन कर किसी समस्या का समाधान निकालता हैंद्य यह सर्वविदित है कि मनुष्य का जीवन विभिन्न सामाजिक मानसिक संघर्षों का केंद्र होता हैद्य मनुष्य ने सदैव मानसिक शारीरिक शक्ति और दृढ़ संकल्प के बलबूते पर हर समस्या पर समय-समय पर विजय प्राप्त की है, और अपने लक्ष्य को बड़ी दृढ़ता के साथ प्राप्त किया हैद्य मनुष्य के जीवन में जब उत्साह, ऊर्जा एवं अपनी क्षमताओं के उपयोग करने का पूर्ण रूप से आत्मविश्वास होता है तो वह परिस्थितियों का सामना बखूबी कर अपने जीवन को सुचारू रूप से संचालित करता हैद्य एक मानव प्रजाति ही ऐसी प्रजाति है जिसकी संकल्प शक्ति इतनी ऊर्जावान एवं महत्वपूर्ण होती है कि वह प्रगति की विविधताओं, विषमताओं एवं अपार शक्ति को भी आसानी से नियंत्रित कर लेता है एवं उसका स्वयं के लिए समाज के लिए देश के लिए सकारात्मक उपयोग करने में भी सक्षम होता हैद्य जीवन में मनुष्य को सदैव अपने आप को व्यस्त रख कार्यशील रहना चाहिए, क्योंकि व्यस्त व्यक्ति ही किसी कार्य को उसकी परिणति तक पहुंचा सकता है ,खाली दिमाग सदैव शैतान का होता है एवं उसमें नकारात्मक विचार प्रवेश कर मन को मायूस कर देते हैंद्य आपका मन या मनोबल या संकल्प ही जब एकाग्र चित्त ऊर्जावान तथा शक्तिशाली होगा तो आपके सामने की कितना भी क्लिष्ट व कठिन लक्ष्य हो उसमें आप सफलता अवश्य पा सकेंगे। इसलिए मनुष्य को सदैव कर्मरत रहना चाहिए ।इसका यह भी अभिप्राय है कि मनुष्य को अपने आपको सदैव स्वस्थ्य एवं व्यस्त रखना चाहिएद्य

मन में दृढ़ संकल्प रखकर हमारी दुनिया में लोगों ने ऐसे असंभव कठिन तथा दुरूह कार्यों को अपनी जड़ मानसिक शक्ति से संभव कर दिखाया है जिसकी हम कतई कल्पना भी नहीं कर सकते हैं। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों की विपन्न स्थिति एवं आर्थिक कमी के बावजूद उन्होंने अपनी मानसिक दृढ़ता ,उच्च संकल्प शक्ति और संगठन क्षमता के दम पर भारत देश को आजाद कराया ।इसमें निसंदेह महात्मा गांधी, सरोजनी नायडू, सरदार वल्लभ भाई पटेल,जवाहरलाल नेहरू, चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस और न जाने कितने उदाहरण हैं जिन्होंने अपनी मानसिक शारीरिक शक्ति तथा ऊर्जा के दमखम पर देश को अंग्रेजों के चंगुल से निकाल कर आजादी की हवा की सांस लेने का देशवासियों को मौका दिया है।हम उनका नमन करते हैं उन्हें श्रद्धांजलि भी देते हैं और उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति एवं संकल्प को आदर्श के रूप में लेकर अपने जीवन में उतारने का प्रयास भी करेंगे। दुनिया में अपनी मानसिक शक्ति और संकल्प से अनेक असंभव कार्य को सफलतापूर्वक संचालित संपादित करते हुए अनेक उदाहरण मिलेंगे जो वाकई में इस दुनिया के और हम सबके आदर्श महान लोग हैं। व्यक्ति यदि सादगी, ईमानदारी और निरंतरता के साथ किसी भी कार्य को सफलतापूर्वक संपादित करने का सार्थक एवं सर्वोच्च प्रयत्न करता है, तो निसंदेह सफलता उनके कदम चूमती है और वे व्यक्तियों के लिए, समाज के लिए तथा देश के लिए आदर्श पुरुष होते हैं। कोई भी महान या आदर्श व्यक्ति आसमान से अचानक नहीं आता है वह इसी धरती में पैदा हुआ सामान्य मनुष्य ही है जिसने अपने संघर्ष, इच्छा शक्ति, अदम्य साहस ,संयम और संतुलन से अपने हर लक्ष्य को प्राप्त कर अपने आपको समाज से अलग कर एक आदर्श रूप में प्रस्तुत किया है। मनुष्य का हृदय या मन अनंत ऊर्जा और शक्ति का बहुत बड़ा स्रोत होता है। किसी भी बड़े लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मस्तिष्क मदद करता है फिर चिंतन करता है और कार्य योजना सुनियोजित कर, अन थक परिश्रम कर उस दुरूह लक्ष्य को प्राप्त करता है ।आपका मन यदि हताश या निराश है तो आप किसी लक्ष्य की प्राप्ति नहीं कर सकते हैं। इसीलिए मन को सदैव प्रफुल्लित उत्साहित एवं सकारात्मक सोच के साथ ताजा रखें,जिससे आने वाली परिस्थितियों का सामना कर एक नए युग का सूत्रपात कर सकते हैं। जीवन में दूसरे व्यक्तियों से पिछड़ने के कई कारण भी हो सकते हैं जिनमें से अपनी क्षमता तथा मानसिक शक्ति पर अविश्वास करना भी एक बड़ा कारण है, इसके साथ ही किसी भी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सुनियोजित योजना,अपनी क्षमताओं का आकलन एवं कार्य के साथ कठोर श्रम भी अत्यंत आवश्यक सफलता के स्तंभ हैं, अति संपन्नता के बावजूद मानसिक रूप से कमजोर व्यक्ति को असफलता का स्वाद चखना पड़ता है। इसीलिए जीवन में सफलता के लिए मानसिक स्थिति में दृढ़ता, कठोर संकल्प ,एवं निरंतर श्रम अत्यंत आवश्यक तत्व हैं। अपने जीवन को सफल बनाने एवं श्रेष्ठ जीवन की निर्मात्रि आपकी इच्छा शक्ति ऊर्जा और मानसिक संतुलन ही है। यदि मानसिक संतुलन में हताशा आई तो परिणाम ऋणात्मक भी हो सकते हैं,और यही कारण है कि चिंतकों दार्शनिकों और महान अध्यापकों ने कहा है कि मन को सदैव ऊर्जावान और सकारात्मक सोच से परिपूर्ण रख लक्ष्य प्राप्ति के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए।

# दैनिक राशिफल 30/04/2024




1.मेष

राजमान व यश में वृद्धि होगी। किसी प्रभावशाली व्यक्ति से परिचय होगा। सामाजिक कार्य करने की इच्छा रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। काफी समय से लंबित कार्यों में गति आएगी। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। कारोबारी नए अनुबंध हो सकते हैं। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। प्रसन्नता बनी रहेगी।

2.वृष

शत्रु कोई बड़ा नुकसान पहुंचा सकते हैं। वाहन व मशीनरी के कार्यों में सावधानी रखें। पुराना रोग उभर सकता है। किसी व्यक्ति विशेष से कहासुनी हो सकती है। वाणी पर नियंत्रण रखें। समय पर किसी कार्य का भुगतान नहीं कर पाएंगे। व्यापार-व्यवसाय साधारण रहेगा।

3.मिथुन

दुष्टजनों से सावधान रहें। शारीरिक कष्ट से बाधा तथा हानि संभव है। बेचैनी रहेगी। कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। नौकरी में मातहतों का साथ रहेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। अज्ञात भय रहेगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। प्रसन्नता रहेगी।

4.कर्क

शत्रु सक्रिय रहेंगे। सावधानी आवश्यक है। घर-परिवार की चिंता रहेगी। चोट व रोग से बचें। कष्ट संभव है। लेन-देन में जल्दबाजी न करे। भूमि व भवन संबंधी कार्य मनोनुकूल लाभ देंगे। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। रोजगार में वृद्धि होगी। कारोबार में वृद्धि होगी। यात्रा संभव है।

5.सिंह

विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। शत्रु पस्त होंगे। उनकी एक नहीं चलेगी। किसी मांगलिक-आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। हल्की हंसी-मजाक से बचें। कार्यक्षेत्र में उत्साह व प्रसन्नता बनी रहेगी।

6.कन्या

परिवार के छोटे सदस्यों की अध्ययन तथा स्वास्थ्य संबंधी चिंता रहेगी। विवाद से क्लेश संभव है। दूर से दुःखद समाचार मिल सकता है। पुराना रोग उभर सकता है। भागदौड़ अधिक होगी। लाभ में कमी रहेगी। उत्साह की कमी महसूस करेंगे। व्यापार ठीक चलेगा।

7.तुला

सामाजिक कार्य करने का मन बनेगा। थोड़े प्रयास से ही रुके काम बनेंगे। पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे। धन प्राप्ति सुगम होगी। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। अधिकारी वर्ग प्रसन्न रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। थकान व कमजोरी रह सकती है।

8.वृश्चिक

सुख के साधनों पर बड़ा खर्च हो सकता है। लेन-देन में सावधानी रखें। अज्ञात भय रहेगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। शुभ समाचारों की प्राप्ति से प्रसन्नता रहेगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कोई बड़ा काम करने की इच्छा प्रबल होगी।

9.धनु

वैवाहिक प्रस्ताव विवाह के उम्मीदवारों का इंतजार कर रहा है। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। अनहोनी की आशंका रह सकती है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। आय में वृद्धि होगी। प्रसन्नता बनी रहेगी।

10.मकर

राजभय रहेगा। जल्दबाजी व लापरवाही न करें। विवाद को बढ़ावा न दें। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे। कुसंगति से बचें। हानि होगी। कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें। व्यापार-व्यवसाय की गति धीमी रहेगी।

11.कुंभ

स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। सुख के साधन जुटेंगे। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देंगे। निवेशादि शुभ रहेंगे। उत्साह में वृद्धि होगी।

12.मीन

विवेक से कार्य करें। सुख के साधन जुटेंगे। पूजा-पाठ में मन लगेगा। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। आय के नए साधन प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में सहकर्मी विशेषकर महिला वर्ग से लाभ होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। किसी बात का विरोध हो सकता है। कष्ट व भय बने रहेंगे।

आचार्य कौशलेन्द्र पाण्डेय जी के अनुसार

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित
संपादक-राजीव कुमार शुक्ल, मो. 7499472288
स्वतंत्र प्रभात
e-Mail- news@swatantraprabhat.com, RNI No. UPHIN/2019/79073
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# संक्षिप्त ख़बरें

## 1 जून को रहेगा साप्ताहिक अवकाश, कर्मचारी, श्रमिक करेगे मताधिकार का प्रयोग

**कुशीनगर।** जनपद के समस्त उद्यमियों को जिला मजिस्ट्रेट/ जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेश के क्रम में अवगत कराया है कि किसी भी औद्योगिक, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में कार्यरत कर्मचारियों एवं श्रमिकों को मताधिकार प्रयोग किए जाने के उद्देश्य से आगामी दिनांक 01 जून 2024 दिन शनिवार को प्रस्तावित लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दिन सार्वजनिक अवकाश एवं अगले दिन रविवार को साप्ताहिक अवकाश के दिन उनसे कार्य न लिए जाने का आदेश जारी किया गया है।

अतएव जनपद कुशीनगर के समस्त उद्यमियों से अनुरोध है कि कृपया जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी, कुशीनगर के उक्त आदेश का अनुपालन किया जाना सुनिश्चित किया जाय। उक्त आदेश के उल्लंघन पाए जाने पर विधिक कार्यवाही की जायेगी। उक्त जानकारी उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केंद्र अभय कुमार सुमन ने दी हैं।

## दशमोत्तर छात्रवृत्ति सत्यापन हेतु समयावधि निर्धारित

**कुशीनगर।** अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन जाति वर्ग के दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023 -24 में राज्य सरकार द्वारा संचालित दशमोत्तर छात्रवृत्ति वितरण तक समस्त कार्यवाही हेतु समय सारणी निर्गत की गई है। जो छात्रवृत्ति http://scholarship.up.gov.in पोर्टल पर उपलब्ध है। उन्होंने शासनादेश के क्रम में प्रक्रियात्मक कार्यवाही के संदर्भ में बताया की, विश्वविद्यालय, एफिलिएटिंग एजेंसी, जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा फीस आदि सत्यापन की समय अवधि 30 अप्रैल से 03 मई 2024 तक, जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा फीस आदि का सत्यापन की तिथि 04 मई से 07 मई 2024 तक निर्धारित की गई है।जिला समाज कल्याण अधिकारी ने समस्त दशमोत्तर संस्था, विद्यालयों एवं समस्त संबंधित व छात्र छात्राओं को अवगत कराया है कि छात्रवृत्ति पोर्टल पर प्रदर्शित समय सारणी के अनुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

## सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत किया गया नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण

**देवरिया 29 अप्रैल।** सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत देवरिया डिपो बस स्टेशन पर चालक/परिचालक, तकनीकी कार्मिक, लिपिकीय कार्मिक आदि का नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण संपन्न हुआ। इस दौरान डॉ राकेश कुमार नेत्र सर्जन, डॉक्टर अंकित और डॉक्टर अदिति ने स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस मौके पर देवरिया डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक मोहम्मद इरफान, यात्री कर अधिकारी अनिल कुमार तिवारी, सीनियर फोरमैन रमेश सिंह, वरिष्ठ केंद्र प्रभारी राकेश पति त्रिपाठी, संचालन प्रभारी दीनानाथ मिश्रा,अनुबंधित बस संचालन लिपिक विवेक द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।

## मैजिक वाहन से 6 गोवंश बरामद 2 तस्कर गिरफ्तार

**देवरिया ।** श्रीरामपुर पुलिस ने मैजिक वाहन से 6 गोवंश बरामद करते हुए 2 तस्करों को गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर चकिया कोठी के पास से एक मैजिक वाहन यूपी52 टी 5275 से 6 गोवंश बरामद करते हुए 2 अभियुक्तों मुलाजिम मियां पुत्र सैय्यद मियां निवासी ग्राम रेडवरिया तिवारी थाना भोरे जनपद गोपालगंज बिहार व जमादार यादव पुत्र गिरिजा निवासी भगतौली टोला पिपरा बाबू पट्टी थाना खामपार जनपद देवरिया को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## चोरी की मोटरसाइकिल के साथ अभियुक्त गिरफ्तार



**देवरिया।** तरकुलवा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर वाहन चेकिंग के दौरान चोरी की मोटरसाइकिल के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बंजरिया मोड़ के पास से एक बुलेट मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया जिससे पूछताछ में उसने अपना नाम रणजीत यादव पुत्र बसंत निवासी कैथवलिया थाना तरकुलवा जनपद देवरिया बताया। अभियुक्त के पास से एक पिस्टल 32 बोर व एक जिंदा कारतूस बरामद किया। बरामद बुलेट मोटरसाइकिल के सम्बन्ध में बताया कि बुलेट मोटरसाइकिल को मेरे द्वारा बहुत पहले बिहार के विजयीपुर से चोरी किया गया है तथा इसका नम्बर प्लेट भी बदल दिया गया है। पुलिस टीम द्वारा बरामद बुलेट मोटरसाइकिल, बरामद पिस्टल व कारतूस को कब्जे में लेते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# सड़को के किनारे आग से जलकर नष्ट हो रहे बन बिभाग द्वारा लगाए गए पौधे

● मूक दर्शक बने बन विभाग के जिममेदार

स्वतंत्र प्रभात



**गोलाबाजार गोरखपुर ।** वन विभाग द्वारा करोड़ो रुपये खर्च करके प्रति वर्ष सड़कों के किनारे पौधे लगाये जाते है, लेकिन लगाए गए पौधे अपनी जवानी का अनुभूति नही करने पाते है उसके पहले ही आग की भेंट चढ़ जा रहे हैं। वन विभाग के पास आग को रोकने वाली फायर लाइन जैसी कोई योजना नहीं है। इससे वातावरण तो प्रदूषित हो ही रहा है, साथ में हरित क्रांति योजना को भी क्षति हो रहा है। अधिकांश मार्गों पर सड़क किनारे आग लगने से वन विभाग के अलावा किसानों के पेड़ भी जल रहें हैं। यदि थोड़ा सा ध्यान दिया जाए तो लाखों पौधों को बचाया जा सकता है।

गोला तहसील क्षेत्र में अधिकांश सड़क मार्गों के किनारे खड़े पेड़-पौधों को आग की लपटों से झुलसा हुआ देखा जा सकता है। सोनाईचा मार्ग पर सैकड़ो की संख्या में पेड़ जलकर नष्ट हो गए हैं। पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष आग से अधिक नुकसान पहुंचा रहा है। आग को रोकने के लिए सड़क किनारे फायर लाइन जगह-जगह चार से पांच फीट खाई खोदकर मिट्टी डाल दी जाती है, तो इससे आग आगे बढ़ने से रुक जाती। इस वर्ष यह फायर लाइन नहीं बनाई गई। फायर लाइन नहीं बनने से एक बार आग लग जाती है तो बढ़ती चली जा रही है। सरकारी व गैर-सरकारी विभागों द्वारा पर्यावरण का संदेश दिया जाता है, लेकिन यही संदेश देने वाले पेड़ों में लग रही आग को देखते हैं और आगे निकल जाते है। इसकी सूचना भी देना जरूरी नहीं समझते।वन विभाग के पास आग लगने का कोई कारण भी सामने नहीं आता है। कहीं किसान, तो कहीं धूम्रपान करने वालों की लापरवाही इन जीवनदायी पेड़ों को भस्म कर रहे है। वन विभाग हर बार गर्मी के मौसम में लगने वाली आग को रोकने के लिए गंभीर नजर नहीं आता है। वन विभाग के हर वर्ष सैकड़ो पेड़-पौधे आग की लपटों से खामोश हो जाते हैं। लेकिन वन विभाग आज तक आग लगाने वाले एक भी सख्स का पता नहीं लगा सका है। बस पेड़-पौधों लगाने की योजना तो वन विभाग के पास हैं, लेकिन सड़क किनारे खड़े पेड़-पौधों को आग से बचाने की कोई योजना विभाग के पास नहीं है। आग से खोखले हुए बड़े पेड़ हादसों को दावत दे रहे हैं। ऐसी ही पेड़ जलते रहे तो सड़कों के किनारे बनी हरियाली खत्म हो जाएगी।

**सड़क किनारे आग लगी देखें तो तुरंत दें सूचना : वन क्षेत्राधिकारी**

वन बिभाग के क्षेत्राधिकारी शिवजीत सिंह का कहना है कि सूचना मिलने पर आग पर काबू पाने के लिए वन विभाग तुरंत कार्रवाई करता है। वन विभाग के साथ जनमानस का सहयोग आवश्यक है। यदि आग लगाने वाले का पता चलता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। सर्किल क्षेत्र में अधिकांश मार्गों पर गर्मी के मौसम सड़क किनारे खड़े पेड़-पौधों में आग लग रही है। जिससे पेड़ पौधे वृक्ष बनने से पहले खत्म हो रहे हैं। हम सबका फर्ज है कि इनको बचाया जाए। सड़क किनारे पेड़ों में आग लगा देखें तो वन विभाग, फायर ब्रिगेड आदि को तुरंत सूचना देकर अपना फर्ज अवश्य निभाएं। आपकी एक सूचना हजारों पौधों को बचा सकती है।

# खजनी में अब तक हुए आधा दर्जन से अधिक बड़ी चोरियो में खुलासा नही !

●एक ही अंदाज में चोर देते आ रहे है ,बड़े चोरी जैसे घटनाओं का अंजाम

पांच बड़ी चोरी के घटनाओं में खजनी पुलिस को चुनौती

स्वतंत्र प्रभात



**गोरखपुर ।** खजनी कोतवाली क्षेत्र के आधा दर्जन चोरियों के खुलासे में पुलिस नाकाम हो गई है , भीषण चोरी कर घटनाओ को अंजाम देकर मनबढ़ चोर स्थानीय पुलिस को चुनौती दे रहे है, हर वर्ष एक अंदाज में चोरी पुलिस के लिए चुनौती हो गई है ।पूर्व में हुई बड़ी चोरियों का खुलासा न होने के दशा में खजनी में दहशत का माहौल है ,हर ब्यक्ति पुलिस के नाकाम रवैये को देख चोरी जैसे मामला में उदाशीन है , खजनी क्षेत्र में हुए आधे दर्जन चोरियों के मामले ठंढे बस्ते में बंद है ,क्षेत्रीय जनता पुलिस के कार्यप्रणाली पूरी तरह नाखुश है ,हर ब्यक्ति अपने को असुरक्षित महसूस कर रहा है ।क्षेत्र के ब्यापारी गृहस्त भयभीत है। बिगत दो सालों में हुए चोरी के बड़े घटनाओं में खुलासा पुलिस नही कर पाई है। घटनाओं का खुलासा न होने से व्यापारियों के साथ बाजार के निवासियों में आक्रोश पनप रहा है, खुलासे न होने के दशा में चोरों के हौसले बुलंद होते जा रहे है , हैरत की बात यह सभी चोरियो में चोर के केवल कैश और आभूषण को ही निशाना बना रहे है । जो किसी बड़े गैंग होने का संकेत है ।

विदित हो कि खजनी कोतवाली क्षेत्र के बीते एक दो वर्ष पूर्व अर्थात 12 जनवरी 2022 में सूर्यपाल सिंह पुत्र स्व ॰राजमंगल सिंह निवासी छताई के घर से चोरों ने तीन सोने की जंजीर ,25 सोने ले अंगूठी ,ब्रासलेट सिंकड ,कंगन सहित अन्य महंगे भारी गहने चोर उड़ा ले गए थे, जिसकी कीमत लगभग 20 लाख बताया गया था ।उसी क्रम में 20 जुलाई 2023 में पांडेपुरा छताई निवासी चक्रधर पांडेय के घर चोर नगद सहित कीमती गहने चुरा ले गए थे ,जो लगभग 15 लाख के गहने चोरी होना बताया गया था । वही खजनी क्षेत्र भलुआन गांव में 13 जुलाई 2023 की रात चोरों ने सबसे पहले सुग्रीव सिंह व अरविंद सिंह के घर के पीछे से चोरों ने कमरे के विंडो का ग्रिल और दरवाजा तोड़कर अन्दर घुसे आलमारी व बक्शा तोड़ कर 13 लाख का जेवरात सहित 14 हजार रूपया नगद चोर ले कर चम्पत हो गये थे ,पीड़ित अपना तहरीर थाने पर देकर मुकदमा दर्ज कराया ,

खजनी कस्बे के भाई जान कलेक्शन से भयंकर चोरी के मामले सामने आए थे , पुनः 27 अप्रैल 2024 की रात में पंकज दुबे निवासी सतुआभार के घर मे चोर पुराने अन्दाज में चोरी के घटना का अंजाम दिए , जिसमे नगदी समेत तीन से चार लाख के गहने चोर उड़ा ले गए, इसी प्रकार चोर घटनाओं का अंजाम देते आ रहे है ,वही स्थानीय पुलिस किसी भी मामले में खुलासे की ओर नही है ,लिहाजा चोरों के हौसले बुलंद हो गए है ,पुलिस को चोर हर साल बड़ी चुनौती दे रहे है ,चोरों के आगे पुलिस नतमस्तक हो गई है ,स्थानीय लोग अब अपने चोरी हुए सामान को मिलने का आश तोड़ चुके ।

उक्त मामले पर सीओ खजनी ओंकार दत्त तिवारी से पूछा गया तो स्पस्ट उत्तर नही मिला खुलासा जल्द होने का अस्वाशन दिए ,पूरे घटना जानकारी लेने के बाद जानकारी देने बात कही ।

# इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी सदस्या सुषमा त्रिपाठी जनसम्पर्क कर मतदातों को समझाकर उनके मतदान के लिए किया प्रेरित

स्वतंत्र प्रभात



**खजनी ।** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत सोमवार को खजनी बाजार, रुद्रपुर ग्राम तथा खजनी तहसील पर इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी की आजीवन सदस्य श्रीमती सुषमा त्रिपाठी द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के उद्देश्य से खजनी बाजार में जनसंपर्क कर हैंडबिल दिया गया। विभिन्न स्थानों पर पोस्टर चस्पा किया गया।ग्रामीणों को अधिक से अधिक मतदान कराने हेतु जागरूक किया गया, साथ ही उनसे निवेदन किया गया की आगामी 25 मई को स्वयं तथा अपने परिवार को एवं ऐसा पड़ोस को भी मतदान हेतु प्रेरित करें, जिससे अधिक से अधिक मतदान हो सके। लोकतंत्र में मत देना सबसे बड़ा अधिकार है और सबसे बड़ा कर्तव्य भी है।ग्रामीणों को जागरूक करने के उद्देश्य से जन जागरूकता अभियान किया गया। एक वोट की कीमत लोकतंत्र के स्तंभ को मजबूत करता है,स्वस्थ शासन का आगाज करता है। नागरिकों के हितों की सुरक्षा एवं संरक्षा प्रदान करता है।इसके महत्व को सुषमा त्रिपाठी द्वारा ग्रामीणों को समझाया एवं बतलाया गया।

इस अवसर पर ज्ञानेंद्र ओझा ,राजेश पाण्डेय, राम मुरारी लाल,हेमंत गुप्ता के साथ और भी लोग उपस्थित थे। ग्रामीणों ने पहले जलापन फिर मतदान का नारा भी दिया। 25 मई को अधिक से अधिक मतदान हेतु जागरूक करने का कार्य किया.

# मेहंदी, स्लोगन एवं पेंटिंग बनाकर छात्रों ने किया मतदाताओं को जागरूक

स्वतंत्र प्रभात

**देवरिया 29 अप्रैल।** स्वीप के अंतर्गत कंपोजिट विद्यालय भरौली में छात्रों ने मेहंदी, स्लोगन एवं पेंटिंग प्रतियोगिता के माध्यम से लोगों को मतदान हेतु जागरूक किया। प्रभारी प्रधानाध्यापक कृष्ण मुरारी पांडेय ने बताया कि छात्र मतदान संबंधी स्लोगन एवं पेंटिंग अपने घरों पर लगाएंगे जिससे ग्रामवासी एक जून को मतदान हेतु जागरूक होंगे। मेहंदी प्रतियोगिता में ऋतु सैनी, रिंजु, अमृता रंगोली प्रतियोगिता में साधना, अल्पना, लक्की स्लोगन प्रतियोगिता में शुभम, सत्यम, नंदनी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। स्वीप मीडिया प्रभारी शिखर शिवम त्रिपाठी ने उपस्थित जनसमुदाय को मतदान की शपथ दिलाई।कार्यक्रम में बीएलओ प्रकाश सिंह, गीता सिंह, प्रमोद कुमार, मालती कुमारी, रीना सिंह, राकेश पांडेय, विद्यालय की रसोईया सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे। पथरदेवा में अभिषेक पांडेय ने डोर टू डोर संपर्क कर मतदाताओं को मतदान हेतु जागरुक करने के लिए मतदाता जागरूकता संबंधित स्लोगन वितरित किए एवं एक जून को मतदान की शपथ दिलाई।

# प्रेम विवाह के बाद दहेज के लिए प्रताड़ित करने पर पति सहित ससुरालियों पर मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र प्रभात




**सहजनवां /गोरखपुर।** हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के एक गांव की एक युवती गांव के ही एक युवक से प्रेम विवाह करने के बाद ससुरालियों द्वारा दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने के आरोप में हरपुर बुदहट पुलिस ने पीड़िता के पति सहित ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज किया है। रविवार को हरपुर बुदहट थाने के जनसुनवाई पर शिकायत लेकर पहुंची 28 वर्षीय एक विवाहिता ने बताया कि कुछ वर्ष पूर्व उसने अपने गांव के ही हरेंद्र यादव से प्रेम विवाह किया था, शादी के बाद दो बच्चे भी हुए लेकिन पति और ससुराल वालों का ब्यवहार बदल गया और दहेज में सोने की चेन और अंगूठी की मांगी की जाने लगी। असमर्थता जताए जाने के बाद मारपीट कर घर से निकाल दिया गया।

इस संबंध में थानाध्यक्ष विशाल कुमार उपाध्याय ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर पति हरेंद्र यादव, सास लीला देवी,और ननद खुशबू और निगम के खिलाफ धारा 498ए, 323, 506, 504 आईपीसी तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# जटहां में अनोखा दिखेगा श्री रुद्र महायज्ञ

● - प्राचीन शिव मंदिर ( जटहां धाम) पर 7 मई से 17 मई एकादश दिवसीय श्री रुद्र महायज्ञ जटहां ग्रामवासी एवं कटाई भरपुरवा क्षेत्र के समस्त ग्रामवासी के सहयोग से होगा संपन्न - प्राचीन शिव मंदिर ( जटहां धाम) पर 7 मई से 17 मई एकादश दिवसीय श्री रुद्र महायज्ञ जटहां ग्रामवासी एवं कटाई भरपुरवा क्षेत्र के समस्त ग्रामवासी के सहयोग से होगा संपन्न

स्वतंत्र प्रभात



**कुशीनगर।** जनपद मुख्यालय पडरौना से 25 किलोमीटर उत्तर स्थित मां नारायणी गंगा के तट पर स्थित प्राचीन शिव मंदिर जटहां बाजार के प्रांगण में आयोजित एकादश दिवसीय श्री रुद्र महायज्ञ की तैयारी आयोजन युवा मंडली द्वारा जोर शोर से चल रही है।

यज्ञ का शुभारंभ 7 मई को हाथी घोड़ा गाजे बाजे के साथ धूमधाम से क्षेत्र के नर नारी कुंवारी कन्याओं के द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी जो नारायणी की तट पर पहुंचकर विधि विधान पूर्वक कलश में मां नारायणी की गंगाजल लेकर यज्ञ पंडाल स्थल पर स्थापित की जाएगी और यज्ञ का भव्य शुभारंभ शुरू हो जाएगा। कार्यक्रम मे अयोध्या धाम से पधार रहे आचार्ययों द्वारा कथा रसपान भक्तों को श्रवण कराई जाएगी, वही रात में अयोध्या धाम से आ रहे मशहूर रामलीला मंडली के द्वारा रासलीला मंचन कार्यक्रम चलेगा। विकासखंड विशुनपुरा क्षेत्र सहित विकासखंड खड्डा क्षेत्र के जनमानस श्रद्धालु भक्तों और नर नारियों की यज्ञ कार्यक्रम में सैलाब दिखेगी। यहा यज्ञ में शामिल होकर भक्तगण कथावाचक का श्रवण करेंगे और रामलीला का भी खूब आनंद उठाएंगे। तो यज्ञ स्थल के नदी तट पर विभिन्न देवी देवताओं का दर्शन होगा, यज्ञ मेले में दूर दराज से आ रहे झूला, खेल खिलौना की दुकानें, मिस्ठान की दुकानें आदि बच्चों को खूब लुभाएगी। यज्ञ कर्ताओं द्वारा क्षेत्र वासियों से यज्ञ स्थल पर पहुंच कर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई है।

सोमवार को यज्ञ स्थल पर यज्ञ कार्यक्रम को भव्य रूप रेखा की तैयारी को लेकर कमेटी द्वारा बैठक की गई। इस दौरान आचार्य हनुमान दास मंदिर कल्याण भवन अयोध्या, पंडित मन्नू शास्त्री अयोध्या धाम, एडवोकेट राजकुमार यादव, पूर्व ग्राम प्रधान भोला जायसवाल, ग्राम प्रधान मोहन कुशवाह,अजय रौनियार, शम्भु जायसवाल, कुटी महंथ हरिओम नाथ, शिब्बन मोदनवाल, राजू मोदनवाल, मुकेश मद्धेशिया, हिमांशु कुशवाहा, ग्राम प्रधान नर्वदेश्वर चौरसिया, उमाशंकर विश्वकर्मा, संदीप गिरी, आदर्श यादव, राजेश यादव, राकेश यादव तायाचून गुप्ता, औधेश गुप्ता संजय यादव, प्रदीप यादव, मुकेश यादव, चंदन यादव, धीरज जायसवाल, महतम गुप्ता, शिवनारायण यादव, गया साधु, अशोक यादव , सुखल साधु आदि शामिल रहे।

# लू व गर्मी के बीच पानी की किल्लत से परेशान है एकौना पुलिस

स्वतंत्र प्रभात



**रूद्रपुर,देवरिया।** गर्मी के मौसम में लगातार तापमान बढ़ने और गर्म पछुआ हवाओं के कारण राप्ती गोर्रा दोआबा क्षेत्र में जल का संकट गहराता जा रहा है। नदी के तटवर्ती गांव में लगे छोटे नल जहां एक और पानी देना बंद कर दिए हैं वहीं ज्यादातर इंडियामार्का हैंडपंप भी बूंद बूंद कर पानी दे रहा है। एकौना थाना परिसर में इंडियामार्का हैंडपंप सहित अन्य छोटे नल भी लगे हैं। अप्रैल महीने में बढ़ती गर्मी और तापमान बढ़ने के साथ ही वाटर लेवल नीचे भाग रहा है। जिससे छोटे नल को कौन कहे इंडियामार्का हैंडपंप भी पानी नहीं दे रहा है। हालांकि थाना परिसर में समर्सिबल पंप भी लगा है जिससे बिजली रहने पर पानी की आपूर्ति होती है। एकौना एस ओ सुनील कुमार व पुलिस कर्मियों ने बताया कि समरसेबल से निकला पानी भी पीने योग्य नहीं है। कुछ देर रखने के बाद पानी पीला हो जाता है। बिजली की कटौती के कारण हर समय पंप नहीं चल पाता। पुलिस कर्मियों को प्यास बुझाने के लिए आरो का पानी खरीद कर मगाना पड़ता है। एकौना थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार निषाद का कहना है कि गर्मी की तपिश बढ़ते ही कुआं व नल सूखने लगे हैं। थाना में स्थित चापाकल भी सूख गए हैं। इससे यहां के जवानों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# खरीफ फसलों की बुआई मेढ़ और नाली बनाकर करें किसानः कुलपति

स्वतंत्र प्रभात

**बांदा।** खरीफ में बोई जाने वाली विभिन्न फसलों को नाली बनाकर मेढ़ पर बुआई करने से किसान अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकता है। कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों ने प्रक्षेत्र परीक्षण के द्वारा इस तकनीकि का सफल प्रयोग किया है। कृषि विज्ञान केन्द्रों के द्वारा क्षेत्रानुकूल तकनीकियों, प्रजातियों व कृषि एवं कृषि से सम्बन्धित उपक्रमों पर सराहनीय कार्य किया है। यह बातें प्रसार निदेशालय, बाँदा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, बाँदा द्वारा आयोजित प्रसार परिषद् की चतुर्थ बैठक मे कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रो0 एन0 पी0 सिंह ने कही। प्रो0 सिंह ने कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों को सुझाव दिया कि सभी कृषि विज्ञान केन्द्र पशुपालन के एक नस्ल के लिए जाना जाये, जिससे उस नस्ल के जानवर को क्षेत्र के किसान देखकर उसे अपने प्रक्षेत्र पर अपना सके।

प्रसार परिषद् का आयोजन कुलपति कान्फ्रेन्स सभागार में आज किया गया। निदेशक प्रसार, डा एनके बाजपेयी द्वारा सभी अतिथिगणों का स्वागत किया गया । डा0 बाजपेयी द्वारा विगत वर्ष 2022-23 में माननीय अतिथि सदस्यों द्वारा दिए गए सुझावों की कृत कार्यवाही एवं सभी के0 वी0 के की वार्षिक प्रगति आख्या प्रस्तुत की गई। जिसमें बताया गया कि इस वर्ष सभी दलहनी 6 किस्म की दलहनी फसलों की उन्नतशील प्रजातियों का 2670 कु0 बीज उत्पादित किया गया। यह उत्पादन पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 24 से 30 प्रतिशत की वृद्धि के साथ रिकार्ड किया गया। इसी तरह से अन्न एवं तिलहनी फसलों की कुल उत्पादन 1340 कु0 प्राप्त किया गया। डा0 बाजपेयी ने बताया कि कई जिलों के किसानों ने अपने जिले के अनुकूल वातावरण के हिसाब से एकीकृत फसल प्रणाली को अपनाया है और सभी उपक्रमों से अच्छा आमदनी भी प्राप्त की है। कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों के द्वारा यह संस्तुति की गयी है कि अन्य किसान भी क्षेत्रानुकूल उपक्रम एवं तकनीकि को अपनाकर अपनी आय को बढ़ा सकते हैं। निदेशक प्रसार की प्रस्तुति के पश्चात बाँदा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, बाँदा के अन्तर्गत संचालित समस्त कृषि विज्ञान केन्द्रों के अध्यक्ष एवं प्रभारी द्वारा वर्ष 2023-24 की प्रगति आख्या प्रस्तुत की गई। इसमें मुख्य रूप से केन्द्र पर आयोजित प्रशिक्षण, प्रदर्शन, प्रक्षेत्र परीक्षण एवं संचालित सभी प्रसार गतिविधियों के बारे में प्रस्तुतिकरण दिया।

निदेशक, अटारी, कानपुर डॉ0 शान्तनु कुमार दुबे ने सभी वैज्ञानिकों को निर्देशित किया कि जनपद के स्वयं सहायता समूह व कृषक उत्पादक संगठनों को चयन कर उन्हें तकनीकि ज्ञान के साथ-साथ उत्पाद विपणन में सहायता करें। ज्यादा किसान लाभान्वित हो सकें ऐसे तकनीकि का ही प्रसार करें। दलहन हेतु दलहन शोध संस्थान, कानपुर से संस्तुत बीज का उपयोग करें। पूर्व निदेशक प्रसार आर0 पी0 सिंह 'रतन', बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, राँची ने विशेषज्ञ के रूप में



सुझाव दिया कि जलवायु अनुकूल तकनीकियों का विस्तार आवश्यक है। वैज्ञानिकों को प्रसार शिक्षा को बढ़ावा देना चाहिए, जिससे अन्य विभाग प्रसार गतिविधियों को किसानों तक पहुँचा सके। हर जिले के लिए एक मॉडल आवश्यक है जो वैज्ञानिकों के द्वारा प्रक्षेत्र परिक्षण के परिणाम पर आधारित हो। पूर्व निदेशक प्रसार, डा0 ओम गुप्ता, जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर, मध्य प्रदेश प्रसार परिषद की बैठक में विशेषज्ञ के रूप में प्रतिभाग किया। डा0 ओम गुप्ता ने यह सुझाव दिया कि सफलता की कहानी का प्रसार एवं उसे प्रलेखन के रूप में प्रस्तुत करें। फसल की बुआई तिथि का विशेष ध्यान रखें। अजोला को पशु आहार के रूप में भी शामिल करें। बैठक के दौरान नामित महिला कृषक व अन्य कृषकों ने सुझाव दिये। इस बैठक में सभी कृषि विज्ञान केन्द्रों के केन्द्राध्यक्ष, वैज्ञानिकगण, सह निदेशक प्रसार, डा0 नरेन्द्र सिंह व डॉ0 आनन्द सिंह, वैज्ञानिक डा0 दीक्षा पटेल, डा0 प्रज्ञा ओझा, डा0 मानवेन्द्र सिंह, डा0 चंचल सिंह व सभी महाविद्यालय के अधिष्ठातागण उपस्थित रहे।

# इजराइल-हमास में जल्द हो सकता है सीजफायर- हमास बोला

**● नए समझौते में कोई दिक्कत नहीं; इजराइल ने कहा- बंधकों की रिहाई से जंग नहीं रुकेगी**

स्वतंत्र प्रभात

जंग के 6 महीने बाद इजराइल और हमास के बीच जल्द ही दूसरा सीजफायर हो सकता है। न्यूज एजेंसी AFP के मुताबिक हमास ने इजराइली बंधकों को छोड़ने के समझौते पर अपनी सहमति जताई है। हमास ने कहा है कि उन्हें मिस्र और इजराइल के प्रपोजल से किसी भी तरह की परेशानी नहीं है।

AFP ने एक अधिकारी के हवाले से बताया कि जब तक इजराइल कोई दिक्कत पैदा न करें, हमास को मिस्र के प्रपोजल पर कोई खास परेशानी नहीं है। हमास के अधिकारी ने कहा कि सीनियर लीडर खलील अल-हैय्या के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल 29 अप्रैल यानी आज काहिरा (कायरो) में मिस्र और कतरी मीडिएटर्स के सामने प्रपोजल पर हमास का जवाब देगा। वहीं कतर के मीडिया अल-अरबी अल-जदीद के मुताबिक, मिस्र ने मीटिंग के लिए इजराइली डेलिगेशन को भी बुलाया है, ताकि समझौते की प्रक्रिया में तेजी आ सके और जरूरी चीजों पर बात की सके।

**समझौता करवाने में जुटे हैं मिस्र, कतर और अमेरिका**

मिस्र, कतर और अमेरिका साथ मिलकर हमास और इजराइल के बीच सीजफायर करवाने की कोशिश कर रहे हैं। तीनों देशों ने शुक्रवार 26 अप्रैल को प्रपोजल पर बातचीत करने के लिए एक हाई-लेवल डेलिगेशन इजराइल भेजा था। अब दोनों देशों के बीच सीजफायर को लेकर काहिरा में बातचीत होगी।

इससे पहले कतर और मिस्र की मध्यस्थता के बाद नवंबर में इजराइल-हमास के बीच पहली बार 4 दिन के लिए सीजफायर हुआ था। इस दौरान हमास ने 112 बंधकों को रिहा किया था। वहीं इजराइल ने भी जेल में बंद 240 से ज्यादा फिलिस्तिनियों को छोड़ा था।

**गाजा में कई रियायतें देने के लिए तैयार इजराइल**

हमास और इजराइल के बीच सीजफायर और बंधकों को छोड़ने के समझौते से जुड़ी डीटेल्स सामने नहीं आई है। हालांकि, कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इसमें 33 इजराइली बंधकों की रिहाई की बात है। इसके बदले इजराइल बड़ी संख्या में जेल में बंद फिलिस्तीनी कैदियों को छोड़ेगा।

हिब्रू मीडिया चैनलों के मुताबिक इजराइल उत्तरी गाजा में फिलिस्तीनियों को लौटने की इजाजत देने जैसी कई बड़ी रियायतें देने को तैयार है। हालांकि इजराइल का यह भी कहना है कि वो बंधकों की रिहाई के बदले गाजा में युद्ध खत्म नहीं करेगा।



**इजराइल ने हमास को दिया है आखिरी मौका**

6 महीने की जंग में इजराइल ने राफा छोड़कर पूरे गाजा पर कब्जा कर लिया है। राफा पर हमले से पहले इजराइल ने हमास को समझौते का आखिरी मौका दिया था। इजराइल ने कहा था कि अगर हमास समझौता स्वीकार नहीं करता है, इजराइल राफा पर बड़ा हमला करेगा। इसी कारण मिस्र का डेलिगेशन दोनों पक्षों में समझौते करवाने को कोशिश कर रहा है। पिछले दिनों रिपोर्ट आई थी कि मिस्र बंधकों को छोड़ने के लिए हमास पर दबाव बनाने की तैयारी कर रहा है। दरअसल राफा मिस्र की बॉर्डर के पास है। इसलिए उसे डर है कि अगर इजराइली सेना राफा पर हमला करेगी, तो बड़ी संख्या में शरणार्थी मिस्र में घुसने की कोशिश करेंगे। इसी से बचने के लिए इजिप्ट का एक डेलिगेशन इजराइल और हमास के बीच शांति समझौते करवाने की कोशिश में जुटा है। इस समय 10 लाख से ज्यादा फिलिस्तीनियों ने राफा शहर में पनाह ली हुई है।

**हमास ने 5 साल के सीजफायर की इच्छा जाहिर की**

कुछ दिन पहले हमास के एक सीनियर अधिकारी ने 5 साल के सीजफायर की इच्छा जाहिर की थी। न्यूज एजेंसी AP को दिए इंटरव्यू में खलील अल-हैय्या ने कहा था कि अगर फिलिस्तीन एक अलग और आजाद देश बनता है तो हम हथियार डाल देंगे और एक साधारण राजनीतिक पार्टी के तौर पर काम करेंगे। हालांकि, 7 अक्टूबर के हमले के बाद हमास का खात्मा करने की कसम खा चुका इजराइल इस समझौते के लिए सहमत नहीं है। अल-हैय्या का कहना था कि अगर फिलिस्तीन को 1967 की जंग से पहले के इलाके दिए जाते हैं तो वो इजराइल के खिलाफ युद्ध नहीं लड़ेगा।




## संक्षिप्त ख़बरें

### टूण्डला में भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय सचिव का भव्य स्वागत किया गया



**टूण्डला-** आगरा जाते समय टूण्डला में भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा द्वारा भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय सचिव मनजिंदर सिरसा का भव्य स्वागत किया गया। मनजिंदर सिरसा का प्रवास आगरा भाजपा प्रत्याशी एस पी सिंह बघेल के लिए आगरा दौरा हुआ है। इस अवसर पर मनजिंदर सिरसा ने कहा की भाजपा ने सिखो की विरासत और इतिहास को सवारने का कार्य किया है इसके बाद उनका आगरा के माई थान गुरूद्वारा में उनका कार्यक्रम सिख समाज के बीच होगा। इस मौके पर भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा ब्रज क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष गुरुप्रीत सिंह, क्षेत्रीय महामंत्री बंटी ग्रोवर , क्षेत्रीय सह संयोजक भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा ब्रज क्षेत्र सचिन जैन, जिला मंत्री मनमोहन सिंह, मनप्रीत सिंह, बलबीर सिंह, प्रिंस, कवलदीप सिंह, महेंद्र पाल सिंह, बॉबी बेदी और समस्त भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।

### यूरो एकेडमी के बच्चों ने पोस्टर बनाकर दिया मतदान जागरूकता का संदेश



**सिरसागंज-** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के तत्वावधान में यूरो एकेडमी, सिरसागंज में विद्यालय के निदेशक प्रदीप जादौन व जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में मतदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मतदान का संदेश प्रदान करते हुए जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन ने विद्यार्थियों को बताया कि हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हैं। हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करते हैं। उन्होंने सभी को जागरूक करते हुए बताया कि लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व मतदान एवं लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति मत है। यह लोकतंत्र का पर्व, देश का पर्व है, मतदान अवश्य करें। प्रत्येक मत महत्वपूर्ण है, इसलिए कोई भी मत छूटना नहीं चाहिए। उन्होंने बच्चों के पोस्टरों की प्रशंसा करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के निदेशक प्रदीप जादौन ने सभी बच्चों को अपने माता पिता, रिश्तेदारों, ग्रामवासी, नगरवासियों को दिनाँक 07 मई 2024 को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया एवं जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बच्चों के साथ रिचा जादौन, ब्रजराज सिंह भदौरिया, निकिता अग्रवाल, डॉ कप्तान सिंह, ईशा सैंगर एवं समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# बीएल शर्मा 'प्रेम' की बेटी निवेदिता प्रेम भी उत्तर पूर्वी लोकसभा सीट से(आरजेपी) से चुनाव लड सकती है

स्वतंत्र प्रभात

**दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली से दो बार के सांसद रहे बैकुंठ लाल शर्मा 'प्रेम'(बीएल शर्मा) की बेटी निवेदिता शर्मा 'प्रेम' भी उत्तर पूर्वी दिल्ली से लोकसभा का चुनाव लड सकती है। निवेदिता शर्मा ने (राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी) सत्य को जॉइन कर लिया है।और अब वह इसी पार्टी के झंडे तले बीजेपी के मनोज तिवारी और कांग्रेस के कन्हैया कुमार के सामने अपनी राजनीतिक पारी के तहत डटने की तैयारी में है। निवेदिता ने चुनाव प्रचार के तहत पोस्टर बैनर समेत डोर टू डोर कैंपेन भी शुरू कर दिया है। इस संवाददाता द्वारा पूछे जाने पर कि आप तो बीजेपी में है,तो फिर आप (राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी) सत्य से कैसे लड सकती है?क्या आपने बीजेपी से इस्तीफा दे दिया है? इस पर उन्होंने तपाक से कहा कि मुझसे जब भी बीजेपी से इस्तीफा मांगा जाएगा ,तो मैं तुरंत इस्तीफा दे दूंगी। आप तो बीजेपी के प्रत्यक्षी मनोज तिवारी के ही खिलाफ खडी हैं। ये तो पार्टी से बगावत माना जाएगा। इस पर निवेदिता ने बेलाग साफ कहा कि मेरी मनोज तिवारी से बात हो गई है। उन्हें मालूम है। आप राजनीति पारी की शुरूआत पार्षद या विधायक की जगह सीधे सांसद का ही क्यों चुनाव लड रही है? वोटरों तक पहचान बनाने के लिए नीचे से शुरूआत होनी चाहिए। इस पर उन्होंने तपाक से कहा कि सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी स्वराज भी तो सिर्फ छह महीने पहले बीजेपी में आई है। उन्हें भी तो पार्टी ने




सीधे नई दिल्ली से सांसद के लिए टिकट दे दिया है।लेकिन बीजेपी ने मेरे पिताजी द्वारा पार्टी की सेवा को बिल्कुल नजरअंदाज कर उनके परिवार को एकदम लावारिस छोड दिया है। बता दें कि बैकुंठ लाल शर्मा 'प्रेम' ने पहली बार 1996 में पूर्वी दिल्ली में कांग्रेस के बेताज बादशाह कहलाने वाले एचकेएल भगत को हरा कर सबको हैरान कर दिया था। किसी जमाने में इंदिरा गांधी के दायना हाथ में शुमार हर कृष्ण लाल भगत को धूल चटा दी थी।इसके बाद 11वीं लोकसभा साल 2009 में फिर दोबारा बी एल शर्मा प्रेम ने यहीं से जीत दर्ज की थी। उल्लेखनीय है कि बी एल शर्मा प्रेम विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री,कुशल संगठक, अखंड - हिन्दुस्तान मोर्चा के संस्थापक थे। उन्होने अमृत छकने के बाद सिख धर्म को अपना लिया और अपना नाम शेर सिंह रख लिया था। उनको बैकुंठ लाल शर्मा प्रेम %शेर सिंह के नाम से जाना जाता था। आज निवेदिता शर्मा के पिता बी एल शर्मा प्रेम सिंह शेर और माता का निधन हो चुका है। निवेदिता ने बताया कि उनकी माता का देहात हुए 13 महीने बीत चुके हैं,लेकिन, माता की पेंशन आज तक नहीं बनी है। वह स्कूल में टीचर के पद पर कार्यरत थी। निवेदिता के मुताबिक उन्होंने पेंशन को लेकर दिल्ली सरकार के बडे अधिकारियों से लेकर बीजेपी के भी अधिकारियों को भी कई पत्र लिख चुकी है। बावजूद इसके आज तक पेंशन नहीं लगी है।इससे लगता है कि मुझे आज पार्टी द्वारा लावारिस की तरह ट्रीट किया जा रहा है। इससे मुझे मानसिक रूप से बेहद दुख पहुंचा है। बीजेपी दवारा लगातार अनदेखा किए जाने से खफा होकर निवेदिता शर्मा ने भी उत्तर पूर्वी दिल्ली से लोकसभा का चुनाव लडने का फैंसला कर लिया है। बता दें कि (राष्ट्रवादी जनलोकपाल पार्टी-सत्य) के राष्ट्रीय संयोजक शेर सिंह राणा है।(फूलन देवी के पति) वहीं पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सत्यपाल सिंह सिसोदिया हैं।

### दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी अनुसूचित लड़की के साथ ग्राम पंचायत बैकुंठपुर उर्फ बोदवार निवासी वांछित महेंद्र यादव पुत्र भगवती द्वारा दुष्कर्म का प्रयास किया गया था। पुलिस ने लड़की के परिजनों के तहरीर के आधार पर धारा 376, 506,458 आईपीसी व 3 (2) 5 ए एससी-एसटी पास्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी के खोजबीन में जुटी हुई थी। पुलिस ने सोमवार को मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के महदेइया टोला डगरपुरवा मोड़ से उक्त धाराओं में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर कागजी कार्यवाही के बाद जेल भेज दिया। इस दौरान उपनिरीक्षक कमलेश यादव, रामकिलिश यादव, हेड कांस्टेबल नरसिंह सिंह आदि मौजूद रहे। प्रभारी थानाध्यक्ष अमित सिंह ने बताया कि दुष्कर्म व एससी-एसटी पास्को एक्ट के धाराओं में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

# भू- माफिया के चंगुल में फंसकर सब कुछ लौटा दिया सिलापथार के एक गरीब परिवार

**● संवादमाध्यम से न्याय की मांग की पीड़ित राम संकर राम के परिवार।**

स्वतंत्र प्रभात

**असम धेमाजी जिले से खास रिपोर्ट - 29 अप्रैल।** राज्य में भु माफिया के खिलाफ सरकार सख्त कदम उठाए है हालांकि कुछ जमीन माफियाओं ने आज भी अपना काम जारी रखे हुए हैं। जबकि कई को गिरफ्तार भी किया जा चुका है। हालही में सिलापथार में ऐसे ही एक घटना सामने आई है। सिसिबरगांव राजा चक्र अंतर्गत मालिनीपुर पंचायत के फूलबाड़ी गांव के राम शंकर राम के परिवार ने एक बड़ा खुलासा करते हुए भु माफियाओं के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए है। दीन हजीरा कर अपने परिवार के जीवन निर्वाह कर रही हैं। पिछले चालीस साल से यहीं रह रहे हैं।



अपने घर के जमीन के साथ फूलबाड़ी लाट के प्लॉट नंबर 267 के अधीन 12 बीघे जमीन जंगल काटकर निकली थी।

कुछ साल पहले ग्राम प्रधान केवल प्रधान, रघु दत्ता और अनिल बसुमतारी नाम के तीन लोग उनके घर आये और 12 बीघे जमीन पट्टा कर देनेकी झूठे अस्वाशन देकर हस्ताक्षर के साथ नगद राशि 18 हज़ार रुपए भी लिया। बाद में साजिश कर बड़ी रकम के हेराफेरी के भिज बिहार में बसी राम शंकर राम के भाई राम जी राम, मुन्ना राम और शिवजी राम के नाम पर 9 बीघे जमीन नामजारी करा दिया। इतना ही नहीं, राम शंकर राम और राम चुरत हरिजन के



कब्जे में रहा प्लॉट नंबर 484 और 20 बीघे जमीन भी तीनो भाईओ ने अपने अपने नाम पर कर ली।। हालांकि तमाम बातों के पीछे वंचित रामशंकर ने प्रशासन के पास मदद के लिए गुहार लगाई थी। लेकिन लम्बे समय से कोर्ट के चक्कर काटकर आर्थिक एवं मानसिक रूप से परीशान राम शंकर के परिवार को कोई लाभ नहीं मिल सका। आज सबकुछ रहते हुए भी कुछ नही है आपने नाम पर। निरुपाय परिवार ने मीडिया के जरिए प्रशासन से जमीन दलालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और परिवारों को न्याय दिलाने का आह्वान किया है।

# ऋषिकेश धार्मिक पर्यटक स्थल बना गोवा-बैंकॉक

स्वतंत्र प्रभात

**ऋषिकेश।** नंग धडंग विदेशी पर्यटकों ने उत्तराखंड देवभूमि ऋषिकेश को वैंकॉक- गोवा बना दिया है। लोकल लोगों का आरोप है कि अधिकतर विदेशी लोग यहां पर नशा और एडवेंचर्स पार्टी करने के लिए पहुंचते है।जबकि बहुत कम लोग धार्मिक अनुष्ठान की भावना के साथ आते हैं। धार्मिक लोग यहां अपने धार्मिक श्रद्धा भावनाओ के साथ मां गंगा का आशीर्वाद लेने आते है। लेकिन पिछले कुछ सालों से ऋषिकेश एक टूरिस्ट प्लेस के तौर पर देश ही नहीं पूरी दुनियां में छा गया है।लोग अब यहां नशा और एडवेंचर करने के लिए इक्कठा होते है।जिससे यहां का माहौल खराब हो रहा है। सोशल मीडिया में भी इन नंग धडंग विदेशी लोगों को वायरल किया जा रहा है। देवभूमि से ऐसी वायरल फोटो विडियो से यहां के मूल निवासियों में खासा रोष है। उन्होने ऐसी स्थिति पर चिंता जताई है।दरअसल वायरल तस्वीरों और विडियो में कुछ विदेशी लोग कम कपडों में अश्लील तरीके से मां गंगा नदी में नहाते दिखाई दे रहे हैं। विदेशी महिलाए बिकीनी पहने हुई है और शार्ट पहने हुए रहते हैं। सभी गंगा किनारे मौज मस्ती और स्नान करते दिखाई देते है। इससे यहां की पवित्रता और धार्मिक भावनाओ को ठेस पहुंच रही है।यहां पहुंचने वाले धार्मिक श्रद्धालु खासी बेचैनी और नाराजगी व्यक्त कर



रहे हैं। देवभूमि भारत के साथ इस तरह से खिलवाड बेहद निंदनीय है। नाराज ,श्रद्धालुओ ने उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी से पवित्र गंगा को गोवा-बैंकाक बीच में तब्दील होने से बचाने के खातिर विदेशी पर्यटकों को तत्काल यहां के लिए गाइड लाइन तैयार करने की मांग तक कर डाली है।

# किसी भी तरह के माहौल से कैसे निकालें अपने काम की चीज, सीखें आमिर खान से

**● जिंदगी के दर्द वाले हिस्सों से भी काम की चीजें निकाल लेते हैं आमिर खान. राह चलते किसी को देखकर भी कुछ न कुछ सीख लेते हैं वो. उनकी ये क्वालिटी आपको बहुत कुछ सिखा जाएगी.**

स्वतंत्र प्रभात

'कॉलेज गेट के इस तरफ हम लाइफ को अपनी उंगलियों में नचाते हैं...ढिम लक लक ते ढिम लक लक और कॉलेज गेट के उस तरफ लाइफ हमें अपनी उंगलियों पर नचाती है...ढिम लक लक ते ढिम लक लक'. 'रंग दे बसंती' बॉलीवुड की अब तक की बनी सबसे बेहतरीन फिल्मों में से एक है. लेकिन पहली लाइन में लिखे सिर्फ इस डायलॉग के लिए ये फिल्म देखी जा सकती है.

फिल्म के कैरेक्टर डीजे ने जब ये डायलॉग्स बोले तो हर उस जरूरी इमोशन का ख्याल रखा जो इस डायलॉग को सिर्फ डायलॉग तक ही सीमित नहीं रहने देता. इसे विस्तार देते हुए पूरी जिंदगी का सच दिखाता आईना बना देता है. उस डीजे वाले कैरेक्टर में एक बात थी. उस कैरेक्टर को देखते समय लगता है कि उसकी वो खास बात सिर्फ आमिर खान ही पूरी कर सकते थे. इस डायलॉग को और कोई दूसरा एक्टर जस्टिफाई शायद ही कर पाता.

आमिर खान अपने कैरेक्टर्स पर कितनी मेहनत करते हैं? इस सवाल से ज्यादा जरूरी है ये सवाल कि वो ये मेहनत कैसे करते हैं? वो ऐसा क्या करते हैं जो उन्हें बाकी दूसरे एक्टर्स से अलग बना देता है? उनके मेहनत करने का यही तरीका आपको मोटिवेशन देने के लिए काफी है कि आप अपने काम को अपनी लाइफ को कैसे बेहतर से बेहतरीन की ओर ले जा सकते हैं.

**नेगेटिव चीजों को भी पॉजिटव कैसे लेना है आमिर से सीखें**

आमिर ने कपिल शर्मा शो में आकर अपनी जर्नी के बारे में बात की. इसमें उन्होंने बताया कि कैसे उन्हें एक्टर नहीं बनना था लेकिन वो एक्टर बन गए. उन्होंने ऐसी-ऐसी बातें बताई जिन्हें सुनकर हल्के-फुल्के मूड में अगर आप ध्यान नहीं दें, तो बातें आपको सिर्फ हंसाने तक ही सीमित रखेंगी. लेकिन जरा सा भी उन बातों का अक्स निकालेंगे तो आपके मुंह से 'ओ तेरी' जरूर निकल जाएगा, क्योंकि उनमें आमिर खान नहीं गुरू आमिर खान झलकते हैं जो बहुत कुछ सिखा जाते हैं.

आमिर खान ने बताया कि उन्होंने थिएटर में छोटे से रोल का रिहर्सल करना शुरू कर दिया. लेकिन एक दिन 'महाराष्ट्र बंद' की वजह से वो रिहर्सल में नहीं पहुंच पाए और उन्हें उस थिएटर से बाहर निकाल दिया गया. उसी दौरान उनके पास दो लोग आए और बताया कि उन्हें डिप्लोमा फिल्म के लिए एक्टर की जरूरत है, उसी वक्त आमिर खान को वो रोल मिल गया.

उसके बाद एक और डिप्लोमा फिल्म में नजर आने के बाद केतन मेहता की नजर में आ गए आमिर. फिर क्या था उन्हें 'होली' फिल्म के लिए कास्ट कर लिया गया. उन्होंने इस पूरे वाकये को बहुत ही पॉजिटिवली समझाते हुए बताया- 'अगर महाराष्ट्र बंद नहीं होता तो पता नहीं मैं स्टार होता भी या नहीं'.

**आप हर रोज हर चीज से कुछ न कुछ सीख सकते हैं आमिर की तरह**

आमिर ने कुछ ऐसी बातें बताई जो शायद हम सबको गांठ बांध लेनी चाहिए. उन्होंने फिल्म '3 इडियट्स' में अपने रोल के बारे में बताया. उन्होंने बताया कि कैसे 'रैंचो' के किरदार को कालजयी बना दिया.

आमिर कहते हैं, "मेरी उम्र 40 के ऊपर थी और मुझे 20 साल के कॉलेज गोइंग स्टूडेंट का किरदार निभाना था. मैं श्योर नहीं था क्योंकि उम्र की वजह से मैं किसी कम उम्र के लड़के का किरदार निभा भी पाउंगा या नहीं."

आमिर कहते हैं- 'लेकिन डायरेक्टर राजकुमार हीरानी के समझाने के बाद मैं मान गया. मुझे सिर्फ 20 साल का दिखना नहीं था, बल्कि मुझे उसे फील भी करना था तभी ऑडियंस खुद को कनेक्ट कर पाएगी. इसलिए मैंने अपने कजन के टीनएजर बेटे 'पाब्लो' की हरकतें देखीं और वैसा ही खुद भी करने लगा.' आपने फिल्म में रैंचो के किरदार को एनर्जी से भरा हुआ और सारा टाइम हिलते-डुलते देखा होगा? वो सब आमिर ने किसी से सीखा है फिर जिया है.

इसके अलावा, आमिर ने ये भी बताया कि 'सत्यमेव जयते' करते समय वो सैकड़ों लोगों से मिले हैं. उन सबसे सीख के भी उन्होंने अपने कैरेक्टर्स के लिए बहुत सारा माल इकट्ठा कर लिया है.

यहां तक उन्होंने अपनी फिल्म 'गजनी' के डायरेक्टर मुरुगदॉस के बात करने के ब्लंट तरीके को भी अपनी फिल्म '3 इडियट्स' में इस्तेमाल कर लिया. उन्होंने बताया कि रैंचो बिना डरे जो बोल देता था वो क्वालिटी उन्होंने मुरुगदॉस से सीखी है.

**दर्द से भी सीख लेने वाले आमिर**

आमिर खान ने एक और किस्सा सुनाया. उन्होंने बताया कि उनकी एक्स वाइफ रीना दत्ता की डिलीवरी के टाइम पर वो अपनी वाइफ का चेहरा देख रहे थे. और उस असहनीय दर्द को देखकर ये सीख रहे थे



कि इतने खतरनाक दर्द में कैसा एक्सप्रेशन होना चाहिए.

**पीके के रेडियो वाला खास सीन भी आपको सिखा जाएगा**

आमिर बताते हैं कि 'पीके' में बिना कपड़े पहने रेडियो लेकर शूट करना था. शुरुआत में उन्हें शर्म महसूस हुई, लेकिन एक टाइम बाद उनके दिमाग में सिर्फ यही रहा कि कैसे उस सीन को बेहतरीन बनाना है और इसके बाद उनका बिना कपड़े शूट करने वाला पूरा डर खत्म हो गया. फिल्म में आप उस सीन को अब देखेंगे तो शायद आमिर की वो मेहनत आप महसूस कर भी पाएं.

**अलग करने की चाह आमिर को बनाती है सबसे अलग**

आमिर खान धोबी घाट, डेली बेली और पीपली लाइव के अलावा हाल में आई लापता लेडीज से भी जुड़े रहे. ये सारी फिल्में लीक से हटकर बनाई गई हैं. आमिर खान जैसा सुपरस्टारडम वाला एक्टर अगर धोबी घाट जैसी इतनी लो बजट फिल्म में दिख सकता है, तो ये जाहिर है कि वो काम को तवज्जो देते हैं, न कि अपने नाम या स्टारडम को. उनकी यही खासियत उन्हें बाकी एक्टर्स से अलग बनाती है.

आमिर की ये सारी स्पेशल बातें अगर आप बिना किसी संकोच के खुद पर अप्लाई कर लेते हैं, तो ये लाइफ को नया और खुशी भरा अनुभव दे सकती हैं. तो अब आप भी आमिर खान की तरह माहौल से सीखना शुरू कर दीजिए.